जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**Anarkali's Dance Akbar's Rage**

There was a sudden pause in the music and only the sprinkling water splash of the fountains could be heard. Bilas Khan had begun to play the *Raga Megh Malhar* that he had learned from the great master, Tansen.

**Creative Ways To Use Chocolate Chips**




# अन्ततोगत्वा चम्पई सोरेन को झारखंड का मुख्यमंत्री बनाना पड़ा

## भाजपा, झारखंड मुक्ति मोर्चा-कांग्रेस-राजद गठबंधन को तोड़ने में असफल रही तो, राज्यपाल राधाकृष्णन को मजबूरन चम्पई सोरेन को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने का निमंत्रण देना पड़ा

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 फरवरी। हेमन्त सोरेन को तथाकथित मनी लॉडरिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार करने के बाद आज दोपहर दो दिन चंपई सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली।

राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री पद की शपथ का निमंत्रण उस समय भेजा जब भाजपा सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा-कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल के एक भी एम.एल.ए. को तोड़कर अपने खेमे में मिलाने में असफल हो गई, क्योंकि सभी विधायक अपने पार्टी नेतृत्व के साथ चट्टान की तरह अटल खड़े हुए थे।

- हेमन्त सोरेन के झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने और गिरफ्तारी के तुरंत बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा ने चम्पई सोरेन को अपना नेता चुना लिया था।
- पूर्ण बहुमत का दावा करने और प्रमाण पेश करने के बाद भी राज्यपाल ने दो दिन तक चम्पई को मुख्यमंत्री नियुक्त नहीं किया था।
- राजनैतिक हल्कों में चर्चा थी कि, इस दौरान भाजपा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद के विधायकों को तोड़ने की भारी कोशिश की।
- भाजपा की केन्द्रीय सरकार ने राष्ट्रपति शासन लगाने के विकल्प पर भी विचार किया, पर राज्यपाल इसके लिए कोई मजबूत आधार पेश नहीं कर सके।

राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की केन्द्र सरकार की योजना भी सफल नहीं हो पाई, क्योंकि राज्यपाल को ऐसा कोई तर्क संगत सार्थक आधार नजर नहीं आया कि, वो केन्द्र को राष्ट्रपति शासन के लिए रिपोर्ट प्रेषित करते।

हालांकि नवगठित सरकार को अगले 10 दिनों में विधानसभा के अंदर अपना बहुमत सिद्ध करना होगा परन्तु जे.एम.एम. के नेतृत्व वाले गठबंधन के नेताओं ने सामुहिक रूप से निर्णय लिया है कि वे 5 फरवरी को सदन के अंदर बहुमत सिद्ध करेंगे।

67 वर्षीय चंपई सोरेन के समर्थन में 43 एम.एल.ए. हैं। ये सभी विधायक सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा-कांग्रेस-राष्ट्रीय जनता दल गठबंधन के है। उपरोक्त में से कांग्रेस और राजद के एक-एक विधायक ने भी चंपई के साथ शपथ ग्रहण की।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# जस्टिस एम.एम. श्रीवास्तव राजस्थान हाई कोर्ट के नए चीफ जस्टिस



जस्टिस एम.एम. श्रीवास्तव

जयपुर, 2 फरवरी (का.सं.)। केन्द्र सरकार के विधि व न्याय विभाग ने शुक्रवार को एक आदेश जारी कर जस्टिस एम.एम. श्रीवास्तव को राजस्थान हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस (सी.जे.) पद पर नियुक्त किया है। इसी के साथ, राजस्थान हाईकोर्ट के वरिष्ठतम जस्टिस विजय विश्नोई को गोहाटी हाईकोर्ट व जस्टिस अरुण भंसाली को इलाहाबाद हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त किया है।

चीफ जस्टिस ऑफ इण्डिया डी.वाय. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले कोलीजियम ने दिसंबर महीने में सी.जे. पद पर नियुक्ति के लिए जस्टिस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'अमेरिका संरक्षणवाद से आगे बढ़ा है और अब हमें लैक्चर दे रहा है'

## नीति आयोग के पूर्व चेयरमैन ने अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी के बयान की कड़ी आलोचना की

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 फरवरी। नीति आयोग के पूर्व सी.ई.ओ. एवं भारत सरकार के जी-20 "शेरपा" अमिताभ कांत ने भारत सरकार के लिए अमेरिकी राजदूत एरिक गारसैटी के इस नुस्खे को खारिज करते हैं कि भारत को अपनी "आत्म निर्भर" नीति को उदार बनाना चाहिए।

कांत ने आज जयपुर में कहा कि "अमेरिका और यूरोपीयन यूनियन के देशों सहित सभी देश संरक्षणवाद के आधार फले-फूले हैं। ये वे देश हैं जो कुल कार्बन उत्सर्जन के 90 प्रतिशत के लिए जिम्मेवार हैं, और अब ये जलवायु परिवर्तन के नाम पर हमें उपदेश दे रहे हैं। हम अमेरिका द्वारा की जा रही आलोचना से चिन्तित नहीं हैं और ना ही हमें उसकी सलाह की जरूरत है।"

- जयपुर लिटरेचर फैस्टिवल में अपनी नई किताब, "द एलिफैंट मूव्ज़ः इंडियाज़ न्यू प्लेस इन द वर्ल्ड" पर बोलते हुए अमिताभ कांत ने गार्सेटी के बयान पर निशाना साधा और कहा कि, भारत गार्सेटी जैसे लोगों की आलोचना की परवाह नहीं करता है।
- गार्सेटी ने जयपुर लिटरेचर फैस्टिवल में ही एक पैनल चर्चा में भारत की "आत्मनिर्भर" पॉलिसी को उदार बनाने और निवेश नीति, निर्यात एवं कर प्रणाली में बदलाव करने की मांग की थी।

जयपुर लिटरेचर फैस्टिवल में अपनी पुस्तक "द एलीफैन्ट मूव्ज़ इण्डियाज़ न्यू पलेस इन द वर्ल्ड" पर आयोजित एक कार्यक्रम में कांत ने कहा कि टैक्स स्ट्रक्चर में सुधार एक सतत प्रक्रिया है, लेकिन इस मामले में गारसैटी जैसे लोगों की आलोचना से भारत चिन्तित नहीं है।"

गारसैटी ने हाल ही में, भारत की निवेश नीति, बौद्धिक सम्पदा अधिकारों, निर्यात व कर व्यवस्था में बदलाव करने का आव्हान किया था। उन्होंने जयपुर लिटरेचर फैस्टिवल के दूसरे दिन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# वरिष्ठ आई.ए.एस. शिखर अग्रवाल मु.मंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव बने

## उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा समेत कई मंत्रियों को विशिष्ट सहायक मिले

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 2 जनवरी। राज्य सरकार ने शुक्रवार देर रात आदेश जारी कर वरिष्ठ आई.ए.एस. शिखर अग्रवाल को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का अतिरिक्त मुख्य सचिव बना दिया है। अग्रवाल वर्तमान में वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव पद पर लगे हुए थे। इसके साथ ही आई.ए.एस. नलिनी कठोतिया को अल्पसंख्यक मामलात विभाग जयपुर में निदेशक के पद पर लगाया गया है। पिछले दिनों मुख्य सचिव सुधांश पंत ने जयपुर विकास प्राधिकरण में औचक निरीक्षण के दौरान उन्हें ए.पी.ओ. किया था।

इसके साथ ही राज्य सरकार ने अन्य आदेश जारी कर 10 आर.ए.एस.

- राज्य सरकार ने 5 आर.ए.एस. अधिकारियों को ए.पी. ओ. भी किया।

अधिकारियों का तबादला किया है, जिनमें से अधिकांश की नियुक्ति उपमुख्यमंत्री व मंत्रियों के विशिष्ट सहायक के तौर पर की गई है। इसी आदेश में 5 आर.ए.एस. अधिकारियों को ए.पी.ओ. (पदस्थापन आदेशों की प्रतीक्षा में) भी किया गया है। आदेश के मुताबिक जसवंत सिंह और विवेक कुमार को मुख्यमंत्री का संयुक्त सचिव तथा मनोज कुमार को मुख्यमंत्री का उप सचिव बनाया गया है। इसके अलावा जगवीर सिंह को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का विशिष्ट सहायक बनाया गया है। आर.ए.एस. उम्मेद सिंह को उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़ का तथा राजेन्द्र सिंह राठौड़ को उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा का विशिष्ट सहायक बनाया गया है। आर.ए.एस. कालूराम को ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर का विशिष्ट सहायक, भगवत सिंह को जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का विशिष्ट सहायक, संजय कुमार को कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा का विशिष्ट सहायक, बलवंत सिंह लिग्री को चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर का विशिष्ट सहायक लगाया गया है।

राज्य सरकार ने आर.ए.एस.

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राहुल गांधी की यात्रा झारखंड पहुंची, 13 जिलों में जायेगी

रांची, 02 फरवरी। राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही न्याय यात्रा आज बंगाल से निकलकर नसीपुर मोड़ होते हुए झारखंड में प्रवेश कर गई।

नसीपुर मोड़ पर पश्चिम बंगाल कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर को ध्वज हस्तांतरण कर झारखंड में यात्रा का शुभारंभ कराया, इसके साथ ही झारखंड में 13 जिलों से गुजर कर

- झारखंड में पहली जनसभा को नये मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने भी संबोधित किया।

804 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली न्याय यात्रा की औपचारिक शुरुआत झारखंड में हो गई।

नासीपुर मोड़ में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, 1 साल पूर्व हमने भारत जोड़ो यात्रा की थी उस दौरान हम जिन

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'तमिल सुपरस्टार की राजनीति में एंट्री भाजपा का गेम प्लान हो सकता है'

## राजनैतिक विश्लेषक प्रो. रामू मणिवन्नन ने यह भी कहा कि, भाजपा ने ही विजय की "टैस्ट लांचिंग" की है, उनका प्रभाव देखने के लिए

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 फरवरी। दक्षिण भारतीय या कहें कि तमिल सुपर स्टार विजय ने शुक्रवार को राज्य में क्षेत्रीय राजनीतिक दल के गठन की घोषणा के बाद, राजनीति में प्रवेश कर लिया है। इस संबंध में पूर्व कई खबरे आई थीं।

राजनीतिक पर्यवेक्षकों और विश्लेषकों ने अभिनेता विजय द्वारा घोषित राजनीतिक पार्टी "तमिझागा वेत्रि कषघम' के नाम में "द्रविड़" न होने पर ध्यान दिया। विजय, जो कि एक "सुपर स्टार" हैं तथा युवाओं के मध्य बहुत लोकप्रिय हैं। राजनीतिक पर्यवेक्षकों को उनसे इस कदम की आशा थी, इसलिए उन्हें कोई आश्चर्य नहीं हुआ। दिलचस्प बात यह है कि वो दोनों द्रविड़ पार्टियों पर निशाना साध सकते हैं और अंततः भाजपा को लाभ पहुंचा सकते हैं जो तमिलनाडु में अपनी स्थिति मजबूत करने की पूरी कोशिश कर रही है ताकि राज्य की राजनीति में बदलाव ला सके।

राजनीतिक विश्लेषक प्रोफेसर रामू मणिवन्नन ने राष्ट्रदूत से कहा कि वह "भाजपा का खेल" खेल रहे हैं और वास्तव में भाजपा ने ही उनको "टैस्ट लांच" किया है ताकि यह पता चल सके कि, वह कैसा प्रदर्शन करते हैं। फिल्म अभिनेता ने अपनी पार्टी के गठन की घोषणा करते हुए एक प्रैस विज्ञप्ति में घोषणा की कि, उनका दल लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगा, अपितु हम वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों में द्रमुक को हटाना चाहते हैं।

- विजय की पार्टी, तमिझागा वेत्रि कषघम को राज्य की दोनों प्रमुख द्रविड़ पार्टियों, द्रमुक और अन्नाद्रमुक का विरोधी बताया जा रहा है और इससे भाजपा को फायदा होने की संभावना जताई जा रही है।
- विजय ने भी पार्टी के गठन की घोषणा करते हुए पत्रकारों को बताया कि, उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेगी बल्कि उनका लक्ष्य वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में द्रमुक को हटाना है।

प्रोफेसर मणिवन्नन ने कहा कि, "वर्तमान में विजय, रजनीकांत और कमल हासन की तुलना में कहीं अधिक महत्वाकांक्षी प्रतीत हो रहे हैं तथा रणनीतिक तरीके से अपने दल का गठन कर रहे हैं।" लेकिन विजय की संभावित सफलता के बारे में प्रोफेसर ने संदेह व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एक तो वह लोकसभा चुनाव में महत्वपूर्ण कारक नहीं होंगे, और हो सकता है, लगभग तीन साल बाद होने वाले विधानसभा चुनावों में भी कोई विशेष प्रभाव न डाल पाएं।

यद्यपि, उनके पूर्व के दो सुपर स्टार, रजनीकांत और कमल हासन की तुलना में उनके राजनीति में प्रवेश के समय में एक बुनियादी अंतर है। रजनीकांत और कमल हासन ने अपने "फिल्मी करियर" के अंतिम पड़ाव के समय राजनीति में प्रवेश किया था और उस

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव को एग्ज़ामिन करेगा सुप्रीम कोर्ट

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 फरवरी। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने, आम आदमी पार्षद कुलदीप कुमार की याचिका पर विचार करने के लिए अपनी सहमति दे दी। याचिका में चंडीगढ़ के महापौर के

- सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के पार्षद कुलदीप कुमार की याचिका स्वीकार की, जिसमें मेयर के लिए नए चुनाव कराने की मांग की गई है।

चुनाव नए सिरे से करवाने की मांग की गई है। पंजाब म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन में पार्षद तथा महापौर पद के उम्मीदवार कुलदीप कुमार ने पंजाब एण्ड हरियाणा हाईकोर्ट के उस निर्णय को चुनौती दी है जिसमें अदालत ने महापौर चुनाव के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तृणमूल के साथ गठबंधन की उम्मीद में ममता बनर्जी की चापलूसी में जुटी है कांग्रेस

## पार्टी प्रवक्ता जयराम रमेश ने तो प्रदेश कांग्रेस नेताओं की नाराजगी की अनदेखी तक करने को कह दिया है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 फरवरी। कांग्रेस हाईकमान ममता बनर्जी की चापलूसी कर रहा है क्योंकि वे उसे लगातार परेशानी में डाल रही हैं और यहां तक कि, व्यक्तिगत प्रहार भी कर रही हैं।

अगले लोकसभा चुनावों से पूर्व कांग्रेस पार्टी की मायूसी का अंदाजा बंगाल में ममता बनर्जी की तिकड़मों पर पार्टी की बड़ी हस्तियों द्वारा दी गई प्रतिक्रियाओं से लगता है।

ममता बनर्जी आगामी लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के साथ सीट शेयरिंग समझौते को लगातार टाल रही हैं और पार्टी के नेताओं के नाम लेकर आलोचना कर रही हैं, लेकिन इसके बावजूद कांग्रेस उनकी चापलूसी में लगी है। ममता ने कांग्रेस के साथ सीट शेयरिंग समझौता करने से इंकार कर दिया है और बंगाल में तो वे वामपंथियों के साथ कोई भी समझौता नहीं करना चाहतीं।

तृणमूल कांग्रेस के शरारती तत्वों ने बंगाल में राहुल गांधी की न्याय यात्रा के मार्गों पर बाधाएं डालीं और कुछ मामलों में तो व्यक्ति विशेष पर केन्द्रित हमले किए गए। राहुल गांधी जिस कार में सवार थे, उसके पीछे का शीशा तोड़ा गया।

बंगाल में जब राहुल गांधी की न्याय यात्रा चल रही थी, तब ममता बनर्जी ने बंगाल के उत्तरी जिलों के अपने दौरे की घोषणा की और ममता का यह दौरा राहुल गांधी की यात्रा मार्गों से लगे हुए क्षेत्रों का था।

राहुल गांधी की यात्रा में भाग ले रहे लोगों को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने हर संभव चालें चलने की कोशिश की। उन्हें सरकार के स्थानीय सर्किट हाउसों में रहने से मना कर दिया गया और पार्टी के प्रमुख लोगों को अस्थायी टैन्टों में रात गुजारनी पड़ी।

- केन्द्रीय नेतृत्व के इस रूख से कांग्रेस के स्थानीय कार्यकर्ता बेहद हताश और उत्तेजित हैं।
- ममता बनर्जी ने कई बार स्पष्ट कर दिया है कि, उनकी पार्टी बंगाल की सभी 42 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यही नहीं, वे कांग्रेस व इसके नेताओं की खिल्ली भी उड़ा रही हैं।
- राहुल गांधी की न्याय यात्रा की खिल्ली उड़ाते हुए उन्होंने एक बार फिर राहुल गांधी को प्रवासी पक्षी की संज्ञा दी।

सबसे बड़ी बात यह है कि, ममता बनर्जी ने राहुल गांधी को कोयल जैसे, एक ऐसे "प्रवासी पक्षी" की संज्ञा दी जो चुनाव नज़दीक आते ही आ जाता है। ममता ने अपने समर्थकों की एक रैली को संबोधित करते हुए सवाल किया कि, वे किसे चुनेंगे एक प्रवासी पक्षी को या 365 दिनों तक साथ देने वाले को। उन्होंने राहुल की बातों की तुलना एक पक्षी की आवाज की नकल उतारकर करते हुए उनका मज़ाक भी बनाया।

इस तरह के सार्वजनिक अपमानों के बावजूद राहुल गांधी ने कहा कि, ममता बनर्जी और उनकी पार्टी के साथ कुछ सीटों की शेयरिंग को लेकर समझौता मुमकिन है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि, सभी मुद्दों का समाधान कर लिया जाएगा। लेकिन जमीनी स्तर पर कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी आलाकमान की बात से सहमत नहीं हैं। वे तृणमूल कांग्रेस के साथ किसी भी तरह का गठजोड़ नहीं करने पर जोर दे रहे हैं।

पश्चिम बंगाल के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने प्रतिद्वंदी तृणमूल कांग्रेस की कड़ी भर्त्सना करते हुए उस पर रहुल की कार की पिछली विंड शील्ड तोड़ने का आरोप लगाया। तथापि, कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश इस प्रकरण को बिल्कुल भी गंभीरता से ना लेकर यहां तक सहमत हो गए कि, कार की स्क्रीन पड़ोसी राज्य बिहार में तोड़ी गई, ना कि बंगाल में।

कांग्रेस की प्रमुख हस्तियों की इस प्रतिक्रिया ने पार्टी के स्थानीय समर्थकों को आक्रोशित कर दिया है, क्योंकि जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने ही तृणमूल समर्थकों के भारी हमले झेले हैं।

कांग्रेस के ज़मीनी कार्यकर्ता तृणमूल के गुण्डों से निरंतर भयभीत रहते आए हैं और कुछ की तो हत्याएं भी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मुख्यमंत्री आज जोधपुर में

जोधपुर, 2 फरवरी (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 3 फरवरी, शनिवार, को जोधपुर यात्रा पर रहेंगे तथा अनेक कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री शर्मा शनिवार प्रातः 10.15 बजे विशेष विमान से जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। उसके बाद प्रातः 10.30 बजे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान जोधपुर के चौथे दीक्षांत समारोह में भाग लेंगे।

इसी समारोह में वे वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग के माध्यम से विभिन्न कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास भी करेंगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दोपहर 2.10 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में संभागस्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगे। इसके पश्चात अपराह्न 3.10 बजे स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा सांय 4.15 बजे विशेष विमान से जोधपुर एयरपोर्ट से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## विचार बिन्दु

त्याग यह नहीं कि मोटे और खुरदरे वस्त्र पहन लिए जायें और सूखी रोटी खायी जाये, त्याग तो यह है कि अपनी इच्छा अभिलाषा और तृष्णा को जीता जाये। –सुफियान सौरी

# मुख्यमंत्री ने विधानसभा में दिया परिपक्व राजनेता का संदेश

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राज्यपाल के अभिभाषण पर जबाव देते हुए जिस तरह से अपनी सरकार का विजन बताया है उससे साफ हो गया है कि सरकार तुष्टीकरण से नहीं अपितु कानून कायदों के अनुसार चलाई जाएगी। अपने आप को किसान पुत्र बताते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल ने सामाजिक सुरक्षा पर बल दिया है। चार बड़ी घोषणाओं में पीएम सम्मान निधि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन व गेहूं की सरकारी खरीद पर बोनस देने और पाक विस्थापितों के लिए अलग से योजना लाने की बात कही है। राज्यपाल के अभिभाष्ण पर सधा हुआ, एक मंजे हुए राजनेता जैसे तेवर के साथ दो घंटे 8 मिनट के जबाव में भजन लाल शर्मा ने यह संदेश दे दिया कि उन्हें कमतर नहीं आंका जाए। अपनी घोषणाओं में उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि योजना में अब किसानों को 6 हजार के स्थान पर 8 हजार रु. सालाना मिलने, किसानों से गेहूं की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद पर राज्य सरकार की और से 125 रु. प्रति क्विंटल बोनस देने और सामाजिक सुरक्षा पेंशन 1000 के स्थान पर 1150 रु. करने की घोषणा कर वित्तीय संकट के बावजूद राज्य सरकार की किसानों, गरीबों के प्रति चिंता और प्राथमिकता को स्पष्ट कर दिया है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा अभिभाषण का जबाव देने के दौरान एक परिपक्व राजनेता जैसे तेवर दिखाते हुए पूर्व सरकार को तीखे शब्दों में कानून व्यवस्था, महिला अत्याचार, पेपरलीक सहित सभी बिन्दुओं पर आईना भी दिखाते नजर आयें।

विपक्ष की तो छोड़ों सत्ता पक्ष के सदस्यों ने मुख्यमंत्री भजन लाल के सदन में इस तरह सधा हुआ और विपक्ष पर तीखे तेवर दिखाते संबोधन की कल्पना नहीं की थी। पर जिस तरह से मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में तेवर दिखाये हैं वह सरकार की इच्छा शक्ति और एजेंडा को भी दर्शाता है। यह भी साफ हो गया है कि राज्य सरकार अपने चुनावी कमिटमेंट पर गंभीर है और क्रियान्वयन की दिशा में कदम बढ़ा दिये हैं। उन्होंने एक अनुभवी राजनेता की तरह पूर्व सरकार पर एक पर एक निशाने साधे और कठघरें में खड़ा करने में सफल रहे। उन्होंने भ्रष्टाचार पर जीरों टालरेंस का संदेश साफ साफ दे दिया, वहीं दबाव की राजनीति के स्थान पर कानून कायदों से सरकार संचालन का स्पष्ट संदेश दे दिया। साफ है सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है यह दर्शा दिया गया है। सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी की गॉरंटियों पर क्रियान्वयन की दिशा में कदम बढ़ाना शुरु कर दिया है। सरकार के आने वाले लेखानुदान प्रस्तावों में भी गॉरंटियों पर अमल की झलक दिखाई दे जाएगी। विपक्ष के परची की सरकार का जिस तरीके से सदन में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जबाव दिया है उससे विपक्ष को भी अब समझ लेना होगा कि वे जितना आसान समझ रहे थे वैसा सदन में होने वाला नहीं हैं।

**सही मायने में विश्लेषण किया जाये तो पहली बार विधायक बनने और फिर सीधे मुख्यमंत्री के गरिमामय पद को संभाल कर जिस तरह की परिपक्वता का परिचय विधान सभा के पहले ही सत्र और उसमें भी राज्यपाल के अभिभाषण का जबाव देते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने विपक्ष की एक-एक बात का उत्तर दिया है, सरकार के एजेंडा को रखा है उससे यह साफ हो गया है कि मुख्यमंत्री आने वाले समय में प्रशासन की कसावट से लेकर जनहितकारी एजेंडा को मूर्त रुप देने में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं करेंगे।**

एक बात और साफ कर दी है कि पूर्व सरकार के जो मुद्दे खासतौर से प्रदेश में अपराधियों के बढ़ते हौसले, रेप की घटनाएं, परीक्षाओं के पेपर लीक, चयन संस्थाओं की विश्वसनीयता पर उठते सवाल और भ्रष्टाचार की खुली छूट पर लगाम कस कर ही रहेंगे। जिस तरह से 15 जनवरी से 31 जनवरी तक प्रदेश में खनन माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाया गया है यह इसका उदाहरण है। एसएमएस अस्पताल का दौरा, पुलिस थानें का देर रात औचक निरीक्षण, कार्यालयों में समय की पालना और जनता की समस्याओं को स्थानीय स्तर पर सुनकर समाधान करने और भ्रष्टाचार के जीरो टोलरेंस का संदेश प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रुप से अभिभाषण में देखा जा सकता है। ऐसे में मुख्यमंत्री को कमजोर समझना सबकी बड़ी भूल होगी यह समझ लेना होगा।

सही मायने में विश्लेषण किया जाये तो पहली बार विधायक बनने और फिर सीधे मुख्यमंत्री के गरिमामय पद को संभाल कर जिस तरह की परिपक्वता का परिचय विधान सभा के पहले ही सत्र और उसमें भी राज्यपाल के अभिभाषण का जबाव देते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने विपक्ष की एक-एक बात का उत्तर दिया है, सरकार के एजेंडा को रखा है उससे यह साफ हो गया है कि मुख्यमंत्री आने वाले समय में प्रशासन की कसावट से लेकर जनहितकारी एजेंडा को मूर्त रुप देने में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह भी साफ हो गया है कि प्रशासन को खासतौर से नीचले स्तर तक के प्रशासन को अपनी कार्यशैली में बदलाव लाना होगा। आमलोगों को अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए राजधानी का रुख करना स्थानीय स्तर पर प्रशासन की संवेदनहीतना का परिचायक है इसलिए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रशासन के नीचले से नीचले पायदान को भी आमजन के प्रति संवेदनशील रहते हुए जन समस्याओं के समाधान का संदेश दिया है।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने विधान सभा में राज्यपाल के अभिभाषण का जबाव देकर अपनी प्राथमिकता और परिपक्वता सिद्ध कर दी है। ऐसे में अब प्रशासनिक अमले की जिम्मेदारी भी बढ़ गई है कि वह संवेदनशीलता के साथ अपनी भूमिका को निभाएं।

–अतिथि सम्पादक,
डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
( वरिष्ठ लेखक )

## राशिफल शनिवार 3 फरवरी, 2024



पंडित अनिल शर्मा

माघ मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2080, विशाखा नक्षत्र रविवार प्रातः 7:21 तक, गंड योग दिन 12:51 तक, कौलव करण सांय 5:21 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 1:04 से वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मकर, चन्द्रमा-तुला, मंगल-धनु, बुध-मकर, गुरू-मेष, शुक्र-धनु, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-कन्या राशि में।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ 8:37 से 9:58 तक, चर 12:40 से 2:02 तक, लाभ-अमृत 2:02 से 4:44 तक।

**राहूकालः** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 7:16, सूर्यास्त 6:05

**मेष**
परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। शुभ-मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा।

**कर्क**
घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित विवादों का निपटारा हो सकता है।

**सिंह**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी।

**वृश्चिक**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। धार्मिक कार्यों के लिए यात्रा संभव है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**धनु**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
अपनी कार्य योजना को आज सीमित रखें। अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है। नवीन कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

# देश में पर्यटन उद्योग की बदलती तस्वीर और भारत की सांस्कृतिक सुरभी



राजेन्द्र मोहन शर्मा

हजारों विसंगतियों और असहमतियों के बावजूद देश बदल रहा है आपको यह स्वीकार करना ही होगा। देश की उन्नति और विकास का आधार केवल तेज आर्थिक धार है। यह आर्थिक रफ्तार गति पकड़ रही है। इस रफ्तार को देखने के लिए आपको देश की पर्यटन उद्योग की बदलती सुनहरी तस्वीर पर निगाहें टिकानी होंगी। यह काम इतनी सरलता से नही हुआ है। देश में पर्यटन के अनन्त स्थल हैं और असिमित सम्भावनाएं पहले से ही मौजूद रही हैं। लेकिन इससे पहले किसी भी सरकार ने इसका इस तरह से इसका दौहन नही किया था सो परिणाम भी अपेक्षित नही थे। आज तीर्थस्थलों, धार्मिक स्थलों से लेकर ऐतिहासिक किलों, भवनों सहित ठाामीण, चिकित्सा, डेस्टिनेशन मैरिज सहित कोई ऐसा क्षेत्र अछूता नही है जहाँ पर्यटन उद्योग ने दस्तक न दी हो। हमारे देश में अनन्त काल से कहा जाता है कि शिक्षा, समझ और चेतना जगाने का सर्वोत्तम उपाय भ्रमण है। हमारे साधु-सन्त तो अनवरत भ्रमण पर ही रहते आए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुत ही कुशलता से इस अनन्त सम्भावनाओं के क्षेत्र का दोहन कर पूरी दुनिया को चौंका दिया है। आपको यह चमत्कार दो धटनाओं से समझ आ जाएगा।

मालदीव को भारत से पंगा लेना के बाद 8.6 करोड़ का नुकसान रोजाना रेवेन्यु का तगड़ा नुकसान हो रहा है। पिछले साल यानी 2023 में बड़ी संख्या में भारतीय मालदीप में घूमने गए थे। पिछले साल सिर्फ मालदीव में भारतीयों ने 38 करोड़ डॉलर करीब 3,152 करोड़ रुपये खर्च किए थे। दरअसल प्रधानमंत्री मोदी अपने देश मे पर्यटक स्थलों को प्रमोट करने के लिए अपने अंदाज में काम करते हैं। इसी सिलसिले में मोदी ने लक्ष्यद्वीप को चुना और वहाँ की सैर की। इसका सीधा संकेत देशी-विदेशी पर्यटकों को यह था कि मानदीव से बेहतर हैं यहां के द्वीप। बस यहीं मानदीव के नेताओं को मिर्ची लग गई। मालदीव के मंत्रियों ने पीएम मोदी के लक्षद्वीप दौरे पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी इसके बाद से दोनों देशों के बीच रिश्तों में खटास आई है। भारत के लोग अब मालदीव पर अपना गुस्सा जाहिर कर रहे हैं और बायकॉट मालदीव की बात कह रहे हैं। भारत के साथ विवाद के बाद मालदीव को काफी नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। इधर भारत में यकायक लक्ष्यद्वीप हाट डेस्टिनेशन बन कर उभरा है और सैलानियों की भीड़ उमड़ पड़ी है।

दूसरा ताजा तरीन उदाहरण जयपुर में फ्रांस के राष्ट्रपति के साथ मोदीजी का सड़कों पर सैर करना। वैसे तो जयपुर पर्यटकों का पहले से ही प्रिय डेस्टिनेशन है। दिल्ली आने वाला हर तीसरा विदेशी पर्यटक यहां जयपुर जरूर आता है। लेकिन मोदीजी ने फ्रांस के राष्ट्रपति मंक्रो को जिस अंदाज में जयपुर की सैर कराई उसने अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर जयपुर को लाईम लाइट में ला खड़ा किया। पर्यटन उद्योग के लोग और ट्यूरिस्ट गाइड बता रहे हैं इस यात्रा के बाद जयपुर के पर्यटन को पंख लग गये हैं। मुगलों ने जो भवन बनवाए उनमें लाल पत्थर का उपयोग किया जबकि राजा जय सिंह ने पूरे नगर को गुलाबी रंग से पुतवाया। जिसके कारण जयपुर को गुलाबी नगर कहा जाता है। जयपुर को यदि पास से देखना हो तो पूरे नगर को पैरों से नापना एक अच्छा विकल्प हो सकता है, मोदी जी ने यही किया। जयपुर में आने के बाद पता चलता है, कि आप किसी रजवाडे में प्रवेश कर गये हैं, शाही साफ़ा बांधे जयपुर के बना और लंहगा-चुन्नी से सजी जयपुर की महिलाएं, गपशप मारते जयपुर के वृद्ध लोग, राजस्थानी भाषा में कितनी प्यारी बोलियां, पधारो म्हारे देश जैसा स्वागत और बैठो सा, जीमो सा, जैसी मीठी बातें।

आने वाले तीन से चार वर्षों में देश की सकल घरेलु जीडीपी का नौ से दस फिसद हिस्सा पर्यटन से जैनरेट होगा जो वर्तमान में साढे छः फीसद के आसपास है। 14 करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष या परोक्ष रोजगार प्रदान करने के साथ ही देश के नए क्षेत्रों को उजागर करेगा। तथ्यात्मक दृष्टि से देखें तो भारत में पर्यटन सबसे बड़ा सेवा उद्योग है, जहां इसका राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 6.23 प्रतिशत और भारत के कुल रोज़गार में 8.78 प्रतिशत योगदान है। भारत में वार्षिक तौर पर 50 लाख विदेशी पर्यटकों का आगमन और 56.2 करोड़ घरेलू पर्यटकों द्वारा भ्रमण परिलक्षित होता है। लक्ष्य है अगले तीन वर्षों में विदेशी पर्यटकों की संख्या दो करोड़ होगी और धरेलू पर्यटक 120 करोड़। पूरी दुनिया में सबसे तेजी से उभरते पर्यटन गंतव्यों में से एक, भारत का यात्रा और पर्यटन क्षेत्र, भरोसेमंद विकास के साथ अवसर प्रदान करता है। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के बाद, अब यह क्षेत्र बड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए तैयार है। पर्यटन क्षेत्र को एक मिशन के तौर पर विकसित करने के लिए ही भारत के बजट 2023 में विभिन्न पहल और योजनाओं की रूपरेखा पेश किया गया था।

प्रधानमंत्री ने भारत के विकास को गति देने में पर्यटन क्षेत्र के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा है कि यह क्षेत्र जीडीपी और रोजगार सृजन दोनों में योगदान देता है। प्रधानमंत्री मोदी का यह कथन, पर्यटन क्षेत्र में मौजूद अपार संभावनाओं का प्रमाण है। उद्योग जगत के हितधारकों और सरकार के बीच सामूहिक रणनीति पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है, ताकि इस क्षेत्र के लिए अब तक के सबसे उज्ज्वल भविष्य का निर्माण किया जा सके और यह क्षेत्र अर्थव्यवस्था तथा पूरे समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालने में सक्षम हो सके। पर्यटन को विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए सरकार, निजी क्षेत्र और स्थानीय समुदायों के बीच सहयोग का उदाहरण काशी विश्वनाथ धाम मंदिर है जहां आगंतुकों की संख्या, पिछले साल के औसत 80 लाख से बढ़कर 7 करोड़ हो गयी है। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के आसपास नव विकसित स्थल को अंतिम रूप दिए जाने के बाद, एक वर्ष की अवधि में 27 लाख लोगों ने देखा। प्रधानमंत्री ने काशी, केदारनाथ, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी और पावागढ़ जैसे स्थानों का उदाहरण दे कर कहा कि कैसे एकीकृत दृष्टिकोण के साथ सरकार के विभिन्न विभागों के एक साथ आने से इन स्थानों पर आने वाले पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि हुई। प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के आव्हान और 'देखो अपना देश' की पहल ने घरेलू पर्यटन को बढ़ावा दिया, जिससे आतिथ्य-सत्कार क्षेत्र की कंपनियों को सभी क्षेत्रों में आपूर्ति बढ़ाने का अवसर मिला- व्यवसाय, विलासितापूर्ण संपत्तियों, होम स्टे, विला आदि से लेकर बजट होटलों तक। पर्यटन-स्थलों के विकास से आने वाले वर्षों में न केवल स्थितियां बेहतर होंगी, बल्कि भारत में पर्यटन क्रांति की भी शुरुआत माना जा रहा है।

पर्यटन एक सामाजिक-आर्थिक गतिविधि है और विकास के लिए एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण है, जो सामाजिक-आर्थिक उद्देश्यों के साथ पर्यावरण आधारित उचित प्रबंधन को संतुलित करता है। पर्यटन नीति में प्रमुख विषयों में शामिल हैं- स्थानीय संस्कृति का लाभ उठाना, विरासत को संरक्षित करना, कल्याण और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना तथा सभी प्रकार के नीति निर्माण में सतत विकास को ध्यान में रखते हुए जमीनी स्तर पर जीवन स्तर में सुधार करना। भारत में पर्यटन क्षेत्र को प्रौद्योगिकी का लाभ मिले अतः इसे बढ़ावा देने वाले विषयों की सूची में एक महत्वपूर्ण विषय है इस क्षेत्र में चल रही डिजिटलीकरण और नवाचार की प्रक्रिया। डिजिटल तकनीक, ए.आर./वी.आर. और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस); यात्रा और पर्यटन उद्योग में क्रांति लाने के लिए तैयार हैं। यात्रा-अनुभव, पहले से कहीं अधिक व्यक्ति-केन्द्रित, बहु-आयामी और आपसी संवाद आधारित हो रहा है। ए.आर. और वी.आर.यात्रियों को उनकी यात्रा से पहले ही गंतव्य-स्थलों के बारे में जानकारी प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं, प्रसिद्ध स्थानों, ऐतिहासिक स्थलों और सांस्कृतिक अनुभवों के वर्चुअल पर्यटन की सुविधा दे सकते हैं और पर्यटन स्थल के चुनाव के बारे में सहायता कर सकते हैं। ए.आई.-संचालित चैटबॉट और डिजिटल सहायक, यात्रियों को उनकी यात्रा-योजना बनाने में मदद कर सकते हैं, व्यक्तिगत गतिविधियों की सिफारिश कर सकते हैं और यात्रा के दौरान वास्तविक समय पर सहायता प्रदान कर सकते हैं। उभरती हुई तकनीकें भी, इस क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन, इसके स्थायित्व और अति-पर्यटन के खतरों की निगरानी रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।'पर्यटन कारोबार में आसानी' दृष्टिकोण को अब यात्रा, पर्यटन और आतिथ्य-सत्कार क्षेत्र में भी शुरू करने की आवश्यकता है। भारत की अपार पर्यटन क्षमता के उपयोग के लिए एक व्यापक रणनीति की आवश्यकता है, जो योजना, स्थान, लोग, नीति, प्रक्रिया और प्रचार के छह प्रमुख स्तंभों को शामिल कर काम करना जरूरी है। संवैधानिक रूप से, पर्यटन एक राज्य-सूची का विषय है और केंद्रीय पर्यटन विभाग इसे समवर्ती-सूची में स्थानांतरित करने के लिए जोर दे रहा है, ताकि केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर नीति निर्माण की अनुमति मिल सके। उदाहरण के लिए, कुछ भारतीय राज्यों ने पहले ही पर्यटन को उद्योग का दर्जा प्रदान कर दिया है, जो दशकों से इस क्षेत्र की प्रमुख मांग रही है। पर्यटन को उद्योग का दर्जा देने से इस क्षेत्र के विकास को और गति मिलेगी। राष्ट्रीय पर्यटन बोर्ड का गठन, सरकार के पास विचाराधीन है। सही नीतियों और उचित पहल के साथ भारत को विश्व स्तर पर शीर्ष तीन यात्रा और पर्यटन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने की दिशा में हम काफी आगे बढ चुके हैं और नतीजे भी सामने आने लगे हैं। हां यह अवश्य ध्यान रखना होगा कि देश का सामाजिक स्वरूप ऐसा बना रहे जिससे विदेशी पर्यटक हमारे देश की नकारात्मक छवि लेकर न जाए इस हेतु सद्भाव, सेवा, आतिथ्य, सुरक्षा ,सफाई सहित महत्वपूर्ण मुद्दों पर हमें हमेशा सावधान रहना होगा। साथ ही पर्यटकों के आने से स्थानीय नागरिकों को परेशानी न हो यह भी ध्यान देना आवश्यक है। जयपुर में इन दिनों देशी विदेशी पर्यटकों की भारी भीड़ के चलते यातायात पर जो भारी दबाव आया है इस पर विशेष तैयारी की आवश्यकता है।

–राजेन्द्र मोहन शर्मा,
साहित्यकार, शिक्षाविद् और चिन्तक

# "विश्व वेटलैण्ड-डे" पर पक्षियों की अठखेलियां देखी

**बांसवाड़ा, (निसं)।** "विश्व वेटलेण्ड-डे" पर वागड पर्यावरण संस्थान की टीम ने शहर तथा आसपास के वेटलेण्ड का अवलोकन, बर्ड वॉचिंग एवं दूरबीन की सहायता से पक्षियों की अठखेलियों को करीब से देखा। वागड पर्यावरण संस्थान अध्यक्ष डॉ. दीपक द्विवेदी ने बताया कि संस्थान की टीम ने कागदी पिक अप, डायलाब, ठीकरिया, लोधा, कूपडा के वेटलेण्ड का अवलोकन किया।

अवलोकन के दौरान टीम के सदस्यों यश सराफ, कपिल पुरोहित, वैभव जोशी, विराट संघवी ने पाया कि वेटलेण्ड्स की स्थितियां बिगड़ती जा रही है ज्यादातर स्थानों पर जलकुंभी व गन्दगी ने पैर पसार रखे हैं। उन्होंने बताया कि वेटलेण्ड हमारी प्राकृतिक सम्पदा और तरल सम्पति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। वेटलेण्ड में जैविक विविधता और व्यापक श्रृंखला उन्हें जैविक सुधार मार्केट बनाता है इसलिये इनका संरक्षण आवश्यक है। संस्थान प्रवक्ता कपिल पुरोहित ने बताया कि इस अवसर पर बर्ड वाचिंग के दौरान प्रवासी पक्षियों गेडवाल, कॉमन कूट, नोर्दन शॉवलर, यूरेशियन विजन, कॉमन पोचार्ड, सेण्ड पाइपर, व्हिस्कर्ड टर्न के साथ स्थानीय पक्षियों में आइब्रिज, हेरन, इग्रेट प्रजाति, ब्लेक विंग्ड स्टील्ट, लिटल कॉरमोरेन्ट, डार्टर आदि परिन्दों की गतिविधियों को नजदीक से देखा।



जलाशयों की वागड पर्यावरण संस्थान के प्रतिनिधियों ने सफाई की।

■ **वागड पर्यावरण संस्थान की टीम ने कागदी पिक अप, डायलाब, ठीकरिया, लोधा, कूपडा के वेटलेण्ड का अवलोकन किया**

# गाजर के भावों में गिरावट, किसान चिंतित

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिले के साधुवाली गांव की जमीन में उपजने वाली गाजर का लाल सुर्ख रंग और मिठास का कोई सानी नहीं है। बाजार में राजस्थान के मथानिया और कोटपुतली और पंजाब के सुल्तानपुर तथा हरियाणा के बेहबलपुर और हिसार की गाजर को पछाड़कर साधुवाली की गाजर ने सुदूर प्रांतों में अलग पहचान बनाई है। इस बार साधुवाली गाजर का रंग और मिठास गुणवत्ता की दृष्टि से अच्छी है। इस बार पछेती गाजर का बंपर उत्पादन होने से भाव लुढ़क गए है। इन दिनों साधुवाली की गाजर मंडी में महज 3 से 5 रुपए प्रति किलो भाव है जबकि पिछले वर्ष फरवरी माह में 10 से 13 रुपए प्रति किलो तक गाजर बिक रही थी। गाजर के भावों में गिरावट से किसानों की चिंता बढ़ गई है।

# छबड़ा-गुगोर सड़क की हालत खस्ता, वाहन चालक व राहगीर परेशान

**छबड़ा से गुगोर होकर राजस्थान को मध्यप्रदेश से जोड़ने वाली सड़क की स्थिति खस्ता हो चुकी है**

**छबड़ा (निसं)।** गड्डों में सड़क या सड़क में गड्डे, यह कहना कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, क्योंकि छबड़ा से गुगोर होकर राजस्थान को मध्यप्रदेश से जोड़ने वाली सड़क की स्थिति खस्ता हो चुकी है। एमपी सहित कई गांवों को मुख्यालय तक जोड़ने वाली इस सड़क की दुर्दशा पर वाहन चालक व राहगीर जिम्मेदार विभाग को कोसने लग गए हैं। वही एक सप्ताह बाद आयोजित होने वाले जिले के ख्यातनाम बीजासन माता मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का आवागमन भी काफी कठिन होगा। हालांकि इस सड़क पर कुछ दिन पूर्व ही औपचारिकता पूर्वक पेचवर्क कर इतिश्री कर ली गई है।

छबड़ा से गुगोर सड़क धार्मिक और पर्यटन स्थल सहित समीपवर्ती राज्य मध्यप्रदेश को जोड़ती है। यह सड़क इन दिनों पूरी तरह से क्षतिग्रस्त व जर्जर हो चुकी हैं। गड्डों में तब्दील हो चुकी इस सड़क से श्रद्धालु, ग्रामीण, व्यापारी, किसान, विद्यार्थी, प्रसुताओं का सफर जोखिम से कम नहीं होता। कुछ समय पूर्व गुगोर के निकट पार्वती नदी पर 18 करोड़ की लागत से हाईलेवल ब्रिज बनकर तैयार हो चुका है। जिस पर आवागमन भी शुरू हो गया हैं। लेकिन इस ब्रिज से छबड़ा तक 7-8 किमी सड़क खराब होने का खामियाजा जनता को उठाना पड़ रहा है। छबड़ा व गुगोर के मध्य कडैयावन में स्वामी विवेकानंद माध्यमिक स्कूल में यहां के विद्यार्थी अध्ययनरत है, जिनको भी विद्यालय तक पहुंचने मे काफी समय लगता है।



छबडा-गुगोर सड़क पूरी तरह गड्डों में तब्दील हो चुकी हैं।

**वहीं वर्षा के समय में तो हालत काफी दयनीय होती हैं। 9 फरवरी से मेला शुरू, श्रद्धालुओं को होगी परेशानी :-** गुगोर गांव में हर वर्ष प्रसिद्ध बीजासन माता मेला लगता है, जो इस बार 9 फरवरी से शुरू होने वाला है। यह मेला राजस्थान ही नहीं बल्कि मध्यप्रदेश के असंख्य लोगों की आस्था का प्रतीक है। जिसमें अन्य राज्यों के दर्शनार्थी भी पहुंचते हैं। इसी के साथ ही, गुगोर में प्राचीन व ऐतिहासिक किला, कलात्मक छतरियां, जलप्रपात आदि धार्मिक व पर्यटन स्थल भी हैं। इस सड़क पर इन दिनो धूल के गुबार उड़ रहे हैं व गिट्टियां उखड़ गई हैं। इससे दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

**2012 में 2.70 करोड़ से बनी थी सड़कः-** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना भारत निर्माण के तहत साल 2010 में सड़क स्वीकृत हुई। 2.70 करोड़ से साल 2012 में 8 किमी सड़क का निर्माण हुआ। साल 2017 तक गारंटी पीरियड में रही। साल 2019-20 में 4 लाख, 2021-22 में 3.96 लाख और वर्ष 2022 के सितंबर में 5.74 लाख से पेचवर्क किया। वही अभी कुछ ही दिन पूर्व सड़क का पेचवर्क करवाकर इतिश्री कर ली गई हैं।

■ **नौ फरवरी से आयोजित होने वाले बीजासन माता मेले के श्रद्धालुओं का आवागमन भी कठिन होगा।**

**मेले शुभारंभ से पूर्व हो समस्या का निराकरणः-** गुगोर सरपंच राजेंद्रसिंह खारोल ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर नौ फरवरी से शुरू होने वाले मेले से पूर्व ही छबड़ा से गुगोर तक की क्षतिग्रस्त सड़क का डामरीकरण करवाए जाने की मांग की है, ताकि यहां दूर-दराज से पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना न करना पड़े।

**एमपी का मुख्य मार्गः-** छबडा-स्टेट हाइवे 51 से गुगोर तक क्षेत्र की मूंडला, कड़ैयावन, दिलोद व गुगोर को यह मार्ग जोड़ता है। इस मार्ग से कॉलेज विद्यार्थी, मरीज, किसान, व्यापारी आमजन पहुंचते हैं। वहीं, गुगोर के बाद मध्यप्रदेश सीमा शुरू हो जाती है। इस मार्ग से फतेहगढ़ सहित गुना जाने में आसानी होती है। कस्बे के लोग नाहरगढ़ सहित किशनगंजए शाहाबाद जाने के लिए भी इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। बारां होकर नाहरगढ़ 118 किमी है। जबकि गुगोर मार्ग से सिर्फ 54 किमी की दूरी है।

ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन अध्यक्ष किशन कालरा ने बताया कि छबडा में अ श्रेणी की मंडी होने के कारण मध्यप्रदेश के किसान अपना माल बेचने यहां आते हैं। माल बेचने के बाद किसान पैसों से यहीं से डीजल, खाद, बीज, किराना, कपड़ा, जेवर, मकान निर्माण सामग्री ले जाते हैं। सड़क का खस्ताहाल होने के कारण अब किसानो की संख्या में भी कमी आई हैं। सार्वजनिक निर्माण विभाग के एक्सईएन नरेंद्र सिंह ने बताया कि छबड़ा गुगोर सड़क नॉन पेचेबल सड़क है, जो सड़क 18 प्रतिशत पीएच होती है उसमें पेच वर्क नहीं करवाया जा सकता। उन्होंने बजट एनाउंसमेंट व सीआरएफ के तहत रोड निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर भेज रखे है। इस बार बजट में छबड़ा गुगोर सड़क के स्वीकृत होने की पूर्ण संभावना है। गुगोर मेले के प्रारंभ होने से एक-दो दिन पूर्व रोड़ पर ड्रेसिंग का कार्य करवा दिया जाएगा ताकि मेले में आने जाने वाले वाहनों व लोगों को परेशानी ना हो।

पुण्य तिथि विशेष

## श्रद्धेय श्री हजारी बाबू

(1921-1985)

# ‘बिजली काटकर कैसा सहयोग चाहते हैं आप हमसे?’




आपात काल लागू होने के बाद मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी ने जब समाचार पत्रों के सम्पादकों की बैठक बुलाकर सहयोग करने का आग्रह किया तो निस्तब्धता को तोड़ते हुए हजारी बाबू की आवाज गूंजी, ‘‘बिजली काट कर कैसा सहयोग चाहते हैं आप हमसे?’’ जोशी जी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व स्वतंत्रता सेनानी हजारी बाबू का अत्यधिक सम्मान करते थे। उन्होंने बिजली बहाली कराके पुनः सहयोग मांगा। इस आत्मीय सम्बन्ध का उदाहरण था कि 6 माह बाद ही हरिदेव जोशी राष्ट्रदूत कोटा के एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथी थे और हजारी बाबू उनका हृदय से स्वागत कर रहे थे।



भगवान अटलानी

हिन्दी व सिन्धी के वरिष्ठ लेखक भगवान अटलानी की अब तक इक्कीस पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। राजस्थान साहित्य अकादमी के सर्वोच्च सम्मान मीरा पुरस्कार, राजस्थान सिन्धी अकादमी के सर्वोच्च सम्मान, सामी पुरस्कार और उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान के एक लाख रुपये के सौहार्द सम्मान से नवाज़े जा चुके अटलानी राजस्थान सिन्धी अकादमी के पूर्व अध्यक्ष हैं।

सिन्धी के प्रसिद्ध कवि स्व.नारायण श्याम की पंक्तियां हैं, ‘‘माण्हूं मिड़ेई न माण्हूं/ परवी मिड़ेई न हंज / कंहिं कंहि माण्हूअ मंझि/ मिले बुई बहार जी।’’ हिन्दी में इनका आशय है, ‘‘सभी मानव, मनुष्य नहीं होते। सभी पक्षी हंस नहीं होते/ इनमें से भी कुछ ही मनुष्य होते हैं/ जिनमें से बहार की सुगंध आती है।’’

पं.हजारीलाल जी शर्मा उसी परम्परा के पुरुष थे, जिसकी चर्चा स्व.नारायण श्याम ने की है। सामने पहाड़ की खड़ी चढ़ाई है। समर्थ व्यक्ति भी अपने सभी विपुल आर्थिक संसाधनों का, सत्ता सम्पर्कों का उपयोग करने के बावजूद जिन शिखरों से आगे नहीं बढ़ पाये, उन्हें पार करके नये शिखर छूने की कामना के साथ स्वतंत्रता के मात्र तीसरे वर्ष में उन्होंने ‘राष्ट्रदूत’ का दैनिक समाचार पत्र के रुप में प्रकाशन प्रारंभ किया। चमत्कारिक व्यक्तित्व, सहज स्वभाव, सरल सम्प्रेषण और आकर्षक रंग-ढंग के साथ उन्होंने ‘राष्ट्रदूत’ को मालिक की तरह नहीं अपितु साधक व संरक्षक की भांति दिशा दी।

हजारी बाबू ने अपने चुम्बकीय व्यवहार व ‘राष्ट्रदूत’ की साख के बूते उस दौर के प्रदेश व देश के अनेक शीर्ष पत्रकारों-साहित्यकारों को अखबार के साथ जोड़ा। सुमनेश जोशी, जुगल किशोर चतुर्वेदी, चंद्रगुप्त वार्ष्णेय, दिनेश खरे जैसे दिग्गज पत्रकार और बाद में विशिष्ट ख्याति अर्जित करने वाले कर्पूरचन्द कुलिश, सौभाग्यमल जैन, कमल किशोर जैन, प्रकाश भण्डारी, ईश्वरमल बाफना, शिवपूजन त्रिपाठी, श्री गोपाल पुरोहित, मोहनलाल गुप्ता, राजेन्द्र अजय, ताराप्रकाश जोशी और वीर सक्सेना जैसे लेखक-साहित्यकार -पत्रकार ‘राष्ट्रदूत’ से प्रमुखतः उनकी बदौलत जुड़े।

प्रायः देखा जाता है कि सामाजिक दृष्टि से सफल व्यक्ति पारिवारिक संदर्भों में असफल सिद्ध होते हैं। इसी तरह सबको जोड़कर और साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति अपने संगठन में असंतोष का सामना करते हैं। मगर ‘राष्ट्रदूत’ में कार्यरत पत्रकार व अन्य कर्मचारी प्रायः हजारी बाबू से संतुष्ट रहते थे। व्यवहार में खुलापन और सहज पहुंच व संवाद उनके स्वभाव के अंग थे। आर्थिक दृष्टि से उन्होंने अपने किसी पत्रकार या कर्मचारी को कभी तंगहाल होने नहीं दिया। परस्पर संलग्नता का भाव इतना अधिक था कि दुख-सुख, हारी-बीमारी और शादी-गमी में हजारीबाबू उनके साथ मात्र खड़े नहीं दिखाई देते थे आर्थिक सम्बल भी बनते थे। ‘राष्ट्रदूत’ परिवार उनके लिए शाब्दिक अभिव्यक्ति मात्र नहीं था। वे अखबार में कार्यरत प्रत्येक व्यक्ति को निजी परिवार का सदस्य मानकर मुखिया की तरह निरन्तर उसे संरक्षण प्रदान करते थे। जिन पत्रकारों व कर्मचारियों ने उनके दौर में ‘राष्ट्रदूत’ में काम किया वे उनकी संरक्षक प्रवृति के उदाहरण प्रस्तुत करते मानों थकते ही नहीं हैं। यहां नाम और घटनायें उद्धरित करके उन व्यक्तियों की निजता को सार्वजनिक करना उचित नहीं होगा किन्तु निश्चय ही आंखों से टपकती श्रद्धा हजारी बाबू के प्रति उनके हृदयों में बसी अनुग्रह गाथा को स्वयंमेव उद्घाटित करती है।

एक ओर जहां पं.हजारीलाल जी शर्मा का यह उदार रुप था वहीं दूसरी ओर कभी उनके प्रिय पात्र, ‘राष्ट्रदूत’ के सम्पादक रहे दिनेश खरे के प्रति अपनाया उनका सख्त रुख था। जब वेतन-भत्तों की आड़ में खरे ने हजारीबाबू को ब्लैक मेल करना चाहा तो उन्होंने दृढ़ता से लेबर कोर्ट में लड़ाई लड़ी और उसे अंजाम तक पहुंचाया। उदारता और गलत के सम्मुख डट कर खड़े होने की शक्ति जिस विलक्षणता के साथ उनके व्यक्तित्व में समाहित थी, वह अन्यत्र दुर्लभ है।

25 जून 1975 की आधी रात को देश में आपातकाल लागू हुआ। रात को ही सभी समाचार पत्रों की बिजली काट दी गई। अगले दिन 26 जून 1975 को राजस्थान के तत्कालीन मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी ने अपने निवास स्थान पर समाचार पत्रों के सम्पदाकों की बैठक बुलाई। सैन्सरशिप, आदि की बात कहते हुए जोशी जी ने सबसे सहयोग देने का आग्रह किया। तभी पूर्ण निस्तब्धता को तोड़ते हुए हजारी बाबू की आक्रामक आवाज गूंजी, ‘‘ बिजली काटकर कैसा सहयोग चाहते हैं आप हमसे?’’ बैठक में सन्नाटा छा गया। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व स्वतंत्रता सेनानी होने के नाते हरिदेव जोशी हजारी बाबू का अत्यधिक सम्मान करते थे। झटके से संभलकर उन्होंने तुंरत बिजली बहाल कराने का आश्वासन दिया और सहयोग के लिए पुनः की गई समझाइश के साथ सबको विदा किया। ज्ञातव्य है कि ‘राष्ट्रदूत’ का अगला सम्पादकीय तो स्थान रिक्त रखकर निःशब्द गया ही था बाद में भी पूरे आपातकाल के दौरान अखबार में एक भी आलेख या टिप्पणी उस प्रजातंत्र के कलिमा युग के पक्ष या समर्थन में नहीं छपी। जब स्वयं को दंबग घोषित करने वालों की जुबानें या तो चाटुकारिता का पर्याय बन गई थीं या उनके ऊपर ताले पड़ गये थे, तब हजारी बाबू का यह साहसिक रुप विस्मित व विस्फारित करता था।

हजारीलाल जी, कांग्रेस के प्रख्यात नेता जयनारायण व्यास के मित्र, हितैषी व कट्टर समर्थक थे। मुख्यमंत्री रहते सर्वप्रचलित धारणा थी कि ‘राष्ट्रदूत’ व्यास जी का पोषित अखबार है। स्वाभाविक था कि मोहनलाल सुखाड़िया के मुख्यमंत्री चुने जाने के बाद राजनीतिक, बौद्धिक, पत्रकार व पाठक वर्ग ने निर्विवाद रुप से माना था कि ‘राष्ट्रदूत’ के स्वर सुखाड़िया विरोधी होंगे। सबको तब बेहद आश्चर्य हुआ जब ऐसा बिलकुल नहीं हुआ। निष्पक्ष व तटस्थ पत्रकारिता का कर्तव्य निभाते हुए समाचार पत्र ने कभी ऐसा कुछ प्रकाशित नहीं किया जिससे दुर्भावना की गंध आती हो। समाचार चयन, अग्रलेख, विभिन्न आलेख, टिप्पणियां, तथा सम्पादकीय पढ़कर विश्लेषक दृष्टि के दर्शन तो होते थे, पक्षपात दूर-दूर तक दिखाई नहीं देता था।

स्वतंत्रता सेनानी व प्रखर देशभक्त होने के कारण हजारी बाबू ने जीवन में कभी सिद्धान्तों से समझौता नहीं किया। ‘राष्ट्रदूत’ सत्य की प्रतिष्ठा का प्रभावी उपकरण बनकर अलग पहचान बनाने में सफल हुआ। पाठकों की आंखे अंगुलियां बनकर देश, प्रदेश, राजनीति व समाज की नब्ज की चाल तथा दिल की धड़कन को पहचानें, पकड़े, समझें परखें, हजारी बाबू सिद्धान्ततः इस पक्ष में थे। यही कारण था कि ‘राष्ट्रदूत’ ने भूल कर भी किसी की निंदा नहीं की। उनका दिया हुआ संस्कार उसी शान से अब भी समाचार पत्र का वैशिष्टय बना हुआ है। सनसनीखेज समाचारों और टांग-खिंचाई को जब बड़े-बड़े अखबार भी प्रसार संख्या बढ़ाने के हथियार के रुप में इस्तेमाल करते हैं, राष्ट्रदूत ने अगर इस कीचड़ से दूरी बनाये रखी है तो उसका श्रेय केवल और केवल हजारी बाबू द्वारा प्रदत्त संस्कारों को देना होगा। राजेश शर्मा, राकेश शर्मा व परिवार के बेटों-बहुओं ने सम्पूर्ण श्रद्धा के साथ सीधे अथवा परोक्ष में, अपने पितृ पुरुष से प्राप्त आशीर्वाद को अक्षुण्ण बनाये रखने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है।

**पाठकों की आंखे अंगुलियां बनकर देश, प्रदेश, राजनीति व समाज की नब्ज की चाल तथा दिल की धड़कन को पहचानें, पकड़े, समझें परखें, हजारी बाबू सिद्धान्ततः इस पक्ष में थे। यही कारण था कि ‘राष्ट्रदूत’ ने भूल कर भी किसी की निंदा नहीं की। उनका दिया हुआ संस्कार उसी शान से अब भी समाचार पत्र का वैशिष्टय बना हुआ है।**


पं.हजारीलाल जी शर्मा ने मित्रता, व्यवसाय, सिद्धान्त, समझौतों और विचारों के बीच सदैव एक सुंदर संतुलन बनाये रखा। राजनीति में विपरीत धुरियों तथा धाराओं वाली शाख्सियतें भी उनके निकट सम्पर्क में रहीं। भारतीय जनता पार्टी तब भारतीय जनसंघ के रुप में मंचस्थ थी। राजस्थान में जनसंघ के नेता भैरोसिंह शेखावत और सतीश चंद्र अग्रवाल के साथ उनके खुलकर लगाये कहकहों की ध्वनियां उस दौर के जीवित पत्रकारों के कानों में आज भी गूंजती हैं। बाहर से मस्त मौला हजारी बाबू स्वभाव से साहसी ही नहीं दुःसाहसी थे। पत्रकारिता के क्षेत्र में ‘लोकवाणी’ के दबदबे के सामने खड़े होने के लिये चुनौती स्वीकार करके खड़ी चढ़ाई चढ़ने की अदम्य इच्छा शक्ति के साथ एक उद्‌भट ज्वाला की आवश्यकता थी। उन्होंने मात्र चुनौती का मुकाबला नहीं किया, झंझाओं से जूझते हुए शिखर पर पहुंचने का पराक्रम भी दिखाया। पुण्य तिथि के पुनीत अवसर पर पं. हजारीलाल जी शर्मा की प्रेरक स्मृति को शत-शत नमन।

■ भगवान अटलानी




*राष्ट्रदूत का प्रकाशन एक छोटी परन्तु समर्पित टीम के साथ शुरू हुआ। इस टीम के समर्पण भाव के पीछे कारण था हजारी बाबू का खुला तथा सहज स्वभाव तथा संलग्नता का भाव। उनके लिए ‘राष्ट्रदूत परिवार’ एक शाब्दिक अभिव्यक्ति मात्र नहीं था। राष्ट्रदूत के प्रारम्भिक वर्षों की टीम के फोटो में नज़र आ रहे हैं कपूर चन्द कुलिश, मोहन लाल गुप्ता, श्री प्रकाश पुरोहित, कमल किशोर जैन, पी. एन. दुग्गल, दिनेश खरे, सौभाग्य मल जैन, लप्सा बेडवाल एवं शिवपूजन त्रिपाठी।*

# शब्द शिल्पियों के अनन्य प्रेमी : हजारी बाबू



डॉ. मनोहर प्रभाकर

डॉ. मनोहर प्रभाकर (पूर्व जनसंपर्क निदेशक) वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार हैं। उन्होंने साहित्य व पत्रकारिता विषय पर अनेक पुस्तकें लिखी है। उन्हें अब तक राष्ट्रीय स्तर पर राज्य स्तर के अनेक पुरस्कार व सम्मान मिल चुके हैं। दो बार उन्हें सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारतेन्दु पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। संस्कृत, अंग्रेजी के अनेक विख्यात ग्रंथों का उन्होंने हिंदी व राजस्थानी में अनुवाद किया है।

पिछले दिनों जब जयपुर में 17 जनवरी से 21 जनवरी तक साहित्य महोत्सव का आयोजन किया गया और जिसमें संसार के विभिन्न भागों से अनेक विख्यात लेखकों ने सहभागिता की, वह अपने आप में एक आल्हादकारी अनुभव था। किन्तु राजस्थान की साहित्यिक बिरादरी का वरिष्ठ वर्ग यह देखकर बहुत क्षुब्ध हुआ कि इस साहित्यिक महाकुंभ में राजस्थान का प्रतिनिधित्व जितने गरिमामय ढंग से होना चाहिए था, वह नहीं हो सका। इस महोत्सव में अस्वस्थता के कारण मैं तो उपस्थित नहीं हो सका किन्तु प्रिन्ट और इलैक्ट्रानिक मीडिया में रोजाना जो भरपूर कवरेज देखी, उसे देखकर मुझे सहसा हजारी बाबू का स्मरण हो आया। हजारी बाबू शब्द शिल्पियों के अनन्य प्रेमी थे। यदि वे इस साहित्यिक महाकुंभ के अवसर पर हमारे बीच होते तो निश्चित रूप से राजस्थान के सृजनकर्मियों को बेहतर ढंग से उजागर किया जाता और जिस गुटपरस्ती के इसमें दर्शन हुए वह शायद देखने में नहीं आती। निश्चित ही हजारी बाबू न केवल इसके प्रायोजकों में से एक होते बल्कि वे इस बात को भी सुनिश्चित करते कि राजस्थान के सृजनकर्मियों को विश्व मंच पर वह स्थान मिलता जिसके लिए वे उपयुक्त पात्र थे। बहरहाल, हजारी बाबू का आज के दिन स्मरण करना एक उदारमना पत्र-स्वामी, साहित्य प्रेमी और अजातशत्रु की यादों को अपनी स्मृतियों में लौटाना है।

हजारी बाबू ने जब से जयपुर में पदार्पण किया तभी से मेरा उनका सम्पर्क बना रहा और मेरे प्रति उनका वत्सल भाव भी भरपूर रहा। आयु में छोटा होने के बावजूद वे मेरा बहुत आदर करते थे और राष्ट्रदूत के लिए हमेशा लिखते रहने का आग्रह करते थे। राष्ट्रदूत की पुरानी फाइलें आज भी साक्षी हैं कि मैंने किस प्रकार अपनी काव्य यात्रा के प्रारम्भिक दौर में अपनी रचनाओं से अपना विनम्र योगदान किया था।

यह तथ्य बहुत कम लोगों को ज्ञात है कि हजारी बाबू के समकालीन विख्यात लेखकों में शायद ही कोई ऐसा हो जिससे उनके घनिष्ठ सम्बन्ध न रहे हों। व्याकरणाचार्य पं. किशोरीदास वाजपेयी के प्रति तो उनकी आत्मीयता इतनी अधिक थी कि उनकी पुत्रियों के विवाह का सारा आर्थिक बोझ उन्हीं ने वहन किया था। उस समय संसद सदस्य बन गये राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर से तो उनकी घनिष्ठ मैत्री थी। ‘नई धारा’ के सम्पादक रामवृक्ष बेनीपुरी और उदयशंकर भट्ट जैसे अनेक कद्दावर कवि और लेखक उनके परिचय क्षेत्र में थे। यहां तक कि पांडे बेचन शर्मा 'उग्र' जैसे बदजुबान साहित्यिक महारथी के कटु वचनों को भी वे सहर्ष झेलते थे। हजारी बाबू को साहित्यिक पत्रकारिता का अच्छा-खासा अनुभव था, जब वे कलकत्ता में थे तो उन्होंने ‘रानी’ नामक एक साहित्यिक पत्रिका निकाली थी और आज से सात दशक पहले भी वे जनवाणी प्रिन्टर्स जैसे मुद्रणालय का संचालन कर रहे थे, जिसमें लगभग सभी भारतीय भाषाओं में मुद्रण की व्यवस्था थी।

**संस्कृत में एक श्लोक है, जिसका अर्थ है - ‘‘जो व्यक्ति उत्सव में, व्यसन में, राज्य द्वार पर संकट पड़ने पर और श्मशान में साथ रहता है, वही सच्चा बान्धव और मित्र होता है।’’ हजारी बाबू ऐसे ही उदारमना व्यक्ति थे जो इस श्लोक के भावार्थ को पूर्णतया अपने आचरण से सार्थक करते थे।**

प्रकटतः उनकी जैसी समृद्ध, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि थी और जैसे भारतीय जीवन मूल्यों पर आधारित संस्कार उन्हें मिले थे, उसके कारण हजारी बाबू ने राजस्थान की राजधानी जयपुर में भी छोटे से लेकर बड़े लेखकों तक सभी से अपना मैत्रीपूर्ण व्यवहार रखा। उस जमाने में जब बड़े पत्र स्वामियों के लिये भी महंगी कारें रखना दुर्लभ था, हजारी बाबू कुछ समारोहिक अवसरों पर ही कार में बैठते थे, अन्यथा रिक्शा में बैठकर चलना उन्हें अत्यन्त प्रिय था। जौहरी बाजार स्थित शर्मा रेस्टोरेंट में अक्सर उन्हें मित्र मंडली के साथ चाय-पान करते देखा जा सकता था। प्रारम्भ में तो राष्ट्रदूत का कार्यालय हल्दियों के रास्ते में था जहां से उठकर बाद में वह अपने स्वनिर्मित भवन में चमेलीवाला मार्केट आ गया। दोनों ही जगह स्थित कार्यालयों में उनके पास साहित्यानुरागियों का जमावड़ा रहता था। नगर में कोई भी कवि गोष्ठी होती तो वे काव्य रस का आनन्द लेने के लिए वहां अवश्य उपस्थित होते थे। जब उन्होंने राजनीति के क्षेत्र में प्रवेश किया और राज्य की प्रथम विधानसभा में चुनाव जीतकर विधायक बने तो विधानसभा के फ्लोर से उन्होंने सार्वजनिक हित के अनेक मुद्दे उठाये। हजारी बाबू उन विरले लोगों में थे जिन्हें मन का छोटापन छू भी नहीं गया था, अपने विरोधियों के प्रति भी वे अपने मैत्री भाव को बराबर बनाये रखते थे।

संस्कृत में एक श्लोक है, जिसका अर्थ है - ‘‘जो व्यक्ति उत्सव में, व्यसन में, राज्य द्वार पर संकट पड़ने पर और श्मशान में साथ रहता है, वही सच्चा बान्धव और मित्र होता है।’’ हजारी बाबू ऐसे ही उदारमना व्यक्ति थे जो इस श्लोक के भावार्थ को पूर्णतया अपने आचरण से सार्थक करते थे।

जहां तक हजारी बाबू का अपने प्रतिष्ठान में काम करने वाले कर्मचारियों और पत्रकारों से व्यवहार का सम्बन्ध था वे भले ही बहुत अनुशासनप्रिय थे किन्तु उन्होंने कभी किसी के साथ चूक होने पर दुर्व्यवहार नहीं किया पर यह भी सत्य है कि जब-जब उनके सामने ऐसी चुनौतियां उत्पन्न हुईं जब उनके किसी सहकर्मी ने पत्र की प्रतिष्ठा को आघात पहुंचाने की कोशिश की, तो उन्होंने उसे अपने प्रतिष्ठान से सम्बन्ध विच्छेद करने को भी विवश कर दिया और इस बात से संकोच नहीं किया कि वे कानूनी कार्यवाही में उलझ सकते हैं। कुछ सहकर्मियों ने उनकी उदारता का अनुचित लाभ भी उठाया, इसके बावजूद हकीकत यह है कि अनेक व्यक्तियों को उन्होंने पत्रकारिता का प्रशिक्षण दिया जिन्होंने आगे चलकर राजस्थान में पत्रकारिता के परिदृश्य को बदलने में अपनी प्रभावी भूमिका निभाई। सच तो यह है यदि हजारी बाबू उस समय राष्ट्रदूत का प्रकाशन नहीं करते तो राजस्थान की पत्रकारिता का मानचित्र कुछ और ही होता।


आज राजस्थान में हिन्दी पत्रकारिता जिस सम्मान के साथ खड़ी है, उसमें हजारी बाबू के योगदान को विस्मृत नहीं किया जा सकता। मेरे लिये यह भी एक सुखद प्रतीति है कि हजारी बाबू ने जो परम्पराएं कायम की उनका अनुसरण उनके सुयोग्य पुत्र राजेश शर्मा, राकेश शर्मा और सोमेश शर्मा तथा अन्य परिजन बड़ी कुशलता से कर रहे हैं।

आज उनकी पुण्यतिथि पर मैं हजारी बाबू की स्मृति को प्रणाम करता हूं।

■ डॉ. मनोहर प्रभाकर

# 41 लाख की शराब ले जाते ट्रक पकड़ा, एक गिरफ्तार

## पशु आहार के कट्टों के नीचे अवैध शराब की 458 पेटियां मिली


आबकारी विभाग व पुलिस ने अवैध शराब जब्त की।

■ ट्रक लुधियाना, पंजाब से कोटा, रांची झारखंड की ओर जा रहा था

**निवाई, (निसं)।** आबकारी विभाग व पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध शराब ले जाते हुए एक ट्रक को जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

निवाई आबकारी निरीक्षक रामकृष्ण मीणा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर अवैध शराब के परिवहन की रोकथाम को लेकर आबकारी विभाग एवं आबकारी आयुक्त ओम कसेरा एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त अमानुल्लाह खान के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम में सुरेन्द्रसिंह जमादर, रामरतन मीणा, पृथ्वीसिंह, लक्ष्मण, बाबूलाल, मदनलाल, हरिद्वारी, हरचन्दा, नन्दलाल, लक्ष्मी मीणा व वाहन चालक सनराज मीणा को शामिल करके कार्यवाही की गई।

इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर 52 पर स्थित पौल्याडा चौकी देवली पर आबकारी निरीक्षक रामकृष्ण मीणा, प्रहराधिकारी रामसहाय नारेड़ा, देवली जाप्ता आबकरी निरीक्षक अशोक कुमार डिडेल एवं प्रहराधिकारी हेमराज जाटव ने कार्यवाही करते हुए एक ट्रक को रूकवाकर चेक किया तो ट्रक में पशु आहार के कट्टों के नीचे पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब की 458 पेटी भरी हुई मिली। जिसका बाजार मूल्य करीब 41 लाख आंका गया है। पुलिस ने अवैध शराब व ट्रक को जप्त करके आरोपी विजय साहानी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि चालक से प्रांरभिक पूछताछ में सामने आया कि ट्रक लुधियाना, पंजाब से कोटा रांची झारखंड की ओर जा रहा था। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनावों को मद्देनजर रखते हुए अवैध शराब एवं बाहरी राज्यों की शराब के विरूद्ध लगातार कारवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अवैध शराब परिवहन को लेकर आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है जिससे अन्य मामलों का भी खुलासा होने की संभावना है।

**बीकानेर में चोरी की दस बाइक सहित दो लोग गिरफ्तार :-** जिले में लगातार हो रही दोपहिया वाहन चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए श्री डूंगरगढ़ पुलिस ने एक बड़े दोपहिया वाहन चोर गिरोह को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों से चोरी की गई 10 मोटर साइकिल बरामद की गई है। थानाधिकारी अशोक विश्नोई ने बताया कि इन दस बाइकों में से चार बाइक श्री डूंगरगढ़ क्षेत्र की पकड़ी गई हैं एवं अन्य में दो छापर थाना क्षेत्र की एवं अन्य चार बाइक आसपास के क्षेत्र से चोरी की गई थी। थानाधिकारी ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में सरदारशहर के गांव रूपलीसर निवासी लालचंद पुत्र पुर्णाराम प्रजापत व सुनील पुत्र फरसाराम जाट निवासी मेहरासर शामिल हैं। आरोपियों को श्रीडूंगरगढ़ थाने में गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके अलावा गैंग के दो लोग जेल में हैं, जिन्हें प्रोटेक्शन वांरट पर लिया जाएगा। इन बाइकों में से श्रीडूंगरगढ़ में चोरी हुई एक बुलेट बाइक बिग्गाबास में घर के आगे से, दूसरी बुलेट जिम के आगे से एवं एक पल्सर भी बरामद हो गई है। फिलहाल, पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी हुई है।


## छात्रा ने आत्महत्या की

**डूंगरपुर, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के सुरपुर सामीतेड फला में 10वीं कक्षा की एक छात्रा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव घर में साड़ी के फंदे से लटका मिला। घटना के बाद लोग इकट्ठे हो गए। इस दौरान छात्रा घर में अकेली थी। मां और भाभी बाजार और पिता व भाई गुजरात गए हुए थे। सदर थाना क्षेत्र के सुरपुर सामीतेड फला निवासी नेहा पुत्री नेपाल रोत गांव के ही स्कूल में 10वीं कक्षा में पढ़ाई करती है। गुरुवार को वह स्कूल भी नहीं गई थी। मां और भाभी गांव में गए थी और पिता और भाई गुजरात में मजदूरी करते हैं। नेहा घर पर अकेली थी। उसी समय उसने घर में साड़ी से फंदा लगा लिया। देर शाम मां घर आई तो बेटी को फंदे पर देखकर होश उड़ गए। चिल्लाने की आवाज सुनकर आस-पास के लोग दौड़कर आए, लेकिन नेहा की मौत हो गई थी। घटना की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शव को फंदे से नीचे उतरने के बाद डूंगरपुर हॉस्पीटल की मोर्चरी में रखवाया। वहीं, परिजनों ने बेटी की मौत को लेकर रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस पोस्टमार्टम को लेकर कार्रवाई कर रही है।

## टैंकर ने बाइक सवार को कुचला

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में एक एसिड से भरे टैंकर ने बाइक सवार युवक को चपेट में लेते हुए कुचल दिया। युवक को टैंकर ने करीब सौ फीट तक घसीटता रहा, जिससे इसके शव के चिथड़े-चिथड़े हो गए। युवक फाईनेंस कंपनी में काम करता था। पुलिस के अनुसार मनोज कुमार (25) पुत्र राजेन्द्र सिंह जाटव निवासी दूदरी कटूम्बर अलवर हाल आरके पुरम जो अशोक स्थित गोविन्द फाईनेंस प्राईवेट लिमिटेड में एमवीएम के पद पर काम करता था। यह युवक शुक्रवार सुबह देबारी से पिण्डवाडा रोड की ओर जा रहा था।

# हत्या करके अस्पताल में शव को छोड़कर भागे बदमाश


हॉस्पिटल में पूर्व विधायक रणधीर सिंह भीण्डर सहित परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

■ मृतक की पहचान बड़ा राजपुरा निवासी मदन मोहन के रूप में हुई

**भीण्डर, (निसं)।** भीण्डर के गुलाबसिंह शक्तावत राजकीय सामान्य चिकित्सालय में शुक्रवार सुबह तीन अज्ञात व्यक्ति एक युवक को लेकर आए और छोड़ करके भाग गये। युवक की जांच की तो वो मृत पाया गया, जिसके बाद भीण्डर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मृतक की पहचान कानोड के निकट बडा राजपुरा गांव निवासी मदनमोहन पाटीदार पिता कैलाश चंद (30) के रूप में की। आशंका जताई जा रही है कि मृतक के साथ किसी अन्य स्थान पर मारपीट की गई, जिससे उसकी मौत हो गई और बदमाश इलाज के लिए भीण्डर हॉस्पिटल छोड़ करके भाग गये। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवा करके परिजनों को सौंपा, जिसका गांव में अंतिम संस्कार किया।

भीण्डर थानाधिकारी पूनाराम गुर्जर ने बताया कि भीण्डर हॉस्पिटल में शुक्रवार सुबह करीब नौ बजे एक अल्टो कार में तीन जने एक युवक को लेकर आए। चिकित्सा स्टॉफ को तीनों ने बताया कि युवक की डूंगला की तरफ दुर्घटना हो गई थी, डूंगला में इलाज नहीं होने से भीण्डर हॉस्पिटल लेकर आएं है। इसके बाद तीन जने इमरजेंसी के बाहर युवक को लैटाकर करके चले गये। युवक की चिकित्सकों ने जांच की तो वो मृत पाया गया। जिस पर तुरन्त भीण्डर पुलिस थाने में सूचना दी गई। भीण्डर पुलिस ने मौके पर पहुंच करके मृतक के शव का फोटो आसपास क्षेत्र में भेजा तो मृतक की पहचान कानोड के निकट बडा राजपुरा गांव निवासी मदनमोहन पिता कैलाशचंद पाटीदार के रूप में हुई। जिसके बाद परिवारजनों को सूचना दी गई, वहीं पुलिस ने भीण्डर हॉस्पिटल के सीसीटीवी फुटेज खंगाल करके शव को छोड़ने आए लोगों और गाड़ी की पहचान करके उनको खोजने में जुट गई है।

मृतक मदनमोहन पाटीदार कानोड रेलवे स्टेशन रोड पर एक किराणा स्टोर का संचालन करता है। कल दुकान पर कुछ समय में आने का बोल करके गुरूवार सुबह करीब 12 बजे अपनी बाइक लेकर निकला था, लेकिन उसके बाद से दूकान व घर पर नहीं लौटा था। आज सुबह जब परिवारजनों को पता चला तो तुरन्त भीण्डर हॉस्पिटल पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि ईडरा गांव में एक शराब का ठेका भी है जो इसका साझेदार संभालता है। मृतक के एक 10 वर्षीय पुत्री व 6 वर्षीय पुत्र है। वहीं मृतक के पिता कैलाशचंद पाटीदार लूणदा स्कूल में सरकारी अध्यापक है। घटना की सूचना पर जनता सेना संरक्षक व पूर्व विधायक रणधीर सिंह भीण्डर हॉस्पिटल पहुंच करके मृतक के परिजनों व ग्रामीणों से मिलकर जानकारी ली। इसके बाद वल्लभनगर डिप्टी रविन्द्रप्रताप सिंह से घटना का जल्द से जल्द खुलासा करके आरोपियों की गिरफ्तारी करने की मांग रखी।

## ईआरसीपी, नवनेरा लिंक परियोजना और ईआरसीपी के साथ एकीकृत संशोधित पीकेसी की तुलना

| विवरण | नवनेरा–गलवा बीसलपुर–ईसरदा लिंक, (कांग्रेस सरकार द्वारा मंजूर) | पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) (मूल डीपीआर) | ईआरसीपी के साथ एकीकृत संशोधित पीकेसी परियोजना (भारत सरकार द्वारा इंटर लिंकिंग योजना में अनुमोदित) |
|---|---|---|---|
| पेयजल मांग | यह योजना केवल तीन जिलों अर्थात् जयपुर, अजमेर और टोंक की पेयजल आवश्यकताओं को पूरा करेगी। | यह योजना राजस्थान के तेरह जिलों अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, दौसा, जयपुर, अजमेर, टोंक, बूंदी, कोटा, बारां और झालावाड़ को पीने का पानी उपलब्ध कराएगी। | राजस्थान के 13 जिलों यथा अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, दौसा, जयपुर, अजमेर, टोंक, बूंदी, कोटा, बारां और झालावाड़ के साथ मध्य प्रदेश के 13 जिलों में पेयजल । |
| सिंचाई क्षमता का सृजन एवं स्थरीकरण | कोई सिंचाई क्षमता एवं स्थरीकरण की परिकल्पना नहीं की गई है। | डीपीआर में राजस्थान के नवीन 2 लाख हेक्टेयर एवं 80 हजार हेक्टेयर स्थरीकरण का उल्लेख है | राजस्थान में कुल 2 लाख 80 हजार हेक्टेयर क्षेत्र एवं मध्यप्रदेश में 2 लाख 80 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई एवं स्थरीकरण |
| रास्ते में पड़ने वाले बांधों को जोड़ा जाना | शून्य | 26 बांध | लगभग 90 बांधों को जोड़ा जाना है। |
| अंतर–राज्यीय मंजूरी | परियोजना के घटकों को वांछित 75 % से अधिक पानी निकालने के लिए डिजाइन किया गया है, इसलिए यह एक अंतर–राज्यीय मुद्दा है। मध्य प्रदेश ने इस प्रोजेक्ट को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट में केस दायर किया है। | अंतर–राज्यीय मुद्दे मौजूद है, क्योंकि परियोजना के घटकों को 50 निर्भरता पर डिजाइन किया गया है। मध्य प्रदेश 50 फीसदी पानी की निर्भरता पर इस परियोजना पर सहमत नहीं है। | अतंरराज्यीय मुद्दे होने की संभावना नहीं है क्योंकि राजस्थान और मध्यप्रदेश दोनों राज्यों को लाभ होगा। परियोजना का निर्माण दोनों राज्यों की सर्वसहमति पर। दिनांक 28.01.2024 को दोनों राज्यों एवं केन्द्र सरकार के मध्य डीपीआर बनाने हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर। न्यायिक विवाद की संभावना नहीं है। |
| भविष्य में अंतर्राज्यीय संघर्ष | पहले से ही संघर्ष और आगे भी संघर्ष की संभावना | मौजूदा रूप में भी और आगे भी संघर्ष की संभावना | क्योंकि राजस्थान और मध्य प्रदेश की सहमति होगी इसलिए विवाद की संभावना नहीं। दिनांक 28.01.2024 को दोनों राज्यों एवं केन्द्र सरकार के मध्य डीपीआर बनाने हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर। दोनों राज्यों की सहमति के आधार पर परियोजना का निर्माण |
| परियोजना (राष्ट्रीय परियोजना) के रूप में स्वीकृति की संभावना | सीडब्ल्यूसी के तकनीकी दिशानिर्देश के मुताबिक ILR/राष्ट्रीय परियोजना के रूप में अयोग्य | सीडब्ल्यूसी के तकनीकी दिशानिर्देश के मुताबिक ILR/राष्ट्रीय परियोजना के रूप में अयोग्य | नदियों को जोड़ने की प्राथमिकता वाली परियोजना (आईएलआर) के रूप में पहले से ही चिन्हित, जिसे आईएलआर और एससीआईएलआर की टास्क फोर्स (केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री की अध्यक्षता वाली शीर्ष समिति) ने मंजूरी दे दी है। दिनांक 28.01.2024 को दोनों राज्यों एवं केन्द्र सरकार के मध्य डीपीआर बनाने हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर। |
| वित्तीय स्वरूप | राजस्थान को लगभग 15000 करोड़ की पूरी परियोजना लागत वहन करनी होगी। | राजस्थान को 40,000 करोड़ रूपये का संपूर्ण परियोजना लागत वहन करनी होगी। इससे राज्य के खजाने पर भारी बोझ पड़ेगा क्योंकि पूंजीगत व्यय बहुत अधिक है। | परियोजना को भारत सरकार द्वारा इंटर लिंकिग ऑफ रिवर योजना के अन्तर्गत सम्मलित किया गया हैं। इस योजना के अन्तर्गत केन्द्र सरकार के द्वारा केन–बेतवा परियोजना के अनुरूप केन्द्रीय सहायता संभावित है। |
| संसाधनों का अनुकूलन | भविष्य में किसी तरह के विस्तार की गुंजाइश नहीं, अगर विस्तार किया जाता है तो मौजूदा व्यय की बर्बादी होगी। | चूंकि विशेष रूप से राजस्थान के लिए परियोजना का निर्माण, इसलिए सह–बेसिन राज्यों से लागत व्यय में कोई मदद नहीं। | संयुक्त एकीकृत योजना के परिणामस्वरूप संरचना की लागत के साथ–साथ सह–बेसिन राज्यों के बीच इसके उपयोग को साझा किया जाएगा। इसलिए यह किफायती होने के साथ–साथ बड़े क्षेत्र और आबादी को लाभ प्रदान करेगा। |
| समय | अंतर–राज्यीय मुद्दों और राज्य सरकार से धन की कमी के कारण परियोजना क कार्यान्वयन में देरी, इस प्रोजेक्ट को रोकने के लिए एमपी ने सुप्रीम कोर्ट में केस दायर किया है। | चूंकि आवश्यक पूंजी निवेश की मात्रा बहुत बड़ी है, इसलिए निश्चित रूप से राज्य सरकार से धन की कमी के साथ–साथ अंतर–राज्यीय मुद्दों के कारण परियोजना के कार्यान्वयन में देरी हो सकती है। एमपी ने अंतरराज्यीय मुद्दों का हवाला देते हुए इस प्रोजेक्ट पर आपत्ति जताई है। | चूंकि लागत का बड़ा हिस्सा केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जाएगा, इसलिए पूरा होने की समयावधि एकल परियोजना की तुलना में कम होगी। कोई भी अंतर–राज्यीय विवाद की आंशका नहीं, क्योंकि परियोजना की योजना संबंधित राज्यों के बीच सर्वसम्मति से बनाई गई है। दिनांक 28.01.2024 को दोनों राज्यों एवं केन्द्र सरकार के मध्य डीपीआर बनाने हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर। विवाद नहीं होने के कारण परियोजना को कम समयावधि में पूर्ण किया जा सकेगा। |

# राजस्थान में एक नया प्रयोग कर रहे हैं, जिसकी शुरुआत जोधपुर से की जाएगी : दिलावर

■ शिक्षा मंत्री मदन दिलावर जोधपुर के दौरे पर रहे, संभागीय स्तर के अधिकारियों की बैठक ली

**जोधपुर, (कासं)।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर शुक्रवार को जोधपुर के दौरे पर रहे। वे अल सुबह जोधपुर सर्किट हाउस पहुंचे। उन्होंने यहां संभागीय स्तर के अधिकारियों की बैठक ली। इसके बाद स्वच्छता एवं सूर्य नमस्कार को लेकर बैठक में हिस्सा लिया। ये बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसके बाद दिलावर ने सर्किट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि हम राजस्थान में एक नया प्रयोग कर रहे हैं, जिसकी शुरुआत जोधपुर से की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी तक शिक्षा विभाग और पंचायती राज विभाग में जो भी निर्माण कार्य होते हैं, उनकी जानकारी अंग्रेजी में दी जाती है। हम कोशिश कर रहे हैं कि आगे से ये जानकारी हिंदी में उपलब्ध करवाई जाए, ताकि आम जनता को भी निर्माण कार्य की गुणवत्ता समझ में आ सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अभी हमारा पहला प्रयास यह है कि जो भी घोषणाएं की गई हैं, पहले उनका पूरा करें। हम सिर्फ घोषणाएं पर घोषणाएं नहीं करना चाहते बल्कि उसे पूरा करना हमारा उद्देश्य है। स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले इतिहास विषय के सवाल पर उन्होंने कहा कि कई जगह इसे तोड़मरोड़ कर लिखा गया है। कांग्रेस तो यह भी कहती है कि वीर सावरकर देशभक्त है ही नहीं, अगर इस तरह के अंश किताबों में होंगे तो उन्हें हटाया जाएगा।

इससे पहले शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने सर्वांगीण स्वच्छता को प्राथमिक जरूरत बताते हुए परिवेशीय स्वच्छता के प्रति हर स्तर पर सार्थक प्रयासों में गंभीरतापूर्वक समर्पित प्रयासों में जुटने का आव्हान किया। शिक्षा मंत्री ने शुक्रवार को जोधपुर जिला कलेक्ट्रेट सभागार में स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत गतिविधियों की समीक्षा बैठक में यह आव्हान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप स्वच्छता पखवाड़े को सफल बनाने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी एवं पूर्ण समन्वय के साथ जुटें और इसमें कहीं कोई कमी न रहने दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का कार्य एक पखवाड़े या अभियान तक सीमित नहीं रहे बल्कि इसे 365 दिनों में नियमित रूप से जारी रखने की आवश्यकता है।

इसके लिए स्वच्छता को अपनी जीवनशैली का अहम हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को ग्राम पंचायत, उपखंड, ब्लॉक और वार्ड से लेकर हर स्तर पर अपनाने की जरूरत है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में स्वच्छता की दृष्टि से पंचायत कार्यालय, सार्वजनिक एवं विद्यालयों के शौचालयों की सफाई सुनिश्चित की जाए। इसके लिए नियमित निरीक्षण व समीक्षा पर पूरा-पूरा ध्यान दिया जाए। खासकर प्लास्टिक के उपयोग पर रोकथाम के लिए कारगर प्रयास करें। इसके लिए उन्होंने सभी अधिकारियों से आव्हान किया कि स्व अनुशासन से प्लास्टिक के उपयोग को रोकें और समाज में सम्पूर्ण स्वच्छता का आदर्श वातावरण स्थापित करें।

## होटल के बंद कमरों से जेवर और नगदी चोरी

### निजी होटल में सगाई कार्यक्रम के दौरान चोरी होने का मामला

**जैसलमेर, (निसं)।** जैसलमेर शहर स्थित एक निजी होटल में एक सगाई कार्यक्रम के दौरान चोरी हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद भी होटल कर्मियों द्वारा कोई एक्शन नहीं लेने पर शहर कोतवाली में चोरी की शिकायत दी गई है। शिकायत देने वाले संजीव मित्तल ने होटल के स्टाफ पर ही चोरी करने का आरोप लगाकर पुलिस को कार्रवाई करने की मांग की है।

शिकायत करने वाले संजीव मित्तल पुत्र शिव कुमार मितल निवासी जैसलमेर ने बताया कि 29 जनवरी को एक होटल हैरिटेज हम एक सगाई अटेण्ड कर रहे थे। उस होटल में हमारे पास दो रूम थे। जब हम सगाई का फंक्शन अटेण्ड करने गए और रात को लौटे तो दोनों कमरों में सामान बिखरा था। संजीव ने बताया कि कमरों की खिड़की दरवाजे सब बंद थे। लेकिन उसके बावजूद सामान बिखरा था और दोनों कमरे से करीब 26 हजार रुपए और एक पर्स से सोने के एक तोले के झुमके जिनकी कीमत करीब 90 हजार रुपए है, गायब थे जबकि चाबी केवल हमारे पास ही थी।

एक मास्टर चाबी होटल वालों के पास होती है। हमने होटल वालों को शिकायत की, लेकिन उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। संजीव ने बताया कि जिस जगह उनके कमरे थे उस जगह सीसीटीवी भी नहीं है। इससे साफ जाहिर होता है कि इस चोरी में कहीं ना कहीं होटल स्टाफ की मिलीभगत है। संजीव ने पुलिस को भी मौके पर बुलाया और घटना बताई। तब सगाई फंक्शन के बाद कार्रवाई की बात पुलिस द्वारा की गई। अब संजीव ने थाना कोतवाली में इस चोरी की घटना की शिकायत दी है ताकि चोरों पर कार्रवाई हो सके।

## पति-पत्नी ने आत्महत्या की

**बीकानेर, (निसं)।** बीछवाल थाना इलाके में किराए के मकान में पति-पत्नी ने पंखे के हुक पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कमरे में बिस्तर पर पांच साल की बच्ची भी मिली है। फिलहाल, बच्ची को बीछवाल थाना पुलिस ने अपने संरक्षण में ले लिया है।

शुक्रवार सुबह मकान में से बच्ची के रोने की लगातार आवाज आने पर पड़ोसियों को शक हुआ और उन्होंने अमित के रिश्तेदार को फोन कर बताया कि मकान में कोई हलचल नहीं हो रही है। बच्ची लगातार रो रही है। घर के दरवाजों को खोलने पर सभी पड़ोसियों के होश उड़ गए। घटना की सूचना मिलने के बाद जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम बीछवाल थाना अधिकारी महेंद्र दत्त मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पति-पत्नी के शव अपने कब्जे में लेकर पीबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक अमित कुमार, पूनम कुमारी पति-पत्नी थे। अमित कुमार झुंझुनू जिले के सूरतगढ़ तहसील के धुलानिया का रहने वाला है। वे यहां करणी नगर बी ब्लॉक में किराए के मकान पर रहता था। अमित कुमार बीकानेर में सोलर कंपनी में काम करता था।

## हैंगिंग डिवाइस नहीं पाए जाने पर हॉस्टल सीज

### कोचिंग छात्र की आत्महत्या के प्रकरण में कार्रवाई की

**कोटा, (निसं)।** कोचिंग छात्र की आत्महत्या के प्रकरण में तलवंडी क्षेत्र के एक छात्रावास को अंतरिम रूप से सीज कर दिया गया है। जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी ने बताया कि उक्त छात्रावास में निर्धारित गाइडलाइन की पालना नहीं पाए जाने पर यह कार्रवाई की गई है।

उन्होंने बताया कि गत दिनों एक छात्र द्वारा आत्महत्या के प्रकरण में जांच करने पर निर्धारित गाईडलाईन के अनुरूप कमरे में हैंगिंग डिवाइस का नहीं होना पाया गया। इस मामले में अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट की अदालत में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई। जांच रिपोर्ट के आधार पर अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने धारा 133 सीआरपीसी के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए तलवंडी स्थित कंचन रेजिडेंसी को सीज किया गया। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट बृजमोहन बैरवा ने बताया कि 31 जनवरी को पारित आदेश की पालना सुनिश्चित करने के लिए हिसुब सोनी निवासी तलवंडी कंचन रेजीडेंसी एवं हॉस्टल संचालक तथा रघुनंदन शर्मा निवासी मथुरालाल हलवाई के पास बाजार नंबर 2 रामगंजमंडी थाना रामगंजमंडी ग्रामीण हाल वार्डन कम केयरटेकर कंचन रेजीडेंसी को न्यायालय द्वारा पारित आदेश की पालना में उल्लेखित शर्तों की अक्षरश: पालना करने के लिए पाबन्द किया गया है।

उक्त रेजीडेंसी में 32 कमरे हैं जिनमें से 10 कमरों में छात्र निवासरत हैं तथा 22 कमरें खाली करवाए जा चुके हैं। शेष 10 कमरों में रह रहे 10 छात्रों को 5 फरवरी तक अन्यत्र रेजीडेंसी में शिफ्ट करने के लिए रेजीडेंसी के संचालक व वार्डन ने जरिए प्रार्थना पत्र अवगत कराया गया है। रेजीडेंसी के संचालक एवं वार्डन द्वारा पारित आदेश की पूर्णतया पालना सुनिश्चित करने के लिए लिखित में पाबन्द किया जा चुका है।

# उद्योग डवलपमेंट सरकार की जिम्मेदारी : राज्यवर्धन सिंह

## केबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह हस्तशिल्प मेले में आयोजित संगोष्ठि में शामिल होने जोधपुर आए

**जोधपुर, (कासं)।** उद्योग एवं केबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह शुक्रवार को जोधपुर हस्तशिल्प मेले में सहकार से समृद्धि एवं उद्योग से विकास संगोष्ठि में शामिल होने के लिए जोधपुर आए। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि लघु उद्योग डवलपमेंट की जिम्मेदारी हमारी सरकार की है, चाहे वह सोलर एनर्जी हो या चाहे रिवेनेबल एनर्जी हो। एनर्जी में कोई कमी नहीं रहेगी। इंडस्ट्रीज तक हम गैस पाइप लाइन को पहुंचाएंगे। यहीं हमारी प्राथमिकता रहेगी। हमारी सीआईआई के साथ भी बैंठकें हुई है। सरकार हर तरह से उद्योगों को सुविधा देगी ताकि उद्योग बढ़े और साथ-साथ स्वस्थ वातावरण बनें। सभी व्यवसायों का आगे बढऩे का मौका मिले।

राज्यवर्धन सिंह ने कहा कि युवाओं के लिए मुख्यमंत्री ने बड़े लक्ष्य रखे हैं। प्रदेश में जल्द ही बड़ी घोषणा की जाएगी। बड़ी योजना बन रही है। हमारे लक्ष्य बड़े हैं हम साधन भी जुटाएंगे। राजस्थान में ऐसा माहौल बनेगा जिसमें पीने का पानी, बिजली, सड़क के साथ हमें वर्ष 2047 तक विकसित भारत का निर्माण करना है। इसमें राजस्थान एक अग्रणी राज्य रहेगा।

राज्यवर्धन सिंह ने कहा कि हैण्डीक्राफ्ट उद्योग में आने वाली समस्याओं जिनमें बिजली कटौती को लेकर भी हल निकाला जाएगा। इसके लिए उर्जा की कमी नहीं आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यकाल के कल पेश किए गए अंतरिम बजट पर राज्यवर्धन सिंह ने कहा कि भारत बहुत तेजी से बढ़ती हुई जीडीपी की तरफ बढ़ रहा है। दुनिया में ग्रोथ रेट सबसे ज्यादा है। इस ग्रोथ रेट का बना के रखना है। यह केंद्र सरकार का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री ने कमजोरी को हमारी ताकत बना दिया है। भारत दुनिया में एक्सपोर्ट के मामले में अग्रणीय हो गया है। बजट उसी को ध्यान में रखकर बनाया गया है। पिछली सरकार ने केवल अपने स्वार्थ के लिए काम करा।

आखिर के छह माह में हर तरह के रूल्स रेगुलेशन को ताक पर रखा दिया था। उन कामों के लिए समीक्षा कमेटी बनाई गई है। उन्होंने ने कहा कि पूरे साल में पिछली सरकार ने जो बेसिक रूल्स के निर्णय लिए है उस पर भी वापिस सोच विचार होगा। खेल में हुए घोटाले पर कहा कि इसकी वित्त मंत्रालय द्वारा जांच कराई जाएगी। शहरी एवं ग्रामीण ओलंपिक जारी रहेंगे या नहीं इस सवाल पर उन्होंने कहा कि 200 करोड़ खर्च हुए क्या दिया। यह खेल मंत्रालय के बजट का चार गुणा है। इससे ना तो किसी को नौकरी का सर्टिफिकेट मिला और ना ही कोई स्टेडियम बन पाया। खेल मंत्रालय जो भी करेगा अच्छी घोषणाएं करेगा जिसका दूरगामी परिणाम आएगा। लक्ष्य निर्धारित कर योजनाएं बनती है।

# सरकार के आदेश के बावजूद जे.डी.ए. से नहीं हटाए आधे से ज्यादा टाउन प्लानर!

## राज्य सरकार ने पिछले दिनों आदेश जारी कर तमाम सरकारी महकमों से सेवानिवृत्त व संविदा पर लगे कार्मिकों को तुरंत हटाने के आदेश दिए थे

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के तमाम सरकारी महकमों में लगे हुए सेवानिवृत अधिकारी-कर्मचारियों और प्लेसमेंट एजेंसियों द्वारा लगे हुए कार्मिकों को हटाने का आदेश दिया था, इसके बावजूद जयपुर विकास प्राधिकरण में आधे से ज्यादा टाउन प्लानर्स को नहीं हटाया गया है। नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने भी इस संबंध में आदेश दिया था, इसके बाद स्वायत्त शासन निदेशक सुरेश ओला ने ऐसे सभी कार्मिकों को हटाकर इसकी पालना रिपोर्ट पेश करने का आदेश जारी किया था। इसके बावजूद जेडीए का महकमा सरकार के आदेशों की धज्जियां उडाने में लगा हुआ है।

- **अब जेडीए के अफसर दलील दे रहे हैं कि पद खाली होने की वजह से सभी लोगों को नहीं हटाया गया। रिटायरमेंट के बाद और संविदा पर लगे कार्मिकों को पूरी तरह हटाने या रोकने के स्पष्ट आदेश नहीं थे।**
- **सूत्रों की मानें तो इन दिनों जेडीए में लैंड फॉर लैंड के प्रकरणों की सूची तैयार की जा रही है। इसमें करीब 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा की जमीनों का आवंटन जांच के दायरे में है।**

सूत्रों की मानें तो राज्य सरकार के आदेश के बाद कई सरकारी विभागों में कार्यरत सेवानिवृत कार्मिक और पिछले दरवाजे से एजेंसियों के जरिए लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को हटाया गया। पुलिस और स्वायत्त शासन विभाग समेत कई विभागों में सैकड़ों लोगों की छुट्टी कर दी गई। लेकिन, जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) में टाउन प्लानिंग विंग के आधे लोग ही हटाए गए, इससे हटाए गए टाउन प्लानर्स और अन्य लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

हटाए गए कार्मिकों का कहना है कि राज्य सरकार के आदेश के तहत सभी लोगों को हटाया जाना चाहिए था। लेकिन, जेडीए के अफसरों ने अपने चहेते लोगों को रोक लिया जबकि बाकी लोगों को हटा दिया गया। अब वे लोग हाईकोर्ट जाने की तैयारी में हैं। हटाए गए लोगों का आरोप है कि नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के तहत भ्रष्टाचार रोकने के लिए जबरदस्त कार्य कर रहे हैं। लेकिन, जेडीए के अफसर जानबूझकर उनके आदेशों की अनदेखी करने के साथ ही उन्हें गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

आरोप है कि जेडीए टाउनशिप विंग में जिन टाउन प्लानर्स को रोका गया है, उनमें कई तो ऐसे हैं जो खुद के या धर्म पत्नी के नाम से कंपनी अथवा फर्में चला रहे हैं। इन लोगों की आयोजना शाखा में जबरदस्त सांठगांठ है। हटाए गए अरबन प्लानर कह रहे हैं कि जिन अरबन प्लानर्स को रेशनालाइजेशन के नाम पर रोका गया है, उनमें उन्होंने भी वही काम किए हैं, जो हम लोगों ने किए थे। लेकिन, इनमें अधिकतर नियमित नगर नियोजकों के दिलों के काफी करीब है। सूत्रों की मानें तो इन दिनों जेडीए में लैंड फॉर लैंड के प्रकरणों की सूची तैयार की जा रही है। इसमें करीब 1000 करोड़ रुपए से ज्यादा की जमीनों का आवंटन जांच के दायरे में है।

वहीं दूसरी ओर टाउन प्लानिंग शाखा के अधिकारियों का कहना है कि खाली पदों के कारण 17 अरबन प्लानर्स को रोका गया है। राज्य सरकार के आदेश के तहत संविदा पर काम कर रहे कुल 20 टाउन प्लानरों को हटाया गया है।

इनमें 17 जेडीए में और 3 मंत्रालय में काम कर रहे है। जेडीए में जो पद खाली थे, उनके हिसाब से 17 लोगों को रोका गया है। रिटायरमेंट के बाद और संविदा पर लगे कार्मिकों को पूरी तरह हटाने या रोकने के स्पष्ट आदेश नहीं थे। जेडीए का काम प्रभावित ना हो, इसलिए कुछ लोगों को अभी नहीं हटाया गया है।

## 'फसल खराबे की भरपाई के लिए सरकार कटिबद्ध'

**जयपुर** । कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने शुक्रवार को पंत कृषि भवन में किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की पॉलिसियों का वितरण कर रबी 2023-24 की 'मेरी पॉलिसी मेरे हाथ' अभियान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कृषि मंत्री ने कहा कि कृषकों को समय पर बीमा पॉलिसी की हार्ड कॉपी नही मिलने से खराबा होने पर फसल की जानकारी एवम किसानों को बीमा के प्रति जागरुक करने के लिए पूरे प्रदेश में ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शिविर लगाकर पॉलिसियों का वितरण 2 फरवरी से 29 फरवरी तक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो किसान इन शिविरों में पॉलिसी प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं, वे अपनी फसल बीमा पॉलिसी संबंधित कृषि पर्यवेक्षक से प्राप्त कर सकेंगे। डॉ. मीणा ने कहा कि किसानों को ओलावृष्टि, चक्रवात और चक्रवाती वर्षा जैसी प्राकृतिक आपदाओं से नुकसान झेलना पड़ता है। इन आपदाओं से कृषकों को राहत प्रदान करने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वरदान साबित हो रही है। केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा निरन्तर प्रचार-प्रसार और किसानों को समय पर बीमा क्लेम का भुगतान मिल जाने से इस योजना की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानो को इन विकट परिस्थितियों में नुकसान होने पर सरकार द्वारा सहायता मिलने से आर्थिक मजबूती मिलती है।

# आवासीय प्लॉट पर बनी होटल व प्री-स्कूल सीज

## जे.डी.ए. की प्रवर्तन विंग की आवासीय योजना 'महल बी ब्लॉक' में कार्रवाई

**जयपुर** । जेडीए की प्रवर्तन विंग ने शुक्रवार को आवासीय प्लॉट पर संचालित 4 मंजिला होटल और बेसमेंट में संचालित प्री-स्कूल को सीज किया।



मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन-9 स्थित जेडीए अनुमोदित आवास योजना महल बी ब्लॉक के भूखण्ड संख्या-बी64 में अवैध तरीके से 4 मंजिला बिल्डिंग बनाकर होटल कर्मा इन संचालित की जा रही थी। आवासीय प्लॉट पर होटल चलाने पर भू-स्वामी को जेडीए प्रशासन ने नोटिस भी थमाया, लेकिन उसकी मनमानी नहीं थमी। इस पर शुक्रवार को बिल्डिंग के प्रवेश द्वार पर ईंटों की दीवार चुनवाकर और गेटों पर ताले सील-चपडी लगा कर नियमानुसार कार्यवाही की गई।

सीलिंग में हुए खर्च की वसूली भू-स्वामी से की जायेगी। इसी तरह महल बी ब्लॉक के भूखण्ड संख्या-बी21 पर बेसमेन्ट में प्री-स्कूल एंड डे केयर का संचालन हो रहा था। नोटिस देने के बावजूद संचालक बैकफुट पर नहीं आया, इस पर शुक्रवार को बेसमेंट भी सील किया गया।

## ज्वैलर को लूटने का प्रयास

**जयपुर** । हरमाड़ा इलाके में नकाबपोश बदमाशों द्वारा एक ज्वेलर्स से लूटपाट करने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि डंडो से ताबड़तोड़ वार कर ज्वैलर को बदमाशों ने घायल कर दिया। ज्वैलर के शोर मचाने पर बैग छोड़ बदमाश फरार हो गए। पुलिस को सूचना मिलने पर इलाके में नाकाबंदी करवाई, लेकिन बाइक सवार लुटेरों का सुराग नहीं लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल बदमाशों की तलाश कर रही है।

पुलिस ने बताया कि बालाजी विस्तार हरमाड़ा निवासी जितेन्द्र कुमार ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी नींदड मोड पर यश ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। रोज की तरह वह रात को दुकान मंगल करके जा रहे थे। दुकान से बैग में साढे तीन लाख रुपए की ज्वैलरी लेकर माचड़ा तिराहा होकर बाइक से घर की तरफ जा रहे थे। इस दौरान तिराहे पर पहले से खड़े दो बदमााशों ने डंडे से वार कर बाइक सहित नीचे गिरा दिया। इसके बाद ज्वैलर जितेन्द्र पर डंडो से ताबड़तोड़ वारकर घायल कर बैग छीनने की कोशिश की। लहूलुहान होने के बाद भी ज्वैलर ने बैग नहीं छोड़ा और शोर मचाने लग गया। शोर-शराबे की आवाज सुनकर लोगों को आते देखकर फरार हो गए। पुलिस की नाकाबंदी के बावजूद बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा।

# 'इनोवेशन, डिज़ाइन व एन्त्रोप्रेन्योरशिप बूटकैंप' संपन्न हुआ एस.के.आई.टी. में



**जयपुर** । स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एवं ग्रामोत्थान में 5 दिवसीय "इनोवेशन, डिज़ाइन एवं एन्त्रोप्रेन्योरशिप बूटकैंप (फेज़)" संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि प्रो. टी.जी. सीताराम, चेयरमैन-अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार समापन समारोह में ऑनलाइन शामिल हुए। उन्होंने छात्रों के हुनर की सराहना की एवं उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एसकेआईटी द्वारा आईडीई बुटकैम्प में किए गये प्रयासों की सराहना की और सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

एस.के.आई.टी. के अध्यक्ष सुरजा राम मील ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने सफल एवं महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए मूल्यों, संकल्प-शक्ति व टीम प्रयास के महत्व पर ज़ोर दिया। प्रो. (डॉ.) एस.एल. सुराना, डायरेक्टर एकेडमिक्स एसकेआईटी ने समारोह को संबोधित किया।

अटल इन्क्यूबेशन सेंटर, बनस्थली विद्यापीठ के सीईओ, डॉ. अभिषेक पारीख ने छात्र स्टार्ट-अप के लिए अनुदान एवं फंडिंग के अवसरों पर जानकारी दी। इन फंडिंग अवसरों का उद्देश्य इनोवेशन, उद्यिमता एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। छात्र अपने स्टार्ट-अप उद्यमों की सफलता के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता, मार्गदर्शन एवं नेटवर्किंग अवसरों तक पहुंचने के लिए इन तरीकों का पता लगा सकते हैं। दो पिच प्रस्तुति सत्र आयोजित किए गए जहां प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। वेलिडिक्टरी समारोह में भाग लेने वाली कुल 18 टीमों में से 5 सर्वश्रेष्ठ टीमों की घोषणा की। वाधवानी फाउंडेशन के मास्टर प्रशिक्षकों डॉ. शीनू जैन एवं धनुष को सम्मानित किया गया। बुट कैंप के एसपीओसी प्रो. पुनीत शर्मा ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

# जरूरतमंदों को आवास उपलब्ध करवाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : सुधांश पंत

**जयपुर** । राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत में कहा है कि राजस्थान सरकार गरीब मध्यम वर्ग सहित सभी जरूरतमंद लोगों को आवास उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। पंत शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित नेशनल रियल एस्टेट डवलपमेंट काउंसिल (नारडको) के 16वें राष्ट्रीय कन्वेंशन में भागीदारों को संबोधित कर रहे थे।




**नई दिल्ली में नेशनल रियल एस्टेट डवलपमेंट काउंसिल के 16वें राष्ट्रीय कन्वेंशन में राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांश पंत भी शामिल हुए।**

पंत ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में देश के सभी वर्गों को आवास सस्ते दरों में मिलने से बहुत फायदा हुआ है, अब लोगों को घर बनाना आसान हुआ है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना राजस्थान में भी बेहतर तरीके से क्रियान्वित की जा रही है। पंत ने कहा कि जरूरतमंद लोगों को सस्ते और किफायती आवास उपलब्ध करवाने के प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के विजन को राजस्थान के हर क्षेत्र में उत्कृष्टता से लागू करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। पंत ने कन्वेंशन के दौरान हाउसिंग निर्माण क्षेत्र से जुड़े हुए लोगों का आवाह्न करते हुए कहा कि राजस्थान में निर्माण के क्षेत्र में बहुत संभावनाएं उपलब्ध है। राजस्थान के टू-टायर और थ्री-टायर शहरों में हाउसिंग के क्षेत्र में काम के बहुत अवसर हैं। पंत ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार हाउसिंग के क्षेत्र में काम करने वाले सभी लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए तत्परता से काम करेगी।

# तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों व पुलिस में हल्की झड़प

**जयपुर** । शहीद स्मारक पर सोमवार से चल रहे धरने पर तृतीय श्रेणी शिक्षक लेवल-1 भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों को शुक्रवार को पांचवें दिन पुलिस ने बलपूर्वक हटाने की कोशिश की। हालांकि पुलिस को अभ्यर्थियों के आंदोलन के पीछे हटना पड़ा और अभ्यर्थियों ने अपना धरना जारी रखा। इसके बाद धरना स्थल पर एनएसयूआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ और कपिल कामरेड पहुंचे। जहां उन्होंने बीजेपी सरकार पर युवाओं के सपनों को अनदेखा करने का आरोप लगाया।

- **पुलिस ने शहीद स्मारक पर धरना दे रहे अभ्यर्थियों को हटाने की कोशिश की, लेकिन अभ्यर्थियों ने कहा, कि मांगें माने जाने तक प्रदर्शन करेंगे**

युवा हल्ला बोल प्रदेशाध्यक्ष ईरा बोस के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों की पुलिस से हल्की झड़प भी हुई। इसके बाद धरने को फिर शुरु होने के बाद अभ्यर्थियों ने कहा कि हमारा धरना लगातार जारी रहेगा। जब तक सरकार हमारी मांग पूरी नहीं करेगी। हम सरकार से मांग करते हैं की शिक्षक लेवल प्रथम के चयनित अभ्यर्थियों जिनको स्कूल भी मिल चुकी है उनको जल्द से जल्द से पैरवी करवाकर कोर्ट से राहत प्रदान की जाए और उन्हें नियुक्ति दिलवाएं।

गौरतलब है कि राज्य सरकार की ओर से सरकारी स्कूलों में प्राइमरी एजुकेशन देने के लिए 21 हजार शिक्षकों की भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित की गई। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने करीब 19 हजार पदों पर सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी की। इन सफल अभ्यर्थियों में से 16 हजार ने तो स्कूल जॉइन कर लिया, लेकिन करीब 3 हजार अभ्यर्थी आज भी जॉइनिंग लेटर का इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा कुछ प्रश्नों के उत्तर को लेकर मामला हाईकोर्ट में होने के चलते 2 हजार पदों पर रिजल्ट भी पेंडिंग चल रहा है। ऐसे में अभ्यर्थियों ने राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कोर्ट में उचित पैरवी करने और 3 हजार अभ्यर्थियों के नियुक्ति आदेश जारी करने की मांग को लेकर सोमवार से शहीद स्मारक पर धरना दे रहे हैं। तृतीय श्रेणी शिक्षक लेवल- 1 भर्ती परीक्षा के अभ्यर्थियों ने यथा स्थिति नियुक्ति की मांग को लेकर सोमवार से अपना विरोध दर्ज करवा रहे है। अभ्यर्थियों ने बताया कि सरकार की ओर से कोर्ट में उचित पैरवी नहीं हो रही और जिन प्रश्नों को लेकर मामला कोर्ट में फंसा हुआ है उनके जवाब भी पेश नहीं किए जा रहे हैं। यही नहीं, ऐसे हजारों अभ्यर्थी हैं जिन्हें स्कूल तक अलॉट हो चुके हैं, लेकिन नियुक्ति आदेश नहीं होने के चलते स्कूल के अंदर एंटर नहीं कर पा रहे हैं।

# एस.एम.एस. अस्पताल में जटिल ऑपरेशन कर मरीज के लीवर से कैंसर की गांठ निकाली

## डॉक्टर्स का दावा है कि प्रदेश में इस तरह का पहला ऑपरेशन हुआ

**जयपुर** । राजधानी के सवाई मानसिंह अस्पताल में एक मरीज के लीवर में हुई कैंसर की गांठ का जटिल ऑपरेशन किया गया। डॉक्टरों का दावा है कि इस तरह का प्रदेश में ये पहला ऑपरेशन है। ऑपरेशन के बाद मरीज अब रिकवर हो गया है।

हॉस्पिटल के एच.पी.बी. सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. दिनेश कुमार भारती ने बताया कि ये केस एंटेरियर सेक्शनेक्टमी ऑफ लीवर यानि की लीवर की गांठ का केस था। 55 साल का व्यक्ति तेज पेट दर्द और बुखार की शिकायत लेकर एसएमएस हॉस्पिटल पहुंचा था। यहां दूसरे डिपार्टमेंट के डॉक्टरों को दिखाने के बाद हिपेटो-पैनक्रियेटो-बीलियरी विभाग (एच.पी.बी.) में जांच कराने आया कि मरीज हैपेटाइटिस बी डायबिटिज से ग्रसित है। इस कारण व्यक्ति का लीवर खराब होने लग गया, जिसे सिरोसिस कहा जाता है।

इस कंडिशन में अगर लीवर से गांठ निकालनी होती है। इस दौरान लीवर के 50 से 60 फीसदी हिस्से को निकालना पड़ता है। इससे मरीज के रिकवर होने में बहुत परेशानी होती है। हमने मरीज की जान बचाने के लिए उसकी सर्जरी के दौरान कम से कम लीवर के हिस्से को निकालने की प्लानिंग की।

डॉ. दिनेश ने बताया कि सर्जरी से पहले जांच की तो पता चला कि मरीज के लीवर सेगमेंट 5 और 8 के बीच गांठ है। जो डायफ्राम के निचले हिस्से के नजदीक है। ऑपरेशन करके चीरा लगाने के बाद हमने लीवर के बीच के कुछ हिस्से को हटाते हुए गांठ को बाहर निकाला। इस प्रक्रिया में लिवर का 20 फीसदी ही हिस्सा बाहर निकाला गया। जांच में ये गांठ कैंसर की निकली। ये ऑपरेशन इतना जटिल था कि इस गांठ को निकालने में 5 घंटे का समय लग गया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन में डॉ. आशुतोष पंचोली, डॉ. पूनम कालरा, डॉ. संजय मोरवाल, डॉ. रोहन, डॉ. सिद्धार्थ ने भी सहयोग दिया।


# आर.पी.ए. में ट्रेनिंग ले रहा उपनिरीक्षक गिरफ्तार

**जयपुर** । वर्ष 2021 की उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा में एक परीक्षार्थी अपने स्थान पर डमी अभ्यर्थी को बैठा कर उपनिरीक्षक बन गया। परीक्षा पास करने के बाद उपनिरीक्षक राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) में ट्रेनिंग ले रहा था कि इसी दौरान किसी ने एसओजी की हेल्प लाइन पर कॉल कर उसकी पोल खोल दी। एसओजी ने तत्काल सूचना की तस्दीक कर शुक्रवार को आरपीए से उसे गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही सांचोर से डमी अभ्यर्थी को भी हिरासत में लिया गया है। डमी अभ्यर्थी इसी परीक्षा में एक अन्य अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देते पकड़ा गया था, जिसे जयपुर की ही एयरपोर्ट थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया था। एडीजी वीके सिंह ने बताया कि गिरफ्तार उपनिरीक्षक डालूराम मीणा दौसा के महुवा का रहने वाला है। वह वर्ष 2014 में पटवारी बना था। इसके बाद उसने उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा में आवेदन किया था। परीक्षा में उसके स्थान पर सांचोर के जोधावास निवासी हरचंद उर्फ हरीश देवासी बैठा था। परीक्षा केन्द्र पर उसकी पहचान न हो सकी। अगले ही दिन उसने किसी दूसरे अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा दी थी, जहां वह मौके पर ही पकड़ा गया था। यह मामला एयरपोर्ट थाने में दर्ज हुआ था।

- **डमी अभ्यर्थी से परीक्षा दिलवाकर बना था उपनिरीक्षक**

## सार-समाचार

### खर्रा ने किया महाराजा कप का शुभारंभ



**जयपुर** । नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने शुक्रवार को जयपुर के महाराजा कॉलेज ग्राउंड में 29 वें सत्येन्द्र पाल सिंह मेमोरियल महाराजा कप का शुभारंभ किया। गोखले महाराजा अलुमनी एसोसिएशन की ओर से आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में उद्घाटन मैच महारानी कॉलेज और सुबोध गर्ल्स कॉलेज के बीच हुआ। कार्यक्रम में राजस्थान विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर अल्पना कटेजा, ग्रेटर नगर निगम की भवन निर्माण समिति के चेयरमैन जितेंद्र श्रीमाली, महाराजा कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ एसएन ढोलिया, संस्था के संरक्षक कंवरसेन यादव, अनिल मितल उपस्थित रहे। अंतिम दिन 10 फ़रवरी को रक्तदान शिविर का भी आयोजन होगा।

### साईं बाबा का पंचामृत से अभिषेक

**जयपुर** । बापूनगर के मोती पार्क स्थित श्री साईं धाम के 18वें स्थापना दिवस पर शुक्रवार को सुबह कांकड़ आरती के साथ महोत्सव के आयोजन शुरू हुए। इसके बाद साईं बाबा की चांदी की पादुकाओं का 101 किलो पंचामृत से अभिषेक शुरू हुआ। बाबा की पादुकाओं का अभिषेक करने के लिए भक्तों में होड़ सी मची। बारी-बारी से भक्त बाबा की पादुकाओं का अभिषेक करते रहे। बाबा की पादुकाओं का करीब दो घंटे तक चले अभिषेक के बाद साईं बाबा का आकर्षक शृंगार किया गया, इसके बाद मध्यान्ह आरती हुई। साईं बाबा को प्रसादी का भोग लगाकर भक्तों को वितरण शुरू किया गया। प्रसादी के लिए अलग-अलग खंड़ों की व्यवस्था की गई है। इस बीच भजन संध्या काभी आयोजन किया गया। आयोजन से जुड़ी श्वेता शर्मा ने बताया कि भक्तों ने पंगत में बैठककर बाबा की प्रसादी पाई। प्रसादी वितरण देर रात तक चली। प्रसादी बनाने का काम एक दिन पहले से ही शुरू हो गया था। करीब साढ़े 5 क्वींटल सामग्री से प्रसादी तैयार हो रही है। रात तक करीब 35 हजार से अधिक भक्त प्रसादी पाएंगे। साईं पालकी महोत्सव में एक दिन पहले सांईं बाबा की पालकी शोभायात्रा निकाली गई। हाथी, घोड़े, ऊंट और शाही लवाजमे के साथ निकली पालकी यात्रा में सभी श्रद्धालु नाचते गाते जयकारे लगाकर निकले, गाजेबाजे के साथ श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए। महोत्सव में रामलला के भी दर्शन भी किए।

### बच्चों ने शास्त्रीय नृत्य का जादू बिखेरा

**जयपुर** । हरे कृष्ण मूवमेंट जयपुर की ओर से आयोजित कल्चरल कार्निवाल हैरिटेज फेस्ट का शुक्रवार को समापन हुआ, यह फेस्ट 29 जनवरी से शुरू हुआ जिसकी थीम रामायण पर रख गई थी । हेरिटेज फेस्ट में जयपुर के अलग अलग स्कूलों के हजारों बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कल्चरल कार्निवाल का उद्देश्य बच्चों को अपनी संस्कृति से जोड़ना था। फेस्ट के आखिरी दिन शास्त्रीय नृत्य प्रतयोगिता हुई, जिसमें बच्चों ने कत्थक, ओडीसी, भरतनाट्ययम, मोहिनियट्टम, मणिपुरी, कुचिपुडी, कथकली और सात्रिया परफॉर्म किया इनकी थीम रही पुराण, रामायण और महाभारत। सबसे ख़ास बात ये थी फेस्ट के स्टेज समापन समरोह में न्यूजीलैंड से भी मेहमान आये थे जिन्होंने इस फेस्ट के द्वारा भारतीय संस्कृति को बहुत करीब से जाना। निर्णायक मंडल में प्रसिद्द कत्थक नृत्यांगना मनीषा गुल्यानी, मंजरी किरण, तरुणा व्यास और निकिता मुद्गल थी, उन्होंने बच्चों के शास्त्रीय नृत्य की बहुत तारीफ़ की साथ ही उनकी हौसला अफजाई भी की। मंदिर के अध्यक्ष अमितासन ने बच्चों के शास्त्रीय नृत्य की कला को बहुत सराहा और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

### व्यापारी स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**जयपुर** । पानीपेच रोड व्यापार मंडल समिति के तत्वाधान में व्यापारी स्नेह मिलन समारोह का आयोजन स्वर्णकार सेवा सदन, आर.पी.ए रोड, पानीपेच पर शुक्रवार को किया गया । पानीपेच रोड व्यापार मंडल समिति के अध्यक्ष विष्णु बियानी व मीडिया प्रभारी मनीष केडिया ने बताया कि कार्यक्रम में ट्रैफिक इंचार्ज बुद्धाराम, हिंदू मुस्लिम एकता मंच के अध्यक्ष ज्ञानचंद खंडेलवाल, महासचिव निजाम भाटी, व्यापार मंडल के महासचिव मुकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ताराचंद गोयल व अन्य व्यापारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे । कार्यक्रम में 350 से अधिक व्यापारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई एवम भोजन प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में आर.के.सोनी जादूगर द्वारा जादू की प्रस्तुति दी गई।

### सात प्रशिक्षु आई.पी.एस.को पोस्टिंग

**जयपुर** । कार्मिक विभाग ने शुक्रवार को एक आदेश जारी कर विभिन्न जिलों में सात प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों को पोस्टिंग दी है। सभी को डिप्टी एसपी के पद पर लगाया गया है। आदेश के अनुसार अमित जैन को सहायक पुलिस अधीक्षक, जायल, नागौर, शाहीन सी. को सहायक पुलिस अधीक्षक, सीकर, रमेश को सहायक पुलिस अधीक्षक सदर बीकानेर, प्रशांत किरण को सहायक पुलिस अधीक्षक राजगढ़ चूरू, बी. आदित्य को सहायक पुलिस अधीक्षक श्रीगंगानगर, अभिषेक अंडासु को सहायक पुलिस आयुक्त, पूर्व जोधपुर, आयुक्तालय और मनीष कुमार को सहायक पुलिस अधीक्षक मावली उदयपुर के पद पर लगाया गया है।

### मुरलीपुरा में निगम के दस्ते पर पथराव

**जयपुर** । मुरलीपुरा थाना इलाके में स्थित कूकरखेड़ा में अवैध अतिक्रमण को हटाए गए निगम के दस्ते पर अतिक्रमी ने पथराव कर जेसीबी का शीशा तोड़ दिया और आत्महत्या का प्रयास किया। घटना के सम्बंध में जेईएन ने थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार ग्रेटर निगम में तैनात जेईएन नवीन कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि वह सतर्कता दस्ते के साथ कूकरखेडा वार्ड नम्बर 18 में अवैध दीवार और टीन शेड को हटाने गया था।वहां पर सतीश सैनी ने दस्ते पर पथराव किया। इससे जेसीबी का शीशा टूट गया। आरोपी ने कार्रवाई करने पर आत्महत्या करने की धमकी दी। कार्रवाई नहीं रोकी तो उसने आत्महत्या का प्रयास किया। इस पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस आरोपी को पकड़कर थाने ले गई और शांति भंग में अरेस्ट कर लिया। घटना एक फरवरी की दोपहर की है।

### गांजा सप्लायर को पुलिस ने दबोचा

**जयपुर** । माणक चौक और जिला स्पेशल टीम जयपुर उत्तर(डीएसटी) ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से एक किलो नौ सौ ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित परिवहन में प्रयुक्त एक चौपहिया वाहन जब्त किया गया है। फिलहाल आरोपी तस्कर से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप अभियान के तहत माणक चौक थाना पुलिस और सीएसटी उत्तर ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले विष्णु कुमार मिश्रा (29) निवासी टहला जिला अलवर को थाना इलाके में स्थित चांदी की टकसाल के पास से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से एक किलो नौ ग्राम गांजा जब्त किया गया है जो जयपुर में सप्लाई करने आ रहा था। पुलिस आरोपित से अवैध मादक पदार्थ गांजा की खरीद-फरोख्त के बारे में जानकारी कर रही है और साथ ही यह में पता लगा रही है कि आरोपित यह गांजा किसे देने आ रहा था।

### युवक को हॉस्टल के छात्रों ने पीटा

**जयपुर** । गांधी नगर थाना इलाके में स्थित एक थड़ी पर चाय पीकर हॉस्टल लौट रहे युवक से दूसरे हॉस्टल के करीब एक दर्जन छात्रों ने मारपीट की। इस सम्बंध में पीडित ने थाने में मामला दर्ज करवाया। पुलिस के अनुसार टोंक निवासी भरतराज ने मामला दर्ज करवाया कि वह अम्बेडकर हॉस्टल में रहता है। सचिन और विजय के साथ वह चाय पीकर वापस हॉस्टल लौट रहा था। इसी दौरान यूनिवर्सिटी की प्रेस के पास अरावली हॉस्टल के विरेंद्र, देवेंद्र, बृजेश, रोहित, सरवन, कार्तिक, दीपक सहित करीब एक दर्जन लोग वहां आए और उसके साथ जमकर मारपीट की। घटना 31 जनवरी की शाम की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



## Feed the Birds Day

Birds are an essential part of nature and the environment, making an important contribution to the ecosystem, across various habitats. In addition to pollinating with seeds of many favourite fruits, they also keep pesky insect populations balanced and in check. Plus, they're lovely and colourful creatures that often brighten the world with their beautiful songs. The winter months can be hard on birds, which is why *Feed the Birds Day* is a day that is dedicated to paying attention to the welfare and survival of those little backyard friends!

#DESSERTLICIOUS

# Creative Ways To Use Chocolate Chips

### Each type of chocolate chip offers its charm

From drinks to desserts, to bread to yogurt bark, discover a range of creative ways to use *chocolate chips*. 'Chocolate chips' come in many shapes and flavours that can provide a boost to just about any drink, dessert, or dish. Whether you choose standard chips, mini chips, chunks, milk chocolate, or something else, there are options to suit your *chocolatey dreams*. Each type of chip offers its charm, acting as an alternative to cocoa powder or a standard chocolate bar.

No matter what chip you prefer, they're handy to always 'have stocked in your pantry' at all times. Get ready to find a plethora of interesting ways to utilize *chocolate chips* other than in a chocolate chip cookie.

### Chocolate Hard Shell

A *chocolate hard shell* is so gratifying to crack. You can put it over your ice-cream or yogurt or drizzle it on frozen fruit. It does have to be something cold, to achieve the 'hard shell' aspect. You only need two simple ingredients to make this *chocolatey delight*, Coconut oil and chocolate chips. Start by melting your chocolate chips and give it a good mix to get rid of any clumps. Then, add in your coconut oil. Once everything is incorporated, then, you pour it over your dessert of



choice. If you want the shell to become extra crunchy and hard, place your dessert in the refrigerator or freezer, so that it firms up completely.

### Cinnamon Rolls



Chocolate chips are a scrumptious and simple way to upgrade your *cinnamon rolls*. When making cinnamon rolls from scratch, you can incorporate the chips, a bit easier. Add the chocolate chips as you spread on the cinnamon sugar mixture to your dough. For an additional chocolate factor, melt a handful of chocolate chips to blend into the frosting, too. *Chocolate* and *cinnamon* are a delicious combination that will satisfy the taste buds.

### Chocolate Bark

When you don't want to spend much time in baking and cooking a dessert, *chocolate bark* might be your best bet. Make a batch of *banana split chocolate bark* with chocolate chips, peanuts, banana chips, dried cherries, and dried pineapple. Just melt your chocolate chips, then spread on parchment paper and assemble the add-ins. For a seasonal treat, prepare peppermint bark with crushed candy



canes. Make a nutty version with chopped hazelnuts, almonds, peanuts, and walnuts. You can add nearly any fruit, nut, or candy to chocolate bark.

### Caramel Apples



*Caramel apples* are a crisp and delicious sweet treat that you can customize as you wish. Since chocolate is considered to be one of the best toppings for caramel apples, it makes sense to add chocolate chips to this fruit-based dessert. Double down on chocolate chips by melting them to create a *chocolate drizzle* for your apples as well as using them as a *topping*. You can make an enticing arrangement with an array of toppings or just stick with the chocolate chips.

#JLF DIARY

# *Chai* chronicles

Step right up to the whimsical world of JLF *chai kiosks*! Craving *chai* to fuel your deep literary debates? Head over to "Pehle Chai" because, well, obviously, *chai* comes first! And for a linguistic twist, sip on some "German Chaiwali," where the *chai master* doubles as a German teacher. Because where else can you conjugate verbs and brew *chai,* at the same time?

### Sponsor Spectacles

Introducing the *Samsung Galaxy Tab S9 Series Jaipur Literature Festival 2024*, where even the announcers need a teleprompter and a prayer to get through the whole name, without tripping over their tongues. Because who needs the brevity of the good ol' *Rajnigandha Jaipur Literature Festival days*!

### Sustainability Struggles

At JLF, sustainability is preached from the main stage while handing out plastic water bottles like they're going out of style! With *Bisleri* as the official hydration partner, plastic bottles are as ubiquitous as literary discussions here.


### Matchmaking at JLF

Enter the realm of live art installations at JLF, where bookmarks with handwritten notes adorn trees and souls bare their hearts. Amidst profound philosophies, one daring spirit adds a comedic twist, leaving their number in search of "*Rishtas*." Who knew literary festivals doubled as matchmaking grounds? Because why settle for Shakespearean sonnets, when you can find your own 'literary love story' under the shade of a bookmark-adorned tree!

# Anarkali's Dance, Akbar's Rage

PART: 4

For behind the ears, there was the sandalwood aroma called '*Dheere, Dheere*,' 'Slowly, slowly,' which could ignite a potential lover's passion as he began 'his explorations of her.' Then there was the '*Aao*, Come Hither for her underarms,' and the '*Chanchal Chhayya*, Playful Shades for her inner thighs.' For the pubic area, there was an 'aroma of *henna* with jasmine called *Aag Aur Toofan*.'









Shailaza Singh
*Published author, poet and a YouTuber*


The arrival of *Anarkali* and *Jalpari* at the 'Mughal' imperial palace created quite a stir. The women of the *zenana* wanted to befriend them, mostly out of curiosity, rather than desire to learn about the 'Ottoman' culture at the Topkapi palace. Mostly, they were curious about the '*sultan's* harem women' from diverse cultures and how they 'beautified themselves' to be attractive to the *sultan*. Hamida and Ruqaiya were both determined to teach her about the intricate 'arts of seduction' in *Hindustan*.

Akbar had a special perfumery department called '*Khushbu Khana-the perfume pavilion*.' The Persian woman, who was in-charge of the Khushbu khana, had come from Shah Tahmasp's harem, accompanying Hamida on her return to *Hindustan* with Humayun, when he reconquered his throne in Delhi. She was an expert in concocting exotic perfumes for each occasion and for special parts of a woman's body. All the women of the *zenana* went to her for 'special occasions.' She guarded her secrets carefully.

For behind the ears, there was the sandalwood aroma called '*Dheere, Dheere*,' 'Slowly, slowly,' which could ignite a potential lover's passion as he began 'his explorations of her.' Then, there was the '*Aao*, Come Hither for her underarms,' and the '*Chanchal Chhayya*, Playful Shades for her inner thighs.' For the pubic area, there was an 'aroma of *henna* with jasmine called *Aag Aur Toofan*.'

It was Ruqaiya and Hamida's desire to accentuate 'Anarkali's beauty' by getting her drenched with the downpour from the ignition of the clouds to the musical notes of *Raga Megh Malhar,* as she danced. But who was going to play this 'mystical *raga*' now that *Mian Tansen* was gone? So, they sent emissaries to his children.

One of Tansen's sons, Bilas Khan was also a musician, who had been trained by the great Tansen himself.


The festivities began just before dusk. The sun escaped into the flat lines in the west, leaving the gathering monsoon clouds, edged with shimmering gold. Lamps were lit, some in sconces on the walls, some in little earthenware saucers filled with sesame seed oil, the flames standing steady and upright in the still air, as though pulled skyward by an invisible hand. In the courtyard, singers and musicians, both male and female, played to the notes from Bilas Khan, as they all waited for *Anarkali*. And then she came!

Akbar was surrounded by his queens and was seated on his throne in a recessed area reserved for royalty. Several hand-maidens around him held large, feathered *pankhas* to fan the heat away for the comfort of Akbar. In front of Akbar, lay colorful sherbets of fruit, gardenia, and chamomile, perfumed with ambergris. Around them, flower pots with clusters of chrysanthemums, roses and marigolds dazzled the eye. In the distance, the city rippled in dusty amber, behind gray land walls. The sky was a turquoise blanket. The roaming summer clouds eased the heat. Inside, fashionable illuminating candelabras, provided light through the lampshades with elongated flames. Clouds of rejuvenating sandalwood perfumes from golden incense burners added to the 'ambience.'

*Anarkali's* face was in shadow as she came across the bridge over *Anup Talao*, towards Akbar and knelt and with her head, bowed, she touched her forehead thrice, in a *salaam*, to pay her respects. She then stood motionless before him but he could hear her soft, rapid breathing. Her headdress of emeralds, diamonds, and opals accentuated the impact of her long hair, tied in a single braid down her back. The glow of fire outlined her face in shades of ochre and pink. Her long, black hair gleamed like silk spilled out and he caught the scent of jasmine. Eyes, black as ebony gazed back at him, and her full lips, reddened with salve, were smiling. Her hands were embroidered with patterns in *henna* that Ruqaiya's hand maidens had applied.

> She unfurled her face veil so that Akbar could briefly see her face, as she teasingly covered her face again. Through her *ghagara* of almost transparent silk, two diamond buttons danced against her flesh as she walked. Her hips were voluptuous, her breasts, round and high.

She unfurled her face veil so that Akbar could briefly see her face, as she teasingly covered her face again. Through her *ghagara* of almost transparent silk, two diamond buttons danced against her flesh as she walked. Her hips were voluptuous, her breasts, round and high. He stared at her admiringly and she shimmered like sunlight rippling on the river *Yamuna's* water. Her eyes were outlined with *kohl*, giving them depth and breadth, her lips were reddened with *carmine*, *henna* flowers tattooed her hands and feet.



She took a deep breath and moved back, away from the throne, thrusting out her ample breasts. Slowly, she threw back her head and slithered out her arms, twisting her wrists and *henna*-covered hands, as though, they were dancing serpents. The magnificent muscles of her legs were tightening and releasing, like a powerful eagle flying over the *Yamuna* River, in unison with the music played to the notes from Bilas Khan, seated on the music platform in the middle of the lake, *Anup Talao*. Accompanying him, almost like a gentle lullaby, were the *surna-flutes* and *shehnai pipes* that created the aura of a 'romantic ambience' inside the courtyard, around *Anup Talao*.

#ONE CONCUBINE TWO EMPERORS



The notes then took cues from Anarkali's movements and gave her the moods and rhythms in resonance with her 'unveiling seduction.' Her body hardly seemed to move, yet the cadence of the drums filled her gestures. When paused, the moment of stillness would be like a musical pebble on a calm lake, followed by permeating a resounding cry of seduction. The musical instruments had the plaintive, yearning quality that inspired the 'meditative and spiritual elements' of dance. The finger cymbals, like castanets played to arouse the unison beats from the other musicians.

The moaning music, slower now, flooded her ears, and the burning incense filled her nostrils, as she lost herself in the dance. Anarkali then closed her eyes and stood completely still, as Bilas Khan's music played a 'spiritual ballad of the harmony of dance and nature.' She had learned to control her body from the inside, drawing in her muscles, holding them for a long time, then releasing them, then, holding them in again, at the same time. She moved her hips, gliding from one side to the other, lifting them slowly, the undulating motions, rippling through her body. Excited by her own sultry dancing, Anarkali stepped teasingly in front of the guests, as if to offer her quivering breasts, her hips, and the mysterious place between her thighs 'to the Emperor.' The women of the *zenana* watched, feeling the heat rise in the room like lava rising in a volcano.

Then, there was a sudden pause in the music and only the sprinkling water splash of the fountains could be heard. Bilas Khan had begun to play the *Raga Megh Malhar* that he had learned from the great master, his father Tansen himself. Soon, as in deference to the music from Bilas Khan, the skies darkened and the clouds gathered. The heavy downpour was preceded by a deep rumbling. Ruqaiya and Hamida had selected her *ghagara* and *choli* to accentuate Anarkali's beauty, when she was soaked by the rain. When Anarkali opened her eyes, she was completely drenched. The strung ruby beads, which were coiled into buds and held up her hair to create the illusion of a blush, were now bathed. The mystery of the situation had given a glow of expectation. She had the incisive lines of a woman with a provocative ripeness.

And then, Anarkali quickly wheeled round, presenting Akbar with a view of her silhouette, now accentuated by her wet *ghagara* and *choli*. She flung a farewell over her shoulder and a cheeky flick of her face was gone, receding behind a curtain of a blazing torrent of perfume, sweat and music, all intermingled, in an 'invisible trail of lust.' Akbar began to think of himself as the departing lover who had only one night to 'give all his gifts to her.'

After her dance, Anarkali headed to the *Sheesh Mahal* chambers with a thousand tiny mirrors, reflecting the 'ambience of peace and restfulness.' Strategically designed by Persian architects, one could see the image of anyone lurking around, from the bed chambers. Hearing the murmur of fountains and the song of the nightingale pleased the senses, just as one inhales the odour of the rose, and feels the influence of a balmy climate. One was almost tempted to fancy the paradise of the hanging gardens of *Babylon*!

Anarkali's partially veiled openness of the belly button, the perfumed ornamentation, and the suggestive *henna* patterns, all seemed to caress and invite men into her 'caverns of pleasure.' The aroma of that 'poetry' has now been lost through centuries of translation!

As she entered Akbar's chambers in the *Sheesh Mahal*, the maids left, leaving *Anarkali* alone, with the great Emperor. The potions and lotions were familiar to her. She was able to name the fragrances, which had turned the room into a mystical den, covered with rugs, tapestries, and delicate trinkets with perfumed sounds of water. They reached her through their adornments and odours. She imagined herself as a 'courtesan' wearing this paraphernalia with provocative colours and walking towards a hand-crafted litter for princesses. Her imagination filled her with desires for 'unknown lovers' carrying her away on some invisible magic carpet.

> The audacity of the prince to catch him in his amorous moment, aroused an oedipal anger and angst inside Akbar. Akbar was insulted but didn't know how to proceed. Only one course of action was worthy of an Emperor of his stature. *He must kill his son*!

She had incited in Akbar 'a violent desire' to rip her veils, to discover her intimate face which had escaped his kisses so far. Having already heard about the Emperor's virility from his queens, the 'core of her volcano' was also ready to ignite irreversibly.

Her wettened tresses, as black as *kohl*, now loose, caressed her body all the way down, to her waist. As she stood before him, she thought, "Will I be an emblem of his liking?" The strong scent of sandalwood floated through the candles, flickering with incense, and accentuating the naked contours under her garments. She whispered to herself, "Am I really awake or is this a dream?"

His expectant eyes followed her, abandoning his thinking to the wanton moment. His fingers felt that under the *ghagara*, she was naked. He wanted her to be stirred, not soft and pliant like wax under his fingers. She abandoned her thighs to the touch of his hands, which ran up and down. Her thighs were still pressed together, so, he could not continue to explore. Just when he was about to abandon his amorous expedition, she quickly parted, then locked her thighs again, teasing him as she offered her bow-shaped, pouted red lips to him, seeking a kiss that would last.

He pressed her in a passionate embrace, and soon, saw the animation leave her face. She had lost her head, bent backwards, her mouth held open, as if a muffled scream of ecstasy was now excited and this fired him more.

It was then, through the corner of his eyes that Akbar saw the lurking face of prince Salim on the mirrors of *Sheesh Mahal*. The audacity of the prince to catch him in his amorous moment, aroused an oedipal anger and angst inside Akbar. Akbar was insulted but didn't know how to proceed. Only one course of action was worthy of an Emperor of his stature. *He must kill his son*! However, that action would prove to be the bane of his own reign. He was no fool. He was descending into the twilight of his life, and the empire was already looking to *Salim* as its future leader. Salim's sudden death would raise questions, pique the interest of enemies, and spell ruin for the empire.

And so, Akbar, the Great, one of the most powerful men in the world, stood with his hands tied. However, secretly, his heart was not in killing his son at all. He was the vestibule of his hopes and dreams for his empire, his legacy. Despite his honour as a man, Akbar couldn't bring himself to kill his son, out of fatherly love alone veiled as concern for the dynasty.

It is interesting that Nav Gulati, who is an ex-IITian and a banker weaves such a passionate, amorous love story, a feat which not many full-time writers can dream of accomplishing. He says that he has an abiding fascination for Mian Tansen, the legendary singer. "When I used to see the old movies, I was fascinated with Mia Tansen. I was in awe of his mastery over the *ragas* because it was said that when he used to sing *raga Megha Malhar*, the clouds would rain and if he sang *raga Deepak*, the lamps of the palace would light up on their own. So, when I went to Fatehpur Sikri and saw *Anup Talao*, in the centre of the palace, I imagined *Anarkali* dancing there while Tansen's son sings *Raga Megha Malhar*. Soon, it starts raining and *Anarkali* gets drenched in the rain. She then goes to *Sheesh Mahal* where Akbar follows her for a romantic escapade."


Was 'sensuality' such an integral part of the lives of the 'Mughals' in that era? Nav Gulati believes that the Mughals treated sensuality 'as an art' in that era. 'Everything was important, sensuality was all about ensnaring the senses, the look, the touch, the smell, the taste, the music and the environment. They had musicians who were stationed behind the curtains, to play a particular kind of music, to invoke that mood. The women were trained in the art of 'seduction,' the knowledge of which was passed on from generations to generations and there was nothing shameful about it. It was an integral part of their lives.'

But what was the relationship between Akbar and Salim? Nav Gulati says, "Salim was the son that Akbar had after years of praying. So, he was indulged by his father and his mother. However, while Akbar had been thrust with responsibility from the tender age of 13 after his father died, Salim's life was about enjoying beautiful women, arts and literature, wining and dining. So, though Akbar wanted *Salim* to become responsible like him, Salim resented everything that Akbar had because Akbar was everything that he could not be. In a way, their relationship was oedipal in nature."

**-To be continued**


*rajeshsharma1049@gmail.com*







#PERSONAL CARE

# Prioritize Your Eye Health

You can't always restore vision loss, but you can use these tips and tricks to help protect your eye health over time.





Vision loss is a major problem that interrupts daily life. It's also more common than you think. Using these daily strategies right now can help keep your eyes 'in good shape' for the year ahead.

### Wear sunglasses

Exposing your eyes to ultraviolet rays may cause damage over time. Wearing sunglasses can block harmful UV light, lowering your risk of eye diseases like cataracts, sunburn, eye cancer and growths around the eye. Polarized glasses with smoke or gray lenses may offer the best protection against the sun's rays and reduce glare.

### Take screen breaks

Prolonged screen time can cause dry eyes, pain in the neck and shoulders, blurred vision, headaches and digital eye strain, or computer vision syndrome. Using '20-20-20' can prevent computer vision syndrome. Every 20 minutes, look at something at least 20 feet away for 20 seconds.

### Move your body

Regular exercise can provide eye health benefits, such as promoting healthy blood vessels and lowering your risk of developing glaucoma and diabetic retinopathy. It is recommended to do at least 150 minutes of moderate aerobic activity every week, plus two days of strength training for your muscles. You can also practice eye exercises to reduce tension and eyestrain while sitting at your desk.

### Take book breaks, too

Screen time isn't the only way to strain your eyes. When you read a book, you probably hold it up close for long periods, too. Both activities can lead to nearsightedness, or myopia, which means faraway objects are blurry while up-close things are clear. Just like you should use the '20-20-20 rule' to take screen breaks, you should also use this rule for book breaks. If you find yourself engrossed in what you're reading or doing on the computer, set an alarm so that you don't miss your '20-minutes break.'

### Get outside

Children and adults need to get outside often, even if you get your recommended exercise done indoors. Research shows that children, who spend time outdoors, have a lower risk of developing nearsightedness in adolescence and as adults. Playing with your kids at the local playground, walking through the woods or even playing in the backyard can help the whole family 'stay healthy and active.' Be sure to use your sunglasses.


### Don't smoke

It's well known that smoking is bad for your health. It can also increase your risk of developing eye diseases like cataracts or age-related macular degeneration. Smokers have a two or three times higher chance of developing cataracts and up to four times higher risk for AMD. To improve your health, build a 'quit plan.'

### Eat balanced meals

The foods, that you eat every day, can improve your eye health. Eating foods rich in vitamins A, C and E, beta-carotene, omega-3 fatty acids, lutein, zeaxanthin and zinc can help cellular growth, lower eye tissue inflammation and limit free radicals that can damage your eyes.

### THE WALL





### BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




### ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# चामुंडा माता मंदिर क्षेत्र में रोप-वे का प्रस्ताव तैयार करें : वासुदेव देवनानी

## विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कलेक्टर से विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की

**अजमेर,** (कासं)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जिला कलेक्टर को निर्देश दिए हैं चामुंडा माता मंदिर तक जाने के लिए रोप-वे का प्रस्ताव तैयार करें। उन्होंने अजमेर के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर कामकाज में तेजी लाने को कहा। गर्मियों को देखते हुए पेयजल प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखने के निर्देश दिए गए।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर से शहर के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि गर्मियों में पेयजल प्रबंधन, सर्वोच्च प्राथमिकता हो। अजमेर उत्तर में टेल एण्ड पर पानी का पूरा प्रेशर मिलना चाहिए। अमृत योजना-2 के प्रस्ताव नये सिरे से तैयार करवाएं। अजमेर की पेयजल व्यवस्था का विशेष ध्यान रखे। फॉयसागर झील और अजमेर उत्तर के कु बावड़ियों से भी पेयजल प्रबंधन किया जाए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि अधिकारी अस्पताल का नियमित निरीक्षण करें। अस्पतालों में दवा व जांच की पर्याप्त व्यवस्था हों, उन्होंने मेडिकल कॉलेज के बिल्डिंग निर्माण की प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जेएलएन अस्पताल, मेडिसिटी एवं मेडिकल कॉलेज के कामों में समन्वय रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि विवेकानन्द स्मारक की देखरेख हो तथा वहां चौकीदार की नियुक्ति की जाए। यहां एडीए से विवेकानन्द की मूर्ति भी स्थापित करवाई जाए।

उत्तर विधानसभा क्षेत्र के फॉयसागर रोड़ स्थित ग्रमीण पेराफेरी क्षेत्र को नगर निगम क्षेत्र में सम्मिलित किया जाए। एलिवेटेड रोड़ के नीचे सड़क निर्माण की निरंतर निगरानी होनी चाहिए। उन्होंने साईन्स पार्क निर्माण की प्रगति की भी जानकारी ली। विधानसभा अध्यक्ष ने अजमेर उत्तर स्थित ग्राम पंचायत हाथीखेड़ा एवं माकड़वाली में आबादी विस्तार, फॉयसागर रोड़ स्थित चामुण्डा माता मन्दिर क्षेत्र का संयुक्त सर्वे एवं ग्राम हाथीखेड़ा में अतिक्रमण आदि विषयों पर भी उचित कार्यवाही के निर्देश दिए।

देवनानी ने जवाहर लाल नेहरू अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि यहां मरीजों के परिजनों के लिए विश्राम गृह की व्यवस्था की जाए। अधिकारी अस्पताल में सुपर स्पेशलिटी की स्थापना के प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भिजवाएं। देवनानी ने सर्किट हाउस में जवाहर लाल नेहरू अस्पताल व चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि अस्पताल में प्रतिदिन मरीजों के हजारों परिजन आते हैं। यहां उनके ठहरने एवं रात में सोने की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। अस्पताल प्रशासन मरीज के परिजनों के ठहरने के लिए एक बड़ा हॉल निर्धारित करे ताकि परिजनों को ठहरने के लिए एक स्थायी ठिकाना मिल जाए। कार्डियोलॉजी विभाग की सीटीवीएस ईकाई में पर्याप्त स्टाफ तैनात किया जाए। मरीजों को परेशानी नहीं झेलनी पड़े।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल में कैंसर मरीजो को डे केयर के अतिरिक्त भी भर्ती रखने एवं उनके ऑपरेशन की सम्पूर्ण व्यवस्था की जाए। जे.एल.एन में सुपर स्पेशलिटी का प्रस्ताव तैयार कर राज्य सरकार को भिजवाया जाए। देवनानी ने चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि टीबी अस्पताल बाहर शिफ्ट करने का प्रस्ताव तैयार करें। प्रधानमंत्री केयर एवं अन्य ऑक्सीजन प्लांट शुरू करें। पार्किंग ठेकेदार नियम से ज्यादा वसूली एवं आम जन के साथ बदतमीजी कर रहा है उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। अस्पताल में जीवन रक्षक दवाईयों की कमी नहीं हो। नसिंर्ग स्टाफ भी पर्याप्त तैनात रहे।

**वासुदेव देवनानी ने निवास पर की जनसुनवाई :-** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को निवास स्थान पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुना। इस दौरान काफी संख्या में लोग उनसे मिलने के लिए पहुंचे। आमजन ने विभिन्न विभागों से संबंधित अपनी परिवेदनाएं उनके समक्ष रख कर निस्तारण कराने का अनुरोध किया। उन्होंने अधिकारियों को आमजन की परिवेदनाओं का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आमजन ने विधानसभा अध्यक्ष का अभिनन्दन किया। जनसुनवाई के दौरान भाजपा नेता एडवोकेट रविन्द्र चौहान, सुरेश सिंधी सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

- **देवनानी ने सर्किट हाउस में जेएलएन अस्पताल व चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली**



**अजमेर में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनायें सुनी।**

# डोडा-पोस्त तस्करी करते तीन युवक गिरफ्तार

## पुलिस के अनुसार तीनों आरोपी डोडा-पोस्त के आदी हैं

**रायसिंहनगर,** (निसं)। समेजा पुलिस थाने की ओर से 100 दिवसीय कार्य योजना के तहत नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कार में 25 किलोग्राम डोडा-पोस्त ले जाते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस की ओर से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोर बुटोलिया व पुलिस उप अधीक्षक अन्नु बिश्नोई के सुपरविजन में समेजा पुलिस थानाधिकारी हरबंश सिंह के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल कानिस्टेबल कालूराम, वीरेन्द्र, सूरजभान, विकास, धर्मपाल, बलकरण सिंह, गुरभेज सिंह, विजयपाल, चरतलाल की ओर से शुक्रवार व शनिवार मध्यरात्रि को रायसिंहनगर से अनूपगढ़ मुख्य मार्ग पर नाकाबंदी की गई। इसी दौरान गांव 17 एसजेएम खडवंजा पर आई एक कार को रुकवाकर तलाशी ली तो उसमें 25 किलोग्राम अवैध डोडा-पोस्त डंठल जब्त किए गए। कार से जब्त किए गए डोडा-पोस्त को लेकर कार में बैठे तीन युवकों से पूछताछ की तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। जिसके चलते तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान सुबोध पुत्र पृथ्वीराज बिश्नोई, रमनदीप पुत्र अहमदाराम बिश्नोई व राधेश्याम पुत्र जगदीश प्रसाद मेघवाल के रूप में हुई। पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार प्रकरण में गिरफ्तार तीनों आरोपी डोडा-पोस्त खाने के आदी हैं तथा उक्त आरोपी पिछले काफी समय से डोडा-पोस्त की तस्करी लिप्त थे। जिसके चलते तीनों के खिलाफ विभिन्न पुलिस थानों में पोस्त तस्करी के मामले दर्ज है। आरोपी रमनदीप एमए शिक्षित है उसके खिलाफ पुलिस थाना खाजुवाला में 2020 में 120 किलोग्राम डोडा-पोस्त रखने के आरोप में गिरफ्तार हो चुका है। वहीं दूसरे आरोपी सुबोध के खिलाफ पूर्व में डोडा-पोस्त तस्करी के दो प्रकरण दर्ज है। वहीं तीसरा आरोपी राधेश्याम स्वयं डोडा-पोस्त खाने का आदी है तथा आरोपी के भाई राजपाल के खिलाफ पुलिस थाना खाजूवाला व घडसाना में डोडा-पोस्त तस्करी के दो प्रकरण दर्ज है।

# अवैध डोडा-पोस्त सहित महिला गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। कमिश्नरेट की झंवर पुलिस ने धवा गांव में एक घर की तलाशी में 12.6 किलो अवैध डोडा-पोस्त बरामद कर महिला को गिरफ्तार किया है। अवैध डोडा पोस्त को लेकर उससे पूछताछ चल रही है। झंवर थानाधिकारी सतीश कुमार के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि धवा गांव में रहने वाली बरजूदेवी पत्नी पूनाराम विश्नोई के घर पर अवैध रूप से डोडा-पोस्त रखा हुआ है। इस पर पुलिस की टीम ने थानाधिकारी के साथ वहां रेड दी। तब घर में रसोई में एक प्लास्टिक का कट्टा दिखाई देने पर उसमें अवैध रूप से भरा 12 किलो 600 ग्राम डोडा-पोस्त मिला। पुलिस ने बरजूदेवी को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया।

# 300 किलो डोडा-पोस्त का सप्लायर गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। कमिश्नरेट की डांगियावास पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी की सप्लाई करने वाले एक जने को राजसमंद से गिरफ्तार किया है। मामला गत साल जुलाई का है। आईपीएस वी. आदित्य पर इस समय चार फायर किए गए थे। पुलिस ने घटना के समय एक क्रेटा कार से 300 किलो डोडा-पोस्त के साथ दो लोगों को पकड़ा था। फायर करने वाला फरार हो गया था। जबकि सप्लायर को अब पकड़ा गया है।

थानाधिकारी मनोज परिहार ने बताया कि गत साल जुलाई में आईपीएस वी. आदित्य मय टीम द्वारा थाना क्षेत्र में नाकाबंदी में एक क्रेटा कार को पकड़ा गया था। कार से पुलिस ने 300.05 किलोग्राम अवैध डोडा-पोस्त बरामद किया था। तब दो युवकों पाली जिले के शिवपुरा भाणियां निवासी फूसाराम एवं राकेश विश्नोई को गिरफ्तार किया गया था। मगर एक आरोपी सुरेंद्र सिंह आईपीएस पर फायरिंग कर फरार हो गया था। आरोपियों की गिरफ्तारी बाद पता लगा कि डोडा पोस्त की सप्लाई यह लोग राजसमंद के कांकरोली स्थित बंजारा बस्ती तेजपुरा के बद्री उर्फ बादर पुत्र बिहारीलाल से लेकर आए थे। पुलिस ने नामजद की तलाश आरंभ की और अब उसे गिरफ्तार कर लाया गया है।

# भाजपा नेता प्रताप पाकड़ ने खून से पी.एम. को लिखा पत्र

## ईआरसीपी परियोजना को राष्ट्रीय योजना घोषित करने पर आभार जताया

**करौली,** (निसं) पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने और राजस्थान व मध्य प्रदेश के मध्य जल बंटवारे पर सहमति को लेकर सपोटरा के भाजपा नेता प्रताप पाकड़ कोडयाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने खून से पत्र लिखा है। खून से पत्र लिखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 13 जिलों को ईआरसीपी परियोजना को राष्ट्रीय योजना घोषित करने पर आभार जताया है। भाजपा नेता प्रताप पाकड़ ने अपने खून से पत्र लिख कर ईआरसीपी योजना के लिए पीएम नरेंद्र मोदी का आभार जताया है। साथ ही कहा कि क्षेत्र की पानी की मांग को पूरा करने के लिए ईआरसीपी योजना बड़ी महत्वपूर्ण साबित होगी।

पत्र में लिखा है कि सवाई माधोपुर विधायक डॉ. किरोडी लाल मीणा के 40 साल संघर्ष में 13 जिलों में चंबल का पानी लाने का सपना था। जो अब पूरा होने जा रहा है। खून से लिखे पत्र में पीएम के साथ ही जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का भी प्रताप पाकड़ कोडयाई ने आभार जताया है। भाजपा नेता ने बताया कि ईआरसीपी के राष्ट्रीय परियोजना बनने से ना सिर्फ करौली बल्कि पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों की पेयजल समस्या का समाधान होगा। साथ ही क्षेत्र के विकास के लिए भी योजना मील का पत्थर साबित होगी। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद ईआरसीपी के रास्ते में आ रही सभी अड़चनें दूर हुई और लंबे समय से चली आ रही मांग भी पूरी हो गई।

# हादसे में युवक की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। अंबामाता थाना क्षेत्र में एक बाइक सवार युवक को मिनी कंटेनर ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक बीएससी छात्र की मौत हो गई और साथ बैठी दो साथी छात्राओं को चोटें आई है। मोनिल पुत्र राजकुमार सेन निवासी हनुमान चौक गणेशनगर पहाड़ा जो सुविवि में बीएससी प्रथम वर्ष का छात्र था। यह गुरुवार दोपहर को अपनी दो साथी छात्राओं के साथ बॉयोलोजिकल पार्क गया था और वहां से तीनों देवाली की ओर जा रहे थे। इस दौरान रानी रोड पर जैन फार्म हाउस के पास में सामने से एक एक मिनी कंटेनर ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे तीनों घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को एमबी हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने मोनिल को मृत घोषित कर दिया। शव को मोर्चरी में रखवाकर परिजनों को बताया गया।

# बीगोद में अवैध गारनेट फैक्ट्री सील

## 15 टन शुद्ध गारनेट, 20 टन मिश्रित गारनेट और दो सेपरेटर मशीन जब्त

**भीलवाड़ा/मांडलगढ़,** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ राज्यव्यापी अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत शुक्रवार को जिला कलेक्टर नमित मेहता एवं पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने मांडलगढ़ के बीगोद कस्बे में पहुंचकर संयुक्त टीमों की कार्यवाही का नेतृत्व किया। जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने बीगोद के नई आबादी क्षेत्र में स्थित गारनेट फैक्ट्री का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 15 टन शुद्ध गारनेट 20 टन मिश्रित गारनेट जब्त किया और दो सेपरेटर मशीन जब्त की गई। जिला कलेक्टर ने मौके पर मौजूद उपखंड अधिकारी को फैक्ट्री को सील करने और मशीनें जब्त करने के निर्देश दिए।

- **बीगोद और खटवाड़ा में लम्बे समय से चल रही तीन दर्जन से अधिक गारनेट बजरी की फैक्ट्रियां**
- **खनिज विभाग व पुलिस ने गत दिनों आधा दर्जन से अधिक कार्रवाई को अंजाम दिया था**



**मांडलगढ़ में बीगोद के रीको एरिया में अवैध गारनेट की फैक्ट्रियों की शिकायत पर भीलवाड़ा कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक कार्रवाई करने पहुंचे।**

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी को क्षेत्र में अवैध रूप से चल रही अन्य गारनेट फैक्ट्रियों को सील कर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर मेहता ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि अवैध खनन गतिविधियों को समूल नष्ट करने के लिए कठोरतम कार्रवाई की जाए ताकि खनन माफिया अवैध खनन गतिविधि संचालित करने की दोबारा हिम्मत ही नहीं कर सके। इसके लिए मूल स्त्रोत, बड़ी मशीनों व उपकरणों की जब्ती जैसे सख्त कदम भी उठाने में किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाए। पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने समस्त पुलिस वृताधिकारी को निर्देश दिए कि अवैध खनन के विरुद्ध ठोस कार्यवाही की जाकर थानों में एफआईआर भी दर्ज करवाना सुनिश्चित करे। इसके पश्चात जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने जालियां, प्रतापपुरा में बनास नदी के पेटे का निरीक्षण कर अवैध बजरी खनन रोकने के संबंध में दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पर उपखंड अधिकारी सुभाष यादव, तहसीलदार राहुल धाकड़, पुलिस उप अधीक्षक सुनील सिहाग, खनि अभियंता बिजौलिया प्रकाश माली एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

- **एक बाल अपचारी को किया निरूद्ध**
- **अगवा कर दिया था वारदात को अंजाम**

**दौसा,** (निसं)। जिले के एक थाना पुलिस टीम ने नाबालिग से गैंगरेप के एक आरोपी को गिरफ्तार कर व एक बाल अपचारी को निरुद्ध करने मे सफलता हासिल की है।

पुलिस उपाधिक्षक अरविंद गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र की एक नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना को लेकर मामला दर्ज होने के बाद जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना में आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना इंचार्ज मदनलाल, हेड कॉ. रोहिताश, कॉ. रोहिताश, कॉ. नवीन व साइबर सेल के अजय परेवा की टीम का गठन किया गया था। जहां पुलिस ने नाबालिग से सामूहिक रेप के आरोपी को गिरफ्तार कर साथ ही एक बाल अपचारी को भी निरुद्ध किया है।

डिप्टी एसपी गोयल ने बताया कि पूरे मामले में आरोपी को पकड़ने एवं खुलासे में साइबर सेल की भी भुमिका रही है। पुलिस उप अधीक्षक गोयल ने बताया कि नो जनवरी को थाना क्षेत्र की ही रहने वाली नाबालिग का आरोपियों द्वारा अपहरण व रेप का मामला दर्ज करवाया गया था। इसके बाद उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया। पुलिस ने साइबर सेल व तकनीकी सहायता से रेप के आरोपी दिलराज मीणा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी रामगढ़ पचवारा थाने में दो अलग अलग मामले दर्ज है जिनमें से एक मामले की फिलहाल जांच चल रही है।

# नाबालिग से दुष्कर्म कर बेचने का आरोपी पकड़ा

- **पुलिस ने 14 साल पुराने नाबालिग से दुष्कर्म कर बेचने के प्रकरण में फरार आरोपी को कोटा से डिटेन किया**

**बून्दी** (निसं)। नाबालिग से दुष्कर्म कर बेचने के 14 साल पुराने प्रकरण में कोतवाली थाना पुलिस ने फरार आरोपी को कोटा से गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक जय यादव द्वारा 1 वर्ष से अधिक अवधि के लंबित प्रकरणों के निस्तारण के निर्देशानुसार फरार वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु कोतवाली थानाधिकारी पवन कुमार मीणा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने 14 साल पुराने नाबालिग से दुष्कर्म कर बेचने के प्रकरण में फरार आरोपी अमर सिंह तंवर कोटा से डिटेन किया जाकर बापर्दा गिरफ्तार किया गया।

थानाधिकारी पवन कुमार मीणा ने बताया कि थाना कोतवाली बूंदी पर 2009 में दर्ज प्रकरण में गुमशुदा नाबालिग लड़की को दस्तयाब किया गया था, जिसकी जांच मे सामने आया कि पीडिता के घर से निकल कर कोटा जाने पर दो ऑटो वालों ने पीड़िता को ऑटो में ले जाकर दुष्कर्म किया तथा उसके पश्चात राजगढ़ मध्यप्रदेश ले जाकर अन्य को बेच दिया, जो जबरन शादी करके दुष्कर्म करते रहे। इन्होंने बताया कि इस संबंध में 9 अगस्त 2012 को एसआई उधम सिंह ने थाना कोतवाली बूंदी में नाबालिग से दुष्कर्म कर बेचने का मामला दर्ज करवाया था। मामले का अनुसंधान कर पूर्व में आरोपी मथुरा लाल गुर्जर, बहादुर सिंह व मोर सिंह को गिरफ्तार किया जा चुका हैं।

प्रकरण में अन्य शेष फरार आरोपी अमर सिंह तंवर व देव सिंह उर्फ देवा की तलाशी के दौरान आरोपी अमर सिंह तंवर पुत्र चंपालाल को कोटा से डिटेन कर प्रकरण में पूछताछ की। गिरफ्तार आरोपी अमर सिंह तंवर को बापर्दा न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायालय ने आरोपी को पीसी रिमांड सौंप दिया।

# रंजिश के चलते मकान में लगाई आग

**बीकानेर,** (निसं)। जयनारायण व्यास कॉलोनी में निवासी एक व्यक्ति जयपुर में अपने बेटों से मिलने के लिए गया हुआ था। पीछे कुछ लोगों ने घर में घुसकर मकान को आग लगा दी, जिससे घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। पड़ोसियों से घर में आगजनी की सूचना मिलने पर परिवादी बीकानेर आया और अपने ही रिश्तेदारों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जब घर में लगे सीसीटीवी फुटेज देखा तो सभी के होश उड़ गए। घर में लगे सीसीटीवी में आगजनी से ठीक पहले एक व्यक्ति कंबल ओढ़े मकान में घुसता हुआ दिखाई दे रहा है। उस व्यक्ति के हाथ में एक लंबा सरिया और थैला नजर आ रहा है। वह व्यक्ति मकान के मुख्य दरवाजे को तोड़कर घर में घुसते हुए दिखाई दे रहा है। पांच-दस मिनट में बाहर की ओर जाता हुआ दिखाई दे रहा है। परिवादी सुरेश ने बताया कि उसके पुत्र निशांत का प्रवीन मोहन मित्तल की पुत्री सुहानी मित्तल से शादी हुई थी। उसके बाद से दोनों परिवार में अनबन चल रही है। परिवादी सुरेश कुमार ने रिपोर्ट लिखवाई है कि प्रवीण मोहन मित्तल उसकी पत्नी सोभना मित्तल, पुत्र ऋषभ मित्तल, पुत्री सुहानी मित्तल ने 30 जनवरी को षड्यंत्र पूर्वक परिवादी के मकान में आग लगाकर नकदी और कीमती सामान चोरी कर लिया।

# स्कूल फीस में 1.57 करोड़ का हेरफेर, दंपति गिरफ्तार

## महिला केशियर ने पति संग मिलकर घोटाला किया

- **स्कूल के सहायक मैनेजर ने थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दी**

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के झालामंड स्थित द शांति निकेतन एजुकेशन की एक शाखा में कार्यरत महिला ने केशियर के पद पर कार्य करते हुए स्कूल के बच्चों की फीस में हेरफेर करते हुए 1.57 करोड़ का घपला कर डाला। इस काम में उसका पति भी शामिल रहा। वर्ष 2019 से लेकर 2022 तक यह गबन किया गया। स्कूल के सहायक मैनेजर की तरफ से दंपति के खिलाफ कुड़ी थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट हुई तो पुलिस ने जांच के बाद आरोपी दंपति को गिरफ्तार कर लिया है।

कुड़ी पुलिस थाने में चौहाबो सेक्टर 18 ई निवासी कैलाश नारायण जोशी की तरफ से यह रिपोर्ट दी गई थी। इसमें बताया कि वे द शांति निकेतन एजुकेशन ट्रस्ट के मैनेजर एवं सहायक मैनेजर है। इसकी एक शाखा कुड़ी भगतासनी झालामंड में आई हुई है। जहां पर वर्ष 2017 नवंबर माह में आकांशा व्यास बतौर एकाउंटेंट के पद पर लगी थी। इसी साल वह मातृत्व के अवकाश पर भी रही। आकांशा द्वारा ही स्कूल का सारा लेखा-जोखा का कार्य किया जाता था। मातृत्व अवकाश के समय उसने कार्यभार अपने पति मनोज को दे दिया था। तब वह सारा कार्यभार देखने लगा।

स्कूल के बच्चों की फीस लेन देन ऑनलाइन खाता, नगद और चेक आदि द्वारा की जाती थी। वर्ष 2022 में स्कूल ने श्री वैष्णवी एजुकेशनल ट्रस्ट को लीज पर दिया था। फिर वैष्णवी एजुकेशनल की तरफ से वहां श्री चैतन्य टेकनो स्कूल को संचालित किया गया। मगर स्कूल के खाते का काम आकांशा व्यास के पास ही रहा। वह निरंतर सेवा देती रही। अगस्त 2023 को चैतन्य टेकनो से पता लगा कि स्कूली बच्चों की फीस में हेरफेर की गई है। कई अभिभावकों ने फीस को जमा करवा दिया था। कुल मिलाकर यहां पर 1 करोड़ 57 लाख 39 हजार 900 रूपयों का गबन सामने आ गया। इस पर आकांशा से बात किए जाने पर पता लगा कि बच्चों की स्कूल फीस वह सीधे अपने खाते में ट्रांसफर करवा देती थी, फिर अपने पति मनोज के खाते में ट्रांसफर कर देती। इनका खाता जलजोग स्थित एक निजी बैंक में आया है। बाद में आकांशा को इसकी भरपाई करने के लिए कहा गया तो उन लोगों दो चेक दिए गए। मगर बाद में बाद में इन लोगों ने चेक लगाने से भी मना कर दिया। इस तरह उन्होंने स्कूल में कार्य करते हुए 1.57 करोड़ से ज्यादा का गबन कर डाला। कुड़ी पुलिस अब पकड़े गए दंपति से पूछताछ में जुटी है।

# फर्जी दस्तावेज से महिला ने अनुकंपा नौकरी हासिल की

- **महिला के पति का निधन हो चुका है, आरोप है कि उसने अपनी शादी का फर्जी सर्टिफिकेट लगाया था**
- **मृतक के भाई की तरफ से फर्जी तरीके से अनुकंपा नौकरी लगने का धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करवाया**

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के रातानाडा पुलिस थाने में एक महिला के खिलाफ फर्जी तरीके से अनुकंपा नौकरी हासिल करने का मामला दर्ज कराया गया है। महिला के पति को निधन हो चुका है, मगर आरोप है कि उसने अपनी शादी का फर्जी सर्टिफिकेट लगाया था। अब मृतक के भाई की तरफ से फर्जी तरीके से अनुकंपा नौकरी लगने का धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करवाया गया है। पुलिस इसमें जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि प्रतापनगर, हुडको क्वार्टर के-44 में रहने वाले छोटूलाल की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसके भाई मनोहर लाल की शादी प्रेमलता चौहान के साथ में वर्ष 25 अप्रेल 2021 को हुई थी। मगर उसके भाई मनोहरलाल की शादी के बाद तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जिसकी 5 मई 2021 को उसके भाई की मौत हो गई।

परिवादी के अनुसार उसके पिता गंगाराम की मौत के बाद मां भंवरी देवी पीएचईडी में अनुकंपा नौकरी पर लगी थी। मगर मां के जाने के बाद उसके भाई मनोहरलाल का अनुकंपा नौकरी मिली थी। इनके एक और भाई बाबूलाल है जोकि एक दूसरे पर आश्रित रहे है। इस हिसाब से मनोहरलाल की मौत के उपरांत अनुकंपा नौकरी छोटेलाल को मिलनी थी। मगर उसके भाई की पत्नी प्रेमलता ने अपनी शादी का एक फर्जी सर्टिफिकेट 12 दिसम्बर 21 का बनाकर गलत तरीके से अनुकंपा नौकरी को हासिल कर लिया। घटना को लेकर रातानाडा पुलिस जांच कर रही है।

# शहर में करोड़ों की कीमती सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण



शहर के अजमेर रोड़ पर मुख्य सड़क किनारे करोड़ों की भूमि पर हो रहा अवैध निर्माण।

■ अतिक्रमी व भूमाफियाओं के सामने नतमस्तक हुआ प्रशासन

**मालपुरा** (निस) नगरपालिका शहरी क्षैत्र मे भूमाफिया व अतिक्रमियो द्वारा करोडो रूपयो की सरकारी जमीन पर किये जा रहै अंधाधुंध अवैध निर्माण के बावजूद नगरपालिका व उपखण्ड प्रशासन द्वारा सबकुछ जानकर भी अनजान बन भूमाफियाओं को खुली छुट देने से शहर मे अतिक्रमण किये जाने की हौड सी मची हुई है।

मालपुरा अजमेर सडक मार्ग पर मुख्य सडक किनारे रिक्त पडी करोडो रूपयो की सरकारी भूमि की सुरक्षा को लेकर पालिका प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नही किये जाने से पालिका कोष को व सरकार को करोडो का नुकसान हो रहा है। ऐसा ही एक मामला शुक्रवार को सामने आया। अजमेर रोड पैट्रोल पम्प के पास देशवाली समाज के कब्रिस्तान की भूमि की आड मे देशवाली समाज के लोगो ने आठ से दस साल पूर्व सरकारी भूमि व तालाबी भूमि के बडे भाग पर अवैध रूप से चार दिवारी निर्माण कर काबिज होने के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नही किये जाने व प्रशासन की मौन स्वीकृति के चलते शुक्रवार को कब्रिस्तान के सामने मुख्य सडक किनारे छः व्यवसायिक दुकानो का निर्माण किये जाने की जानकारी मिलने पर नगरपालिका के अतिक्रमण रोधक दस्ते ने मौके पर पहुंच निर्माण कार्य तो रूकवा दिया लेकिन ना तो मौके पर पडी निर्माण सामग्री को जप्त करना मुनासिब समझा और ना ही किये गये अवैध निर्माण को ध्वस्त कर उक्त सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर पालिका के कब्जे मे लेना तक मुनासिब नही समझा। पालिका प्रशासन की यह गोल-मोल कार्यवाही शहर मे सुर्खियां बन गई। यहां तक की अतिक्रमण के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के दावो की भी हवा निकल गई। जानकारी किये जाने पर सामने आया कि कब्रिस्तान की आड मे बडे भाग पर किये गये कब्जे व निर्माण का पालिका रिकार्ड मे कोई इन्द्राज नही है तथा उक्त भूमि आज भी तालाबी व सरकारी भूमि के नाम से ही राजस्व रिकॉर्ड मे देखी जा सकती है। ऐसे मे पालिका प्रशासन द्वारा अवैध निर्माण को धवस्त कर निर्माण सामग्री क्यों नही जप्त की गई तथा अतिक्रमी के विरूद्ध पुलिस प्राथमिकी भी दर्ज क्यों नही करवाई गई। इसको लेकर पालिका के किसी भी अधिकारी कर्मचारी के पास कोई संतोषप्रद जवाब नही है। एक और जहां राज्य सरकार सरकारी सम्पति की सुरक्षा मे कोताही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारी पर कार्यवाही के साथ-साथ भूमाफिया व कब्जेधारियो पर कडी कार्यवाही के दावे कर रही है। वही दुसरी और मालपुरा मे सरकार के दावे व आदेशो की खुली अवहेलना हो रही है।

## 'नमसा योजना किसानों को देगी आर्थिक संबल'

**टोंक।** किसानों को मिलने वाली आय सुनिश्चित करने और टिकाऊ खेती के राष्ट्रीय मिशन के तहत नेशनल मिशन फॉर सस्टेनिवल एग्रीकल्चर योजना नमसा योजना के तहत जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कर निवाई उपखंड के जोधपुरिया गांव का चयन किया गया। जिला कलेक्टर ने बताया कि नमसा योजना से किसानों को केवल खेती ही नहीं बल्कि पशुपालन से जुड़कर आय के एक से अधिक स्त्रोत मिल सकेंगे। नेशनल मिशन फॉर सस्टेनिवल एग्रीकल्चर योजना नमसा के तहत कृषि विभाग को योजना के तहत दी जाने वाली गतिविधि यदि किसान अपनाता है तो उसे सरकार की ओर से लागत की पचास प्रतिशत राशि का अनुदान के रूप में सहायता दी जाएगी।

संयुक्त निदेशक के. के. मंगल ने बताया कि योजना के तहत हर किसान को लागत का पचास प्रतिशत का अनुदान दिया जायेगा। 38 किसानों को गाय या भैंस पालन के लिए प्रत्येक पर 40 हजार रुपए का अनुदान दिया जायेगा, चारा प्रदर्शन पर भी 10 हजार रुपए का अनुदान दिया गया है, 22 किसानों को भेड़-बकरी पालन के लिए चयनित किया जाएगा और हर किसान को अधिकतम 25 हजार रुपए या लागत का पचास प्रतिशत मिलेगा।

## सार-समाचार

### शहीद का अंतिम संस्कार किया



आईटीबीपी के जवान शहीद अजीत सिंह का राजकीय सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

**नीमराना।** जिला कोटपूतली बहरोड़ के गांव नायसराणा के आईटीबीपी के जवान शहीद अजीत सिंह का राजकीय सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। आइटीबीपी के जवान अजीत सिंह की ड्यूटी के दौरान कार्य स्थल पर हार्ट अटैक से हुई मौत होने से पार्थिव शरीर के गांव पहुंचने पर एक तरफ जहां गांव में शोक की लहर छा गई थी। वहीं दूसरी तरफ उनके अंतिम संस्कार में पहुंचे किसान नेता बस्तीराम यादव एडवोकेट प्रधान प्रतिनिधि बहरोड़ सहित क्षेत्र के अनेक सैकड़ों गणमान्य लोगों द्वारा शहीद को पुष्प चक्र अर्पित कर भावभीनी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान बहरोड़ प्रशासन सहित आसपास के हजारों ग्रामीणों सहित आइटीबीपी के सैन्यकर्मी मौजूद रहे।

### उपखंड अधिकारी ने निरीक्षण किया

**राजगढ़।** उपखंड अधिकारी सुश्री सीमा खेतान ने शुक्रवार को कस्बे के सी एच सी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इधर उपखंड अधिकारी ने माचाड़ी ग्राम स्थित सामुदायिक चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया। चिकित्सालय की आकस्मिक निरीक्षण से चिकित्सा कर्मियों एवं अन्य कार्मिकों में अफरा तफरी का आलम रहा। उपखंड अधिकारी ने चिकित्सालय में वार्डों का निरीक्षण कर भर्ती मरीजों से उनके कुशल से पूछी एवं निदान एवं चिकित्सा के बारे में जानकारी ली। कस्बे के सामुदायिक चिकित्सालय में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए.। बीसीएमओ डॉक्टर आरएस मीणा एवं चिकित्सा प्रभारी डॉ रमेश मीना से चिकित्सालय में मौजूद सुविधाओं के बारे में जानकारी ली एवं मरीज को त्वरित उपचार के साथ अन्य व्यवस्थाओं के बारे में निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी ने नेत्र चिकित्सा सहायक के श्यामलाल शर्मा से आंखों की जांच के बारे में जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सालय में सभी चिकित्सकों की उपस्थिति एवं अन्य जानकारी ली। मेडिकल रिलीफ सोसायटी की बैठक में शीघ्र चिकित्सालय मैं व्यवस्था सुधार के बारे में निर्णय लिए जाने की बात कही। इस अवसर पर अन्य चिकित्सा कर्मी भी मौजूद रहे।

### प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया

**पावटा।** कस्बे स्थित सीबीएसई एम एम पब्लिक स्कूल मे 67 वीं खेलकूद प्रतियोगिता सेफक टेकरा का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल निदेशक मनोज मित्तल के सानिंध्य मे प्रतिभावान छात्र-छात्राओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रबंध निदेशक अखिलेश मिश्रा ने बताया कि 67 वीं खेलकूद प्रतियोगिता सेफक टेकरा मे अंडर 17 व अंडर 19 छात्राओ ने गोल्ड मेडल व अंडर 17 व अंडर 19 छात्रों ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इस अवसर पर स्कूल वरिष्ठ शरीरिक शिक्षक कैलाश यादव सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### सम्मान समारोह 11 को

**निवाई।** अखिल भारतीय रैगर महासभा के तत्वावधान में 11 फरवरी को टोंक में स्थित रैगर छात्रवास भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। महासभा के जिलाध्यक्ष शंकरलाल हाथीवाल ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि निवाई पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा होगें।

## चूरा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**पावटा।** प्रागपुरा थाना पुलिस ने गस्त के दौरान 30 किलो 500 ग्राम डोडा चूरा जब्त कर दो आरोपीयों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने बताया कि इन दिनों अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु अभियान चलाया गया है। इसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली नेम सिंह के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला के सुपरविजन मे प्रागपुरा थाना प्रभारी राकेश मीणा के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए खातियो की ढाणी तन खेलना के पास से 30 किलो 500 ग्राम डोडा चूरा जप्त कर विकास यादव पुत्र ओमबीर उम्र 22 साल निवासी प्रेमनगर मंढा व हरिराम पुत्र रामचंद्र निवासी खातियो की ढाणी तन खेलना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर लिया है। इसके साथ ही अनुसंधान जारी है।

## आर्थिक अपराध पर 2.40 लाख का अर्थ दंड लगाया

**सांभरझील,** (निसं)। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ऋचा कौशिक में आर्थिक अपराध का मामला दोष सिद्ध पाए जाने पर अभियुक्त रामेश्वर लाल जाट निवासी ग्राम त्योदा, तहसील फुलेरा मुख्यालय सांभर लेक जिला जयपुर ग्रामीण को दो लाख चालीस हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया है।

साथ ही आदेश दिया है कि अभियुक्त रामेश्वरलाल जाट धारा 357(3) दण्ड प्रक्रिया संहिता के तहत उक्त अर्थदण्ड की 2,40,000/- रूपये (अक्षरे दो लाख चालीस हजार रूपये) की राशि परिवादी जगदीश चूला को बतौर प्रतिकर अदा करे। अर्थदण्ड की राशि न्यायालय में जमा होने पर बाद गुजरने मियाद अपील नियमानुसार परिवादी को अदा की जाए। न्यायालय ने फैसले में लिखा है कि यदि अभियुक्त द्वारा कोई अवधि न्यायिक या पुलिस अभिरक्षा में व्यतीत की गयी है तो वह अवधि अभियुक्त की मूल सजा में मुजरा की जावे।

परिवादी जगदीश चूला के वकील प्रेमचंद भहडा की ओर से 3 जुलाई को अभियुक्त.रामेश्वरलाल जाट के विरूद्ध परिवाद अंतर्गत धारा 138 परकाम्य लिखत अधिनियम, इस आशय का पेश किया कि परिवादी व अभियुक्त के मध्य आपसी जान पहचान के कारण पारिवारिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अक्षरे एक लाख नब्बे हजार रूपये अभियुक्त ने नकद उधार मांगे थे। इस पर अभियुक्त ने परिवादी को एक चैक अपने हस्ताक्षर कर भुगतान हो जाने का विश्वास दिलाते हुए परिवादी को सुपुर्द किया था बैंक में खाता बंद होने से परिवादी क्रो उक्त चैक लौटा दिया। अभियुक्त ने परिवादी को उक्त चैक की राशि का भुगतान नहीं करने पर न्यायालय में परिवाद पेश किया गया था। न्यायालय ने समस्त तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए उक्त अभियुक्त को तीन माह के साधारण कारावास की भी सजा सुनाई है।

## चिकित्सालय का निरीक्षण किया

**दूदू।** जिला कलेक्टर डॉ आर्तिका शुक्ला ने जिले के अधीन साखून ग्राम पंचायत मुख्यालय पर संचालित राजकीय चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया इस दौरान चिकित्सक एवं नर्सिंग कर्मचारी अनुपस्थित मिले शुक्ला ने कर्मचारियों को समय पर उपस्थित होने के एवं अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए शुक्ला ने बताया कि निरीक्षण के दौरान केंद्र पर निशुल्क जांच एवं दवाइयां के वितरण की सूची भी नहीं मिली के अलावा सफाई व्यवस्थाएं भी सुचारू नहीं पाई गई केंद्र पर सफाई व्यवस्था के लिए सुधार कर कचरा पात्र रखकर समय पर सफाई करने के निर्देश दिए ओपीडी जांच करने आए मरीज के लिए उचित व्यवस्था एवं प्रसव व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश डॉक्टर सुनीता कटारिया को दिए गए पश्चात ग्राामीणों के प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर को समस्या अवगत कराया शुक्ला ने समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

## मुखबिर की सूचना पर संयुक्त कार्रवाई की

**देवली /निवाई** ( नि स) लाखों रुपए की अवैध शराब बरामद कर संयुक्त कार्रवाई की देवली और निवाई आबकारी पुलिस ने।

शुक्रवार को आबकारी आयुक्त ओम कसेरा एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त अतुल्ला खान के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी टोंक के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर लाखों रुपए की अवैध शराब से भरे ट्रक को जप्त करने की संयुक्त कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई देवली और निवाई आबकारी पुलिस द्वारा की गई । देवली आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार चौधरी ने जानकारी में बताया कि शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली कि नेशनल हाईवे 52 पर 12 चक्का ट्रक आर जे 05 जी बी 7855 मैं पशु आहार के कट्टों के बीच पंजाब निर्मित अंग्रेजी अवैध शराब रखी हुई है। ऐसे में मुखबिर से मिली उक्त सूचना पर जिला आबकारी अधिकारी ने निवाई और देवली आबकारी पुलिस को संयुक्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए। जिला अधिकारी के निर्देश पर देवली आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार और निवाई आबकारी निरीक्षक रामकृष्ण मीणा एवं प्रहराधिकारी रामसहाय नारेडा हेमराज जाटव ने एक साथ मिलकर देवली उपखंड क्षेत्र के पोल्याडा चौकी के पास पंजाब निर्मित अवैध शराब से भरे ट्रक को रुकवाया जहां आबकारी पुलिस ने ट्रक चेकिंग के दौरान पशु आहार के कट्टों के नीचे से पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब, रॉयल स्टैग, आईबी, इत्यादि ब्रांड के 458 कार्टून बरामद किए। विभाग के अनुसार बरामद की गई उक्त अवैध शराब का बाजार मूल्य लगभग 41 लाख रुपए बताया गया है। आबकारी पुलिस ने बताया कि लाखों रुपए की अवैध शराब के साथ ट्रक को भी जप्त किया गया है।

# चेपा रोग के नियंत्रण के लिए कृषि विभाग ने कमर कसी

■ रबी की फसल पर चेपा ने आक्रमण कर रखा है

**फुलेरा ।** फुलेरा कस्बे सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रो में बोई गई रबी की फसल में सरसों की फसल पर इन दिनों चेपा रोग ने आक्रमण कर रखा है। इस रोग से फसलों को बचाने के लिए कृषि विभाग के अधिकारी अपने सहयोगियों के साथ खेतों में जाकर किसानो की मदद कर रहे है।

कृषि विभाग के सयुंक्त निदेशक कृषि (विस्तार) जिला परिषद राकेश कुमार पाटनी ने अपने सहायक निदेशक कृषि सहित सभी कृषि अधिकारीयो को निर्देश देकर चेपा रोग से ग्रसित फसलो का निरीक्षण करने को कहा है। सयुंक्त निदेशक पाटनी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023-24 में करीब 124806 हैक्टर में सरसों की बुवाई हुई है। जिसमें बारानी क्षेत्र में सरसो की बुवाई अक्टूबर में तथा सिंचित क्षेत्र में 15 अक्टूबर से 15 नवम्बर तक बुवाई हुई है। जिले में मुख्यतः सांगानेर, चाकसू, फागी, दूदू, फुलेरा, सांभर व जमवारामगढ तहसील में बारानी क्षेत्र में सरसों की बुवाई होती है। सरसों फसल जिले में वर्तमान में सामान्यतः फली अवस्था अथवा पकाव अवस्था पर है। चैपा कीट का प्रकोप सरसों फसल में जिले में सिंचित क्षेत्र में देरी से बुवाई वाली फसल में पुष्प अवस्था में दिखाई दे रहा है। यह कीट इन दिनो, दिन का तापमान अधिक होने के कारण खेतों से शहर की तरफ आ रहा है। बारानी फसल में फली बन जाने के कारण कीट से उत्पादन में नुकसान नहीं होता है। परन्तु सिंचित क्षेत्र में पुष्प अवस्था पर फूल का रस चूस कर नुकसान करता है। जिससे उत्पादन में मामूली गिरावट आती है। जिले में वर्तमान में एफिड का प्रकोप कहीं-कहीं दिखाई दे रहा है। क्षेत्रीय कार्मिको (कृषि पर्यवेक्षक/सहायक कृषि अधिकारी) के द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर कृषकों को जागरूक करते हुए जानकारी दी जा रही है कि फसलों में ज्यादा नुकसान की स्थिति में कीटनाशी दवा प्रयोग करें। इसके बारे में बताया कि मुख्यतः फूल आने के बाद मैलाथियॉन 5 प्रतिशत चूर्ण 25 किलो प्रति हैक्टर की दर से शाम के समय भुरकाव करें अथवा मैलाथियॉन 50 ई.सी. सवा लीटर या डाइमिथोएट 30 ई.सी. 875 मिलीलीटर या क्लोरोपायरीफॉस 20 ई.सी. 600 मिलीलीटर प्रति हैक्टर की दर से स्प्रे/भुरकाव कर फसल को चेपा के आक्रमण से बचाया जा सकता है।

## अलीपुर मिडिल स्कूल को सीनियर स्तर का करने का दिया आश्वासन

■ स्थानीय विधायक रामविलास मीणा ने वार्षिकोत्सव में दिया आश्वासन

**रामगढ़ पचवारा।** स्थानीय विधायक रामविलास मीणा द्वारा शुक्रवार को अलीपुरा में वार्षिकोत्सव समारोह का विधिवत शुभारंभ किया गया। वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान विधायक द्वारा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया गया।

वार्षिक उत्सव समारोह के दौरान स्थलीय विद्यालय की छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए। इस वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए विधायक मीणा ने कहा कि सभी गुरुजन बालकों के भीतर भविष्य को लेकर उनको अच्छी तरीके से शिक्षित करें एवं राज्य सरकार द्वारा शिक्षा में शिक्षा के क्षेत्र में चलाई जा रही योजनाओं से लाभान्वित भी करना सुनिश्चित करें। वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अलीपुर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत करने की मांग की गई। इस पर कार्यक्रम के दौरान विधायक मीणा द्वारा मिडिल स्कूल अलीपुर को जल्द ही सीनियर सेकेंडरी स्कूल पर क्रमोन्नत करवाने का भी आश्वासन दिया गया। इस वार्षिकोत्सव समारोह के दौरान सीबीईओ मुरारी लाल जांगिड़, प्रदीप कुमार शर्मा, भाजपा ब्लाक अध्यक्ष भंवर सिंह, पूर्व सरपंच रामनिवास मीणा, सरपंच प्रतिनिधि रतनलाल सैनी, भामाशाह मायाराम शर्मा माल सिंह, एसएमसी अध्यक्ष रमेश चंद शर्मा, प्रताप बेरवा गोपाल गुर्जर आदि ग्रामवासी स्कूल स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## 'बालिकाओं को भी जोड़े शिक्षा से'

**निवाई।** ग्राम पंचायत राहोली के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय तुम्बीपुरा में शुक्रवार को वार्षिकोत्सव व भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सरपंच फूला देवी मीणा, अध्यक्षता कर रहे प्रधानाध्यापक रामकिशोर मीणा, विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता एवं पूर्व सरपंच कमलेश चावला, उपसरपंच मधुसूदन शर्मा, व्याख्याता जयनारायण मीणा व गौरीशंकर चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। मुख्य अतिथि सरपंच मीणा ने कहा कि सरकार बालिका शिक्षा को महत्व दे रही है। इसके लिए हमारा दायित्व है कि अधिकाधिक बालिकाओं को शिक्षा से जोडे। उन्होंने कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा का है। जिसके लिए कडी मेहनत करके भविष्य का निर्माण करे। भाजपा नेता एवं पूर्व सरपंच कमलेश चावला ने कहा कि अच्छी शिक्षा प्राप्त करके माता-पिता व गुरूजनों का नाम रोशन करें। प्रधानाध्यापक ने विद्यालय में संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुए सरपंच फूला मीणा को विद्यालय की समस्याओं से अवगत करवाया। इस दौरान समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों सहित एकल नृत्य, नाटक, लेखन, कविता एवं देशभक्ति व लोक गीत एवं बाल विवाह प्रथा पर नाटक का मंचन किया गया।

# एस.डी.एम. गरीब की रसोई का औचक निरीक्षण करने पहुंचे

■ 'खाने की क्वालिटी व साफ सफाई की व्यवस्थाओं को ठीक करो दुबारा गड़बड़ी मिली तो कार्रवाई की जाएगी'



खैरथल में श्री अन्नपूर्णा रसोई पर भोजन करते व्यक्ति से एडीएम सुरेंद्र सिंह यादव ने खाने की गुणवत्ता पूछी।

**खैरथल।** नगर परिषद से कुछ ही दूरी के हरसोली रोड पर गरीबों के लिए सरकार की ओर से संचालित श्री अन्नपूर्णा रसोई संख्या 670 पर सुबह 10:38 पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेंद्र सिंह यादव भोजन की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं को देखने पहुंचे।

वहां भोजन करते पाए लोगों से बात की उस दौरान तक केवल 9 ही लोगों के द्वारा भोजन करना पाया गया। श्री अन्नपूर्णा रसोई पर भोजन की गुणवत्ता वे व्यवस्थाओं को जांचने पहुंचे अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेंद्र सिंह यादव ने बताया की सुबह 10:38 पर हुए पहुंचे तो केवल 9 ही लोगों के द्वारा भोजन करना पाया गया। भोजन की गुणवत्ता सही नहीं पाए जाने व भोजन करते पाए गए लोगों की शिकायत पर रसोई संचालक को भोजन की गुणवत्ता को सही करने के निर्देश देते हुए कहा क्या ऐसा ही खाना खिलाया जाता है खाने की क्वालिटी व साफ सफाई की व्यवस्थाओं को को ठीक करो दुबारा गड़बड़ी मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

यहां तक की निरीक्षण पर पहुंचे अधिकारी ने जब रसोई के चारों ओर नजर को घूमाकर देखा तो सरकार की ओर से संचालित रसोई पर किसी प्रकार का कोई बैनर नहीं लगे मिले जिस पर अधिकारी ने रसोई संचालक पर नाराजगी जताई वही नगर परिषद की ओर से दिए गए वाटर कूलर को उपयोग में लाने के निर्देश दिए। रसोई में मिली खामियों को शीघ्र दूर कराने के लिए अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने नगर परिषद आयुक्त को रसोई में मिली कमियों को निस्तारित कर पालना रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।


## जयपुर विकास प्राधिकरण

इन्दिरा सर्किल, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, जयपुर- 302004

क्रमांकः ज.वि.प्रा./जनसंपर्क/2023/डी वी-242 दिनांकः 01.02.2024

### आम सूचना

निम्न योजनाओं के आवेदकों द्वारा अपनी सम्पत्ति के पट्टे/अन्य कार्य हेतु आवेदन प्रस्तुत किए गए हैं जिनका विस्तृत विवरण जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट https://jda.rajasthan.gov.in एवं जोन कार्यालय में देखा जा सकता है। इस संबंध में आपत्ति/सुझाव यदि हो तो 7 दिवस में मय दस्तावेज संबंधित उपायुक्त जोन कार्यालय में प्रस्तुत करें।

| क्र. सं. | जोन | भू.सं. | गृ.नि.स.स.लि./योजना का नाम | आवेदक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 71 | भैरव गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना श्री हरिहर विहार, फ्री होल्ड पट्टा हेतु | श्री नरेन्द्र सिंह पुत्र श्री दयाल सिंह शेखावत |
| 2 | 6 | 72 | भैरव गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना श्री हरिहर विहार, फ्री होल्ड पट्टा हेतु | श्री महेन्द्र सिंह पुत्र श्री दयाल सिंह |
| 3 | 6 | 50 | संयुक्त गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना स्कीम नं. 5 विजयबाडी, फ्री होल्ड पट्टा हेतु | श्री नन्दकिशोर अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, सुमन देवी अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, पुत्र/पत्नी/पुत्री स्व. श्री जानकी लाल अग्रवाल एवं प्रतीक अग्रवाल पुत्र स्व. श्री बसन्त कुमार अग्रवाल |
| 4 | 6 | 194 | शंकर भवन गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना ग्रीन पार्क-बी, फ्री होल्ड पट्टा हेतु | श्री इन्द्रभान सिंह पुत्र श्री रामस्वरूप सिंह |
| 5 | 6 | 256 | जविप्रा की योजना मुरलीपुरा स्कीम, फ्री होल्ड पट्टा हेतु | श्रीमती गायत्री देवी पत्नी श्री लोकमणी |
| 6 | 6 | 20 | मोती भवन गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना 4 ई आर्य नगर, फ्री होल्ड पट्टा हेतु | श्री सत्यनारायण कुमावत व दीनदयाल कुमावत पुत्रान् श्री हीरा लाल कुमावत |
| 7 | 12 | 313 | सिरसली गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना रामेश्वरम्, लीजडीड हेतु | श्री हरीश कुमार जैमन पुत्र श्री बनवारी लाल जैमन |
| 8 | पीआरएन (दक्षिण-द्वितीय) | 40A | मीनावाला गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना श्री धनराज सिटी लीजडीड हेतु | नानगराम शर्मा |
| 9 | पीआरएन (दक्षिण-द्वितीय) | 42A | मीनावाला गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना श्री धनराज सिटी लीजडीड हेतु | कैलाशी देवी शर्मा |

### लोक सूचना

| क्र.सं. | जोन | खसरा सं. | ग्राम का नाम | खातेदार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 11 | 323, 347, 348, 349, 350, 351, 352, 354, 355 356, 358, 359 361, 362 | ग्राम- बालमुकुन्दपुरा उर्फ नाडा, तहसील- सांगानेर जिला-जयपुर की भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु | श्री एम. डी. बांगड पुत्र श्री श्रीबालचन्द |
| 2 | 11 | 324/1, 324/391, 337/1, 338, 339, 340/1, 345, 346, 353 | ग्राम- बालमुकुन्दपुरा उर्फ नाडा, तहसील- सांगानेर जिला-जयपुर की भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु | श्रीमती सुमनलता बांगड पत्नी श्री एम. डी. बांगड |
| 3 | 11 | 353/398, | ग्राम- बालमुकुन्दपुरा उर्फ नाडा, तहसील- सांगानेर जिला-जयपुर की भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु | श्री माधोदास बांगड पुत्र श्री बाल किशन बांगड |
| 4 | 12 | 1698/3472, 1698/3481 | ग्राम- नींदड, तहसील-आमेर जिला-जयपुर में भैरव गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना श्याम नगरी 1st की भूमि को पर्यावासित कर राज्य सरकार के पक्ष में पुर्नग्रहित करने हेतु | कैलाश पुत्र कल्याण, ताराचन्द पुत्र कल्याण, हरफूल पुत्र कल्याण |

राज.संवाद/सी/23/12558 सचिव



पहली बार मुझे जिंदगी में लगा कि मेरा समय खत्म हो चुका है। दुर्घटना के समय मुझे पता था कि मुझे कहां-कहां चोट लगी है। यह और भी गंभीर हो सकता था, लेकिन मैं भाग्यशाली रहा। - ऋषभ पंत

भारतीय क्रिकेटर, दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद रिकवरी करने के बाद आगामी सीजन से क्रिकेट में वापसी करने पर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



**आशीष गोलियान**

**उत्तर प्रदेश** के आशीष गोलियान व सौरव कुमार ने 41वीं सीनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में पुरुष 2000 मी. ओपन पेयर्स में कांस्य पदक जीता। रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया और महाराष्ट्र रोइंग एसोसिएशन की देखरेख में 28 जनवरी से तीन फरवरी तक आयोजित प्रतियोगिता में यूपी की जोड़ी ने 07:13.8 सेकेंड के समय के साथ यह सफलता हासिल की। यूपी रोइंग एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा ने देते हुए बताया कि इस स्पर्धा का स्वर्ण आर्मी के बाबू लाल यादव व लेखराम ने 07:06.0 सेकेंड के समय के साथ जीता।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट इतिहास के 1877 में सबसे पहले टैस्ट में खेलने वाले एडवर्ड ग्रेगरी, उनके पुत्र सिड ग्रेगरी और उनके भतीजे जैक ग्रेगरी ने अपने टैस्ट जीवन की शुरुआत शून्य (0) से की।

# दूसरे टेस्ट का पहला दिन यशस्वी के नाम

## जायसवाल 179 रन पर नाबाद, टीम इंडिया का स्कोर 336/6, शोएब बशीर को 2 विकेट



विशाखापट्टनम, 2 फरवरी। भारत-इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच का पहला दिन भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल के नाम रहा है। उन्होंने टेस्ट करियर का दूसरा शतक जमाया। जायसवाल की पारी के दम पर भारतीय टीम ने शुक्रवार को पहली पारी में 6 विकेट पर 336 रन बना लिए हैं। जायसवाल 179 रन पर नाबाद हैं, जबकि रविचंद्रन अश्विन 5 रन पर नॉटआउट हैं।

विशाखापट्टनम के वाईएस राजशेखर रेड्डी क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया, लेकिन ओपनिंग करने उतरे भारतीय कप्तान इस फैसले को सही साबित नहीं कर सके और 40 रन के टीम स्कोर पर 14 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें डेब्यूटंट बॉलर शोएब बशीर ने ओली पोप के हाथों कैच कराया। सहवाग, जाफर और धवन के क्लब में जुड़े यशस्वीओपनर यशस्वी जायसवाल टेस्ट मैच के पहले दिन सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बैटर्स की सूची में जगह बनाई है। पूर्व विस्फोटक बैटर वीरेंदर सहवाग, वसीम जाफर और शिखर धवन जैसे बल्लेबाजों की सूची में जायसवाल छठे नंबर पर हैं। गावस्कर की बराबरी पर आए जायसवाल, अजहर को पीछे छोड़ायशस्वी जायसवाल भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच के किसी एक दिन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की सूची में पूर्व भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन को पीछे छोड़ दिया है। वे सुनील गावस्कर के बराबर 179 रन बनाकर तीसरे स्थान पर हैं। अजहर के नाम 175 रन बनाने का रिकॉर्ड है।

पहले दिन के पहले सेशन में भारतीय टीम खास प्रदर्शन नहीं कर सकी। टीम ने 103 रन बनाने में कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के विकेट गंवा दिए। इंग्लिश टीम की ओर से शोएब बशीर और जेम्स एंडरसन ने असरदार गेंदबाजी की और एक-एक विकेट लिए।

लंच से पहले कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल के विकेट गंवाने के बाद युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल ने श्रेयस अय्यर के साथ मिलकर भारत की वापसी कराई। दोनों ने दूसरे सेशन में तीसरे विकेट के लिए 131 बॉल पर 90 रनों की साझेदारी की। यहां अय्यर टॉम हार्टले का शिकार बने। चाय तक भारत ने 3 विकेट पर 225 रन बना लिए थे। टीम ने इस सेशन में एक विकेट गंवाया और 122 रन जोड़े। यह सेशन भारतीय टीम के नाम रहा। दूसरे सेशन में पिछड़ने के बाद स्पिनर्स ने इंग्लैंड की वापसी कराई। शोएब बशीर और रेहान अहमद की जोड़ी ने मिडिल ऑर्डर के भारतीय बल्लेबाजों को बड़ी पारी खेलने से रोके रखा और भारत को पहले दिन 350 के अंदर ही रखा। इस सेशन में भारतीय टीम ने 111 रन पर 3 विकेट गंवा दिए।



## जहीर खान ने रजत पाटीदार को डेब्यू कैप दी

नई दिल्ली, 2 फरवरी। पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान ने विशाखापट्टनम में मैच शुरू होने से पहले रजत पाटीदार को डेब्यू टेस्ट कैप दी। जहीर ने रजत से कहा, आपको शुभकामनाएं। यह एक स्पेशल मोमेंट है, आप टेस्ट में देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इसलिए इसे यादगार बनाएं, इसे शानदार बनाएं, खुद को खुलकर एक्सप्रेस करें और आगे एक शानदार करियर बनाएं। भारत की पारी के 39वें ओवर में टॉम हार्टले बॉलिंग करने आए। ओवर की पहली ही बॉल पर यशस्वी जायसवाल ने स्विच हिट मारना चाहा। उन्होंने पहले ही स्विच करने का मन बना लिया था। हार्टले बॉल फेंकने से पहले यह समझ गए और फिर गेंद ही नहीं फेंकी। इसके बाद दोनों प्लेयर्स ने एक-दूसरे की ओर देखकर स्माइल किया। वर्ल्ड 20 के सीजन 2 ने अपने शुरुआती सप्ताह में 11.3 करोड़ की व्यूअरशिप हासिल की है। के मुताबिक, इस लीग की व्यूअरशिप में पिछले सीजन की अपेक्षा 12 फीसदी की बढ़त देखने को मिली है। इसके अलावा, भारत के अर्बन मार्केट में 15 साल से ज्यादा की उम्र के लोगो ने लीग को 32 ज्यादा टाइम दिया है। आयोजकों की मानें तो वर्ल्ड 20 दुनिया की दूसरी सबसे ज्यादा देखी जाने वाली वर्ल्ड 20 लीग बनी हुई है।

## 41वीं सीनियर नेशनल रोइंग चैम्पियनशिप में यूपी ने जीता कांस्य

लखनऊ, 2 फरवरी। उत्तर प्रदेश के आशीष गोलियान व सौरव कुमार ने 41वीं सीनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में पुरुष 2000 मी.ओपन पेयर्स में कांस्य पदक जीता। रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया और महाराष्ट्र रोइंग एसोसिएशन की देखरेख में 28 जनवरी से तीन फरवरी तक आयोजित प्रतियोगिता में यूपी की जोड़ी ने 07:13.8 सेकेंड के समय के साथ यह सफलता हासिल की। यूपी रोइंग एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा ने देते हुए बताया कि इस स्पर्धा का स्वर्ण आर्मी के बाबू लाल यादव व लेखराम ने 07:06.0 सेकेंड के समय के साथ जीता। रजत पदक सर्विसेज के इकबाल सिंह व सनी कुमार ने 07:09.2 सेकेंड के समय के साथ मिला।

## भारतीय टीम डेविस कप में कल पाकिस्तान से भिड़ेगी

इस्लामाबाद, 2 फरवरी। भारतीय टेनिस टीम तीन और चार फरवरी को पाकिस्तान स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में डेविस कप 2024 ग्रुप वन प्लेऑफ मुकाबले में पाकिस्तान की टीम से मुकाबला करेगी। भारतीय डेविस कप टीम वर्ष 1964 के बाद पहली पाकिस्तान दौरे पर पहुंची है। दोनों टीमों के बीच पांच मुकाबले खेले जायेंगे। शनिवार को एकल वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुवाई रामकुमार रामनाथन करेंगे। वहीं श्रीराम बालाजी दूसरे एकल मुकाबला खेलेंगे। युकी भांबरी और साकेत मायनेनी की जोड़ी पाकिस्तान की युगल टीम से भिड़ेगी। इस बीच, रोहित राजपाल के निजी कारणों का हवाला देकर मुकाबले से हटने के बाद भारत के कोच जीशान अली टीम के कप्तान के तौर पर भी काम करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत ने पिछले सितंबर में लखनऊ के गोमती नगर स्थित विजयंत खंड मिनी स्टेडियम में वर्ल्ड ग्रुप टू प्लेऑफ में मोरक्को को 4-1 से हराकर वर्ल्ड ग्रुप वन प्लेऑफ में प्रवेश किया था।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराया

## पहले वनडे में स्मिथ, ग्रीन और इंग्लिश के अर्द्धशतक

मेलबर्न, 2 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए पहले वनडे में वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हराया। इसी के साथ 3 वनडे मैचों की सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने 1-0 से बढ़त बना ली है।

टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने फील्डिंग करने का फैसला लिया। वेस्टइंडीज ने 48.4 ओवर में 10 विकेट पर 231 रन का स्कोर खड़ा किया। कीसी कार्टी ने 88 रन बनाए जबकि रोस्टन चेज ने अर्धशतक लगाया। ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए, जेवियर बार्टलेट ने 4 विकेट लिए। जवाब में, जोश इंग्लिस, कैमरून ग्रीन और स्टीव स्मिथ के अर्धशतकों की बदौलत मेजबानों ने 38.3 ओवर में 2 विकेट खोकर टारगेट चेज कर लिया।

केसी कार्टी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करियर की बेस्ट 88 रन की पारी खेली। टॉप ऑर्डर में लगातार विकेट गिरने के बाद कार्टी ने अपनी टीम को बचाया और 108 गेंदों में 88 रन बनाए। यह अब उनका बेस्ट वनडे स्कोर है। उनकी पारी में छह चौके और दो छक्के शामिल थे। वहीं, रॉस्टन चेज ने डिफेंसिव पारी खेली और 67 गेंदों में 59 रन बनाए। उनकी पारी में सात चौके शामिल थे।

वेस्टइंडीज का टॉप ऑर्डर पूरी तरह फेल हो गया। ओपनर एलिक एथनॉज 5 रन, जस्टिन ग्रीव्स 1 रन, शाई होप 12 रन और केवेम हॉज 11 रन बना कर आउट हुए। वहीं, हेडन वॉल्श 20 रन, रोमारियो शेफर्ड 0 रन, मैथ्यू फोर्डे और गुकेश मोती 3 रन बना कर पवेलियन लौटे। ओशेन थॉमर 2 रन बना कर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया के लिए राइट आर्म पेसर जेवियर बार्टलेट ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 4 विकेट लिए। उनके अलावा सीन एबट और कैमरन ग्रीन को 2-2 विकेट मिले। वहीं, एडम जम्पा को एक सफलता मिली।



## थाईलैंड मास्टस : अस्मिता चालिहा महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में

बैंकॉक, 2 फरवरी। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अस्मिता चालिहा शुक्रवार को इंडोनेशिया की ईस्टर नुरूमी वार्डोयो को हराकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। आज यहां 57 मिनट तक चले मुकाबले में विश्व की 61वीं रैंकिंग की बैडमिंटन खिलाड़ी चालिहा ने 44वीं रैंकिंग की वार्डोयो को 21-14 19-21 21-13 से हराया। शनिवार को अस्मिता चाहिला सेमीफाइनल में चौथी वरीय थाईलैंड की सुपानिडा काटेथोंग और चीनी ताइपे की वेन चि सु के बीच होने वाले मैच की विजेता से मुकाबला करेंगी। वहीं अन्य मुकाबले में मिथुन मंजूनाथ को पुरुष एकल में मुकाबले में नीदरलैंड के मार्क कैलजॉव से 21-19, 21-15 से हारकर का सामना करना पड़ा। इससे पहले दिन में, ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद महिला युगल क्वार्टरफाइनल में हार गईं।


**कार्यालय नगर परिषद बून्दी**

क्रमांकः- 8161 दिनांकः- 31.01.2024

**-:: निविदा सूचना ::-**

नगर परिषद बून्दी द्वारा जारी निविदा सं0: निर्माण/2023-24/8161 दिनांक 31/01/2024 की निविदा दिनांक 01/02/2024 से दिनांक 19/02/2024 शायः 6.00 बजे तक ऑनलाईन विक्रय की जावेगी। निविदा दिनांक 20/02/2024 को 3.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी तथा निविदा दिनांक 20/02/2024 को 04.00 बजे ऑनलाईन खोली जावेगी। विस्तृत शर्ते व विवरण निविदा sppp.rajasthan.gov.in/eproc.rajasthan.gov.in पर **DLB2324SLOB29948,** तथा कार्यालय समय मे किसी भी कार्यदिवस को नगर परिषद मे देखा जा सकता है।

आयुक्त
नगर परिषद, बून्दी

राज.संवाद/सी/23/12570

**SE&PM WCDC Zila Parishad Tonk**

File no. ( )/986 Date: 30.01.2024

**NOTICE INVITING BID**
**NIB No 08-09-10-11 YEAR 2023-24**

Bids for (04 Nos) Construction of kachcha, Pakka and Pasture development work [Name(s) of work(s) of Procurement] of estimated value INR 563.48 Lacs (160.00+174.43+169.16+59.89) are invited from interested bidders up to 08-02-2024 [time], 06.00 PM [date]. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state,

**UBN :**
**1. WSC2324WSOB00620**
**2. WSC2324WSOB00621**
**3. WSC2324WSOB00622**
**4. WSC2324WSOB00624**
**NIB WSC2324A0342**

Raj.Samwad/C/23/12602

SE&PM
WCDC, ZILA PARISHED, TONK

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा. अभि. विभाग परियोजना खण्ड मण्डरायल**

E-mail-eepaman.kar.phed@rajasthan.gov.in

**निविदा आमंत्रण सूचना**

परि. खण्ड मण्डरायल के अन्तर्गत ओ एण्ड एम कार्य हेतु इच्छुक संवेदकों से दिनांक 12.02.2024 तक निविदाऐं आमंत्रित की गयी है एवं निविदा से संबंधित अन्य विवरण https://www.sppp.rajasthan.gov.in and epoc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB CODE- PHE2324A5000

| S.N. | NIT NO. | UBN |
|---|---|---|
| 1 | 02/2023-24 | PHE2324WSOB11753 |
| कुल कार्यों की संख्या | | 01 |
| कुल अनुमानित लागत | | 23.98 लाख रू. |
| निविदा उपलब्धता/विक्रय की अन्तिम तिथि एवं समय | | 12.02.2024 at 06.00 PM |
| निविदा खोलने की अन्तिम तिथि एवं समय | | 13.02.2024 at 02.00 PM |

DIPR/C/486/2024 (प्रेमप्रकाश मीना) अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा.अभि. विभाग, परि. खण्ड मण्डरायल


## यशस्वी ने डबल सेंचुरी की दहलीज पर पहुंचकर तोड़ा अजहरुद्दीन का रिकॉर्ड, गावस्कर की बराबरी की

नई दिल्ली, 2 फरवरी। यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन नाबाद 179 रन बनाए। यशस्वी ने मोहम्मद अजहरुद्दीन का धांसू रिकॉर्ड तोड़ा है। उन्होंने पूर्व दिग्गज बैटर सुनील गावस्कर की बराबरी कर ली है। भारत के ओपनर यशस्वी जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन अलग ही टच में नजर आए। वह शुक्रवार को विशाखापट्टनम में डबल सेंचुरी की दहलीज पर पहुंच गए। यशस्वी स्टंप्स के समय 257 गेंदों में 179 रन बनाकर नाबाद थे। उन्होंने अभी तक अपनी पारी में 17 चौके और 5 छक्के जड़े हैं। यशस्वी ने पूर्व भारतीय कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन का एक धांसू रिकॉर्ड तोड़ दिया है। वह इंग्लैंड के विरुद्ध टेस्ट में एक दिन के खेल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले संयुक्त रूप से दूसरे भारतीय प्लेयर बन गए हैं। यशस्वी ने पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर की बराबरी कर ली है। गावस्कर ने 1979 में द ओवल में 179 रन जोड़े थे। इंग्लैंड के खिलाफ एक दिन में सर्वाधिक रन जोड़ने का रिकॉर्ड करुण नायर के नाम दर्ज है। उन्होंने 2016 में चेन्नई के स्टेडियम में 232 रन जुटाए थे। वहीं, टेस्ट के पहले दिन सबसे अधिक रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की फेहरिस्त में यशस्वी पांचवें नंबर पर पहुंच गए हैं।

# दुनिया की दूसरी सबसे ज्यादा देखी जाने वाली ट्वंटी-20 लीग बनी

### 17 फरवरी को फजहीर खान ने रजत को डेब्यू कैप दी

### डिफेंड करने के बावजूद पाटीदार का विकेट गिरा

## यशस्वी ने सिक्स लगाकर शतक पूरा किया




नई दिल्ली, 2 फरवरी। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट विशाखापट्टनम में खेला जा रहा है। शुक्रवार को भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। पहले दिन भारत ने 6 विकेट पर 336 रन बनाए। मैच में भारत के लिए रजत पाटीदार ने डेब्यू किया। यशस्वी जायसवाल दिन के हीरो रहे। उन्होंने 179 रन की नाबाद पारी खेली।

पाटीदार किनारे लगी गेंद को अपने स्टंप से दूर किक करने में असफल रहे और विकेट गंवा बैठे। 17 फरवरी को होगा फाइनल। इंटरनेशनल लीग -20 (-20) का दूसरा सीजन 19 जनवरी से शुरू हो चुका है और इसका फाइनल 17 फरवरी को में खेला जाएगा।

इस बार के चैंपियन को करीब 5.80 करोड़ रुपए (700,000 डॉलर) की इनामी राशि मिलेगी, जबकि उपविजेता को करीब 2.50 करोड़ रुपए (300,000 डॉलर) मिलेंगे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर और ब्रॉडकास्टर सबा करीम ने बताया कि 20 एक फ्रेंचाइजी बेस टी-20 लीग है, जिसे अमीरात क्रिकेट बोर्ड करवाता है।

लीग में 6 फ्रेंचाइजी की टीमें हिस्सा लेती हैं। पहले सीजन का खिताब गल्फ जाइंट्स ने जीता था। टीम ने 12 फरवरी 2023 को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में डेजर्ट वाइपर्स को 7 विकेट से हराया था। इंटरनेशनल लीग -20 लीग (-20) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जैसे फॉर्मेट में खेली जाती है। मुकाबले 3 मैदानों पर होने हैं। सभी टीमों को आपस में लीग मैच खेलने होते हैं। लीग राउंड में पॉइंट्स टेबल की टॉप-2 टीमें के बीच क्वालिफायर-1 होता है, जबकि तीसरे और चौथे नंबर की टीम के बीच एलिमिनेटर होता है।

## भारतीय बल्लेबाजों को केविन पीटरसन ने जमकर सुनाया इंग्लैंड को बताया मैच में आगे

नई दिल्ली, 2 फरवरी। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन ने विजाग टेस्ट में बल्लेबाजी के अनुकूल पिच होने के बावजूद रन नहीं बनाने के लिए भारतीय बल्लेबाजों को लताड़ लगाई है। हालांकि उन्होंने यशस्वी जायसवाल की तारीफ की है। पहले दिन टॉस जीतने के बाद भारतीय टीम ने 93 ओवर में 6 विकेट खोकर 336 रन बनाए। जायसवाल ने 257 गेंद में 179 रन की पारी खेली। उन्होंने 17 चौके और 5 छक्के लगाए।

भारत के बल्लेबाज रोहित शर्मा, शुबमन गिल, श्रेयस अय्यर, रजत पाटीदार, अक्षर पटेल और केएस भरत ने दहाई का आंकड़ा छुआ लेकिन वह इसको बड़ी पारी में नहीं बदल सके। पीटरसन का मानना है कि भारत के गलत अप्रोच के कारण इंग्लैंड की टीम टेस्ट में आगे है।

केविन पीटरसन ने जियो सिनेमा ने कहा, एक चीज हम इंग्लैंड के बारे में जानते हैं कि जब वे बल्लेबाजी के लिए आएंगे तो वह अटैक करेंगे। जल्दी से जल्दी रन बनाएंगे और पॉजिटिव होकर खेलेंगे। वे भारत की तरह बल्लेबाजी नहीं करने वाले हैं। मुझे लगता है कि इस वजह से इंग्लैंड गेम में आगे है। उन्होंने आगे कहा, मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं क्योंकि पहले दिन पिच पर ज्यादा कुछ नहीं हो रहा था। बाउंस था और ज्यादा स्पिन भी नहीं हो रही थी, जिससे लगे कि भारत के तीन या चार विकेट गिरने चाहिए थे। पीटरसन ने कहा, किसी को जायसवाल के साथ रन बनाने की भूख दिखानी चाहिए और तब ये एक अलग कहानी हो सकती है। भारत को उम्मीद होगी कि अश्विन वो बल्लेबाज होने चाहिए, जो उनका साथ देंगे।


राजस्थान सरकार

**निदेशालय खान एवं भूविज्ञान विभाग, राजस्थान, उदयपुर**

क्रमांक-निदे/अ.ख.अ.नीलामी/(ERCC II)/2024/ ई-05234

**ई-नीलामी विज्ञप्ति संख्या-ERCC (III/2024)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान अप्रधान खनिज रियायत नियमावली, 2017 के नियम-36 व 37 के तहत विभाग द्वारा इस विज्ञप्ति से अप्रधान खनिजों के प्रभावशील खनन पट्टों/क्वारी लाईसेंसों व परमिट क्षेत्रों से निर्गमित होने वाले खनिजों पर अधिशुल्क/अधिक अधिशुल्क, परमिट शुल्क, प्रिमीयम शुल्क, डी.एम.एफ.टी., आर.एस.एम.ई.टी. एवं अन्य शुल्क संग्रहण के कुल 49 ठेके खुली ई-नीलामी के माध्यम से दिये जाने हेतु इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म पर इच्छुक बोलीदाताओं से बोली आमंत्रित की जाती है। ठेकों से संबंधित विस्तृत विवरण जैसे ठेका क्षेत्र, खनिज, अमानत राशि, बोली प्रस्तुत करने की तिथि व समय इत्यादि का विवरण व ई-ऑक्शन की प्रक्रिया एवं मुख्य शर्तें विभागीय वेबसाइट www.mines.rajasthan.gov.in एवं इलेक्ट्रोनिक प्लेटफार्म प्रदाता कंपनी MSTC की वेबसाइट www.mstcecommerce.com पर उपलब्ध हैं।

(जय.के. गुरूबक्षाणी)
अतिरिक्त निदेशक (खान मु.)

DIPR/C/504/2024


# पहले दिन अफगानिस्तान 198 रन पर ऑलआउट

कोलंबो, 2 फरवरी। अफगानिस्तान और श्रीलंका के बीच कोलंबो में वन-ऑफ टेस्ट खेला जा रहा है। श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी। पहले दिन अफगानिस्तान 198 रन पर ऑलआउट हो गया। टीम से रहमत शाह ने 91 रन की पारी खेली। वहीं, श्रीलंका के विश्वा फर्नांडो ने 4 विकेट लिए।

मैच में असिथा फर्नांडो ने दूसरी गेंद पर इब्राहिम जादरान आउट हो गए। उनके साथ रहमत शाह ओपनिंग करने आए थे। मैच के पहले ही ओवर में इब्राहिम के जल्दी आउट हो जाने के कारण, रहमत ने पारी को संभाला। उन्होंने नूर अली के साथ 57 रन की साझेदारी की। बाद में, उन्होंने कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी के साथ 52 रन जोड़े, इससे पहले कि अफगानिस्तान ने दो विकेट जल्दी खो दिए। रहमत ने इकराम अलीखिल के साथ 45 रन जोड़कर टीम को मजबूत किया। रहमत ने 91 रनों की शानदार बल्लेबाजी की। हालांकि, उनकी बेहतरीन पारी का अंत प्रभात जयसूर्या ने उनका विकेट लेकर किया। नूर अली जादरान ने 31 रन बनाए। इकराम अलीखिल और कैस अहमद ने 20 से अधिक रन बनाए, लेकिन निचले क्रम में टीम ने ज्यादा संघर्ष नहीं किया। श्रीलंका ने बॉलिंग में टीम एफर्ट दिखाया।




**RAJASTHAN MEDICAL SERVICES CORPORATION LTD.**

(A Govt. of Rajasthan Undertaking), Gandhi Block, Swasthya Bhawan, Tilak Marg, Jaipur-302005, India, Phone No: 0141-2228066, 2228064, Website: www.rmsc.health.rajasthan.gov.in, CIN : U24232RJ2011SGCO35067, E-mail : edpssrmsc@rajasthan.gov.in

Ref No. : F.02(161)/RMSCL/Proc./S&S (Non Drug covid)/NIB-05/2024/3922 Dated :- 23/01/2024

**Notice Inviting E-Bids**

E-bids for rate contract cum empanelment for supply of following covid items are invited from eligible bidders :-

| S. No. | Item Name/Description | Ref. No. | UBN | Estimated Value in Rs. | Last Date of Submission of Online Bids |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | SURGICALS (NON DRUG Covid ITEMS) | F.02(161)/RMSCL/Proc./S&S (Non Drug Covid)/NIB-05/2024/3922 Dated :- 23/01/2024 | MSC2324 GLRC00126 | Rs. 4.50 Cr. | 14.02.2024 up to 6.00 PM |

Other particulars of the bids may be visited on the procurement portal **http://eproc.rajasthan.gov.in**, **http://sppp.rajasthan.gov.in** and **www.rmsc.health.rajasthan.gov.in** and may be downloaded from there.

Raj.Samwad/C/23/12549

Executive Director (Procurement)

# यू.एन. राजस्थान में पर्यटन, कुपोषण, महिलाओं के क्षेत्र में सहयोग करेगा

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की यू.एन. प्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा

- पर्यटन कला, संस्कृति, हैरिटेज, एनीमिया, कुपोषण, पेयजल, महिला सशक्तिकरण आदि विषयों पर कार्य योजना बनेगी।

जयपुर, 2 फरवरी (का.सं.)। उप मुख्यमंत्री तथा पर्यटन और महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को युनाइटेड नेशन्स (यू.एन.) के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। उप मुख्यमंत्री ने यू.एन. रैज़िडैंट कोऑर्डिनेटर शोम्बी शार्प, यूनिसेफ राजस्थान की चीफ फील्ड ऑफिसर इसाबेल बारडेम तथा यू.एन. रैज़िडैंट कोऑर्डिनेटर कार्यालय की चीफ ऑफ स्टाफ राधिका कॉल बत्रा के साथ बैठक की। बैठक में यू एन और राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय से महिला सशक्तिकरण, एनीमिया, कुपोषण, पेयजल, प्रदेश के पर्यटन, कला, संस्कृति, हेरिटेज को बढ़ावा देने की सम्भावनाओं पर चर्चा की गई। आगामी दिनों में अगले स्तर की वार्ता कर कार्ययोजनाओं का निर्माण किया जाएगा।

दिया कुमारी बताया कि, केंद्र व राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप प्रदेश में आंगनबाड़ियों को सक्षम आंगनबाड़ी बनाने के लिए कार्य किया जायेगा। एनीमिया ग्रस्त एवं कुपोषण ग्रस्त पॉकेट्स पर फोकस किया जायेगा। इसके साथ ही राजस्थान में पदस्थापित दस हजार साथिनों का क्षमतावर्धन किया जायेगा तथा साथिनों के जॉब रोल को फ्रंट लाइन वर्कर के रूप में सुदृढ़ किया जायेगा। बैठक में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सस्टेनेबल गोल को लक्षित कर कार्य हेतु चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि, राजस्थान की शानदार अमूर्त सांस्कृतिक विरासत कला, संस्कृति, हस्त कला आदि को आगे बढ़ाना जरुरी है।

आधुनिकीकरण के कारण कला संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत की अनदेखी हो रही है। विरासत को संरक्षण कैसे प्रदान किया जाए और इनको पर्यटन की दृष्टि से किस तरह आगे बढ़ाया जाए इस पर चर्चा की गई। यू एन प्रतिनिधियों से जिओ हेरिटेज साइट विकसित करने, वर्ल्ड हेरिटेज साइट विकसित करने हेतु भी चर्चा हुई।

### राहुल गांधी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

राज्यों में नहीं पहुंच सके थे वहां के लोगों से मिलने और उनसे बात करने के लिए हमने यह भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की है। आज भाजपा और आरएसएस के लोगों ने देश में नफरत और हिंसा फैला रखी है उसके खिलाफ खड़ा होना हमारा कर्तव्य है। इस यात्रा के माध्यम से हम किसानों के खिलाफ अन्याय, युवाओं के खिलाफ अन्याय, आदिवासियों के खिलाफ अन्याय, महिलाओं के खिलाफ अन्याय को देश की जनता के सामने रखना चाहते हैं।

सभा को संबोधित करते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि, भाजपा आरएसएस ने आपके द्वारा चुने हुए हमारे लोकप्रिय नेता हेमंत सोरेन को जिस तरह से झूठे मुकदमों में फंसा कर गिरफ्तार कराया और यहां सरकार गिराने की साजिश की थी वह पूरी तरह से सफल हो गई ।आज आपके प्यार और आशीर्वाद से आपके द्वारा चुनी हुई सरकार बरकरार है और आपके द्वार पर खड़ी है, हम आगे भी इनके षड्यंत्र के खिलाफ आपके साथ से लड़ते रहेंगे।

# सरकार राज्य में एग्रो टूरिज़्म को प्रोत्साहन देगी- कृषि मंत्री

- कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने यह भी कहा कि, शहरी लोग सुकून की तलाश में गांवों और खेतों का रूख कर रहे हैं।
- डॉ. किरोड़ी लाल ने दुर्गापुरा के राजस्थान कृषि अनुसंधान में फसल संबंधी शोध कार्यों का अवलोकन किया और रूफटॉप फार्मिंग को बढ़ावा देने की बात कही।

जयपुर, 2 फरवरी (का.सं.)। कृषि और उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि किसान आय बढ़ोतरी के लिए इन्टिग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम (आई.एफ.एस.) और रूफटॉप फार्मिंग को प्रोत्साहित किया जायेगा, साथ ही, कृषि पर्यटन विकास की संभावनाएं भी तलाशी जायेंगी।

डॉ. मीणा ने शुक्रवार को राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान दुर्गापुरा में फसल शोध प्रक्षेत्र का अवलोकन किया और यह भी कहा कि, समय के साथ लोगों की जीवनशैली और खान-पान की आदतों में बड़ा बदलाव आया है। हर कोई स्ट्रैस से जूझ रहा है। शहरी लोग सुकून की तलाश में गांवों और किसानों के खेतों का रूख कर रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए सरकार राज्य में कृषि पर्यटन की संभावनाओं पर काम करेगी। इससे किसानों की आय में बढ़ोतरी के साथ-साथ प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

उन्होंने संस्थान में गेहूं, जौ, सब्जी, चना आदि फसलों पर चल रहे अनुसंधान कार्यो को देखा। साथ ही, कृषि वैज्ञानिकों से जानकारी भी प्राप्त की। कृषि उद्यानिकी मंत्री ने रूफटॉप फार्मिंग मॉडल का भी अवलोकन किया। इस मॉडल को देखकर कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल खासे प्रभावित हुए। उन्होंने कहा कि, रूफटॉप फार्मिंग को अपनाकर शहरी लोग रसायन मुक्त फल-सब्जी का उत्पादन ले सकते हैं। इससे पोषण स्तर में सुधार भी होगा और मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होगा।

इस मौके पर कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के कुलपति डॉ. बलराज सिंह ने कहा कि, कोविड-19 के बाद से ही देश के महानगरों में रूफटॉप फार्मिंग और किचन गार्डनिंग का चलन बढ़ा है। इसका एक कारण फल-सब्जियों में कीटनाशक के अवशेष मिलना भी रहा है। शहरी क्षेत्र के लोगों का रूझान देखते हुए विश्वविद्यालय ने राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, दुर्गापुरा में रूफटॉप फार्मिंग का मॉडल तैयार किया है।

कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि,प्रदेश में कृषि पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए वे जल्द ही पर्यटन मंत्री व उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को राजस्थान कृषि अनुसंधान केन्द्र का अवलोकन करवाएंगे।

डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने रारी दुर्गापुरा में आयोजित राष्ट्रीय बागवानी शिखर सम्मेलन के तहत आयोजित बागवानी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

### तृणमूल के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हुई हैं। पिछले पंचायत चुनाव में जीते एक प्रत्याशी को तृणमूल ने अपनी पार्टी में शामिल कर लिया है। कांग्रेस के कई अन्य कार्यकर्ताओं को झांसा दिया जा रहा है कि, वे अपनी पार्टी छोड़कर तृणमूल में शामिल हो जाएं।

इसके साथ ही ममता की पार्टी ने मतदाता सूचियों में गड़बड़ी करना शुरु कर दिया है। भाजपा नेता शुबेन्दू अधिकारी ने आज दावे से कहा कि, भाजपा कार्यकर्ताओं के मूल दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ की जा रही है।

### चंडीगढ़ मेयर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

परिणामों पर अंतरिम रोक लगाने से इन्कार कर दिया था। ज्ञातव्य है कि महापौर चुनाव परिणाम में भाजपा के मनोज सोनकर को महापौर निर्वाचित घोषित किया गया था। आप पार्षद की तरफ से पैरवी कर रहे, वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने इस मामले में त्वरित सुनवाई का ज़िक्र चीफ जस्टिस डी.वाय. चंद्रचूड़, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला एवं जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ के सामने किया। पीठ ने कहा, कि हम इसे सूचीबद्ध करेंगे और इस पर गौर करेंगे।

# दक्षिण भारत को अलग देश बनाने की मांग पर राज्यसभा में भारी हंगामा

- लोकसभा में कर्नाटक के कांग्रेसी सांसद ने दक्षिण भारतीय राज्यों के साथ पक्षपात के मुद्दे पर बोलते हुए यह टिप्पणी की थी।
- राज्यसभा में यह मुद्दा उठाए जाने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पहले तो आपत्ति की फिर कहा कि, देश तोड़ने की बात अगर कोई करता है तो हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।
- राज्यसभा में भाजपा के नेता पीयूष गोयल ने यह मुद्दा उठाया था।

-जाल खंबाता-

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 फरवरी। राज्यसभा के नेता पीयूष गोयल ने शुक्रवार को सदन की बैठक शुरु होते ही कर्नाटक के कांग्रेस सांसद डी.के. सुरेश द्वारा की गई एक मांग का मुद्दा उठाया। सुरेश ने दक्षिण भारत को एक अलग देश बनाने की मांग की थी। गोयल ने इसके लिए कांग्रेस अध्यक्ष एवं विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे से माफी मांगने की मांग की।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में अंतरिम बजट पेश किए जाने के बाद डी.के. सुरेश ने केन्द्र सरकार पर फण्ड्स के अनुचित वितरण का आरोप लगाते हुए कहा था कि इससे दक्षिण भारतीय राज्यों में अन्याय की भावना घर कर गई है।

खड़गे ने पहले तो लोकसभा सांसद से संबंधित मुद्दा उठाने पर आपत्ति जतायी, लेकिन बाद में कहा कि "यदि कोई भी देश तोड़ने की बात करता है तो हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे, चाहे वह व्यक्ति किसी भी पार्टी का क्यों ना हो। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक हम एक हैं और एक रहेंगे।"

संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद जोशी ने यह मुद्दा प्रश्नकाल के बाद लोकसभा में उठाते हुए कांग्रेस संसदीय पार्टी की नेता सोनिया गांधी से माफी मांगने की मांग की। जोशी की मांग पर ना तो कोई प्रतिक्रिया व्यक्त की गई और ना ही शोर शराबा हुआ, क्योंकि मामला शुरुआत में राज्यसभा में उठा दिया गया था।

गोयल ने कांग्रेस सांसद पर आरोप लगाया कि जिस संविधान की शपथ उन्होंने ली है, उसी का उन्होंने उल्लंघन किया है। राज्यसभा में जब सभापति जगदीप धनखड़ ने जब यह कहा कि उस व्यक्ति के विरूद्ध भी मामला उठाया जा सकता है, जो सदन का सदस्य ना हो तो शोर शराबे की स्थिति बन गई।

वित्त मंत्री सीतारमण ने खड़गे की भर्त्सना करते हुए कहा कि हेमन्त सोरेन को ई.डी. द्वारा गिरफ्तार करने के बाद वह झारखंड के राज्यपाल के संवैधानिक अधिकार पर प्रहार कर मुद्दे को डायवर्ट कर रहे हैं।

खड़गे ने कहा था कि गवर्नर ने संविधान की उपेक्षा की है और इसे लेकर इण्डिया गठबंधन के सांसदों ने सदन से वॉक आउट किया था। भ्रष्टाचार के कथित आरोपों में गिरफ्तार सोरेन का पक्ष लेने को लेकर गोयल ने खड़गे का उपहास किया और कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की तो बात ही नहीं करती।

दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट ने हेमन्त सोरेन द्वारा दायर एक याचिका को रद्द करते हुए उनसे कहा कि वह चाहे तो हाई कोर्ट की शरण ले सकते हैं। सोरेन ने शुरु में झारखण्ड हाई कोर्ट में अपील की थी, लेकिन बाद में अपील को वापस लेकर ई.डी. की कार्रवाई को शीर्ष अदालत में चुनौती दी।

## 'अमेरिका संरक्षणवाद ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आयोजित एक पैनल डिस्कशन में कहा था कि "चीन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेशों (एफ.डी.आई.) में कमी आ रही है, लेकिन वहां की एफ.डी.आई. पर्याप्त गति से भारत नहीं आ रही है क्योंकि भारत में अमेरिकी कम्पनियों लिए लगाए गए अवरोधों का हटाने में नई दिल्ली विफल रहा है तथा ये निवेश वियतनाम जैसे देशों में चले गए।"

कांत ने पिछले वर्षों में हुए डिजीटल ट्रांसफॉर्मेशन और इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमैंट का हवाला देते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था की एक खुशनुमा तस्वीर पेश की और बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में बड़ी उपलब्धियां हासिल की गई हैं। उन्होंने विस्तार से बताया कि पिछले पांच वर्षों में 40 मिलियन आवास आर 110 मिलियन शौचालय बनाए गए हैं, 253 मिलियन पेयजल कनैक्शन हैं, 253 मिलियन पेयजल कनैक्शन दिए गए हैं और 88 हजार किलोमीटर सड़कें निर्मित की गई हैं। कांत ने नैशनल अचीवमैंट सर्वे की हाल ही आई एक रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए स्वास्थ्य, पोषण और सीखने की प्रक्रिया के लक्ष्यों में रहे कमतर परिणामों को एक ऐसी बड़ी चुनौती बताया।

उन्होंने कहा कि सरकार अगले पांच वर्षों में इस चुनौती का समाधान करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि निर्माण सैक्टर आने वाले वर्षों में आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण कारक रहेगा। अमीर और गरीब के बीच बढ़ती असमानता को लेकर पूछे गए एक प्रश्न पर कांत ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय यूनियन के देशों में ऐसी असमानताएं और भी अधिक हैं।

## लालसोट नगर पालिका चेयरमैन के उपचुनाव पर रोक

जयपुर, 2 फरवरी (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने दौसा की लालसोट नगर पालिका के चेयरमैन पद पर 4 फरवरी को होने वाले उप चुनाव पर अंतरिम रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। जस्टिस अनूप ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश निवर्तमान चेयरमैन, रक्षा मिश्रा की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

- हाई कोर्ट ने निवर्तमान चेयरमैन रक्षा मिश्रा की याचिका पर उप चुनाव पर अंतरिम रोक के आदेश दिये।

याचिका में अधिवक्ता अंकित यादव ने अदालत को बताया कि, याचिकाकर्ता लालसोट नगर पालिका में चेयरमैन पद पर थीं। गत 12 जनवरी को उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव की कार्रवाई कर उन्हें चेयरमैन पद से हटा दिया गया। इस कार्रवाई को लेकर याचिकाकर्ता ने जिला कलेक्टर से संबंधित दस्तावेज मांगे, लेकिन उन्हें दस्तावेज नहीं दिए गए। इसके अलावा याचिकाकर्ता को अविश्वास प्रस्ताव लाने का कारण भी नहीं बताया गया।

याचिका में गुहार की गई है कि, चार फरवरी को चेयरमैन पद के लिए होने वाले उप चुनाव पर रोक लगाई जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने चुनाव पर रोक लगाते हुए संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया है।

गौरतलब है कि, गत दिनों नगर पालिका के कुछ पार्षदों ने जिला कलेक्टर को पत्र सौंपकर नगर पालिका चेयरमैन रक्षा मिश्रा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की कार्रवाई शुरू करने की मांग की थी। इसके बाद 12 जनवरी, 2024 को रक्षा मिश्रा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित कर उन्हें पद से हटा दिया गया और 4 फरवरी को इस पद पर उप चुनाव कराना तय किया गया।

## अन्ततोगत्वा चम्पई सोरेन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सोरेन, छः बार विधानसभा के सदस्य रहे तथा हेमन्त सोरेन सरकार में परिवहन मंत्री थे, उन्हें बुधवार को देर शाम झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक दल का नेता चुना गया।

इसको लेकर मीडिया का एक वर्ग यह दावा कर रहा था कि चंपई सोरेन का मनोनयन इसलिए संभव हो सका क्योंकि सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा में हेमन्त सोरेन की पत्नी कल्पना को नेता बनाए जाने पर विवाद खड़ा हो गया था, क्योंकि कल्पना सोरेन को चुनाव, राजनीति व प्रशासन का कोई अनुभव नहीं है। परन्तु ये सब अफवाहें थी जो भाजपा मुख्यालय द्वारा प्रचारित की जा रही थी।

हकीकत में भाजपा जे.एम.एम. की विधायक सीता सोरेन के सम्पर्क में थी जो हेमन्त सोरेन की भाभी हैं वह जे.एम.एम. को तोड़ने की कोशिश कर रही थीं परन्तु उनके प्रयासों का गहरा झटका लगा।

सूत्रों का कहना है कि मोदी-शाह एवं भाजपा दो कारणों से रांची में अपने अनुकूल सरकार बनाना चाहते थे, सरकार प्रथम एक ऐसा प्रशासन हो जाता जिससे लोकसभा चुनावों में लाभ मिलता और दूसरे ऐसी सरकार होती तो वो मोदी-शाह के उद्योगपति मित्र के नेतृत्व वाली खनन लॉबी को फायदा पहुंचाती।

चंपई सोरेन के नाम पर सर्वसम्मति बनने के बाद, बुधवार शाम को सोरेन ने राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से भेंट करने का प्रयास किया।

हालांकि, सोरेन जिनके साथ जे.एम.एम.के अनेक विधायक अनेक थे वो राज्यपाल राधाकृष्णन से मुलाकात नहीं कर पाए, नई दिल्ली में बैठे आकाओं से निर्देश मिलने का इंतजार कर रहे थे कि उन्हें क्या कदम उठाना है। पर्दे के पीछे भाजपा साम, दाम, दंड भेद से समर्थन जुटाने का प्रयास कर रही थी।

रांची में अटकलों का बाजार गर्म था कि भाजपा सरकार बनाने का दावा ठोकने की कोशिश कर रही है जबकि तथ्य यह है कि इसके पास बहुमत का दावा करने के लिए न तो पहले एम.एल.ए. थे और न ही अभी हैं।

इस चिंता ने जे.एम.एम.-कांग्रेस-आर.जे.डी. के एम.एल.ए. को एकजुट कर दिया और उन्हें झारखंड के बाहर अनाज स्थान पर भेजने का निर्णय लिया और कांग्रेस शासित प्रदेश में तेलंगाना भिजवाने का निर्णय लिया गया ताकि भाजपा द्वारा "खरीद-फरोख्त" करने से उन्हें बचाया जा सके।

यद्यपि, हैदराबाद भेजने के लिए चार्टर्ड विमान की व्यवस्था की गई थी मौसम के कारण उनका विमान उड़ नहीं पाया और उन्हें पुलिस सुरक्षा में पास के सरकारी विश्राम गृह में ठहराया गया।

इस नाटक के बीच, चंपई सोरेन एवं राधाकृष्णन के बीच दूसरी बार मुलाकात हुई, इस दौरान एक बार पुनः राज्यपाल से अनुरोध किया कि उनके पास पूर्ण बहुमत है।

सोरेन ने राज्यपाल को पत्र में लिखा कि "इस समय कोई सरकार राज्य में नहीं है और असमंजस की स्थिति बनी हुई है और संवैधानिक प्रमुख होने के नाते हम आप से उम्मीद करते हैं कि आप एक लोकप्रिय सरकार के गठन हेतु शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाएंगे।"

इस बार राधाकृष्णन ने उनका दावे मान लिया परन्तु उन्होंने पुनः अपने निर्णय को स्थगित कर दिया। उसके एक अन्य नाटकीय मोड़ आया, राज्यपाल ने चंपई सोरेन को कुछ घंटों बाद बुलाया और उन्हें सरकार गठित करने के लिए आमंत्रित कर लिया।

सत्तारूढ़ जे.एम.एम.-कांग्रेस-आर.जे.डी. के 81 सदस्यीय सदन में कुल 47 एम.एल.ए. हैं। 47 में 29 जे.एम.एम. दल के हैं तथा 17 कांग्रेस से हैं एवं एक एम.एल.ए. आर.जे.डी. का है।

सदन में भाजपा के 25 विधायक और जे.एम.एस.यू. या ऑल झारखंड स्टूडेंट यूनियन के कुल तीन विधायक हैं। बची हुई शेष सीटें एन.सी.पी. और वामपंथी पार्टी दोनों के पास एक-एक सीट है।

सदन में तीन निर्दलीय विधायक भी हैं। यदि चंपई सोरेन के पीछे विधायक कटिबद्ध रहते हैं तो सोरेन को बहुमत साबित करने में कोई कठिनाई नहीं होगी। यदि उपरोक्त में कोई भी छः विधायक साथ छोड़ देते हैं तो भाजपा जो विपक्ष में है उसे लोकसभा चुनावों से ठीक कुछ माह पूर्व सत्ता में आने का द्वार खुल जाएगा।

चंपई सोरेन ने कहा, "हम सब एकजुट है। हमारा गठबंधन बहुत मजबूत है। इसे कोई नहीं तोड़ सकता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने सोरेन को जमानत के लिये पहले हाई कोर्ट जाने को कहा

नयी दिल्ली, 02 फरवरी। उच्चतम न्यायालय ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर उनकी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी की विशेष पीठ ने याचिका खारिज करते हुए सोरेन को अपनी जमानत के लिए झारखंड उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा। सोरेन को झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को गिरफ्तार किया था।

# कर्मचारियों के अभ्यावेदन पर निर्णय हो ताकि मुकदमे बाजी कम हो

- राजस्थान हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिये।

जयपुर, 2 फरवरी (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने सरकारी विभागों के कर्मचारियों के सेवा सहित अन्य मुद्दों से जुड़े अभ्यावेदन तय करने में होने वाली देरी को गंभीरता से लिया है। इसके साथ ही अदालत ने मुख्य सचिव को कहा है कि, वे पीड़ित कर्मचारियों के अभ्यावेदनों पर विचार करने और उन्हें स्पीकिंग आर्डर के जरिए तय करने के संबंध में विभागों को निर्देश दें। जिससे पहले से ही मुकदमों के भार से दबी कोर्ट में अनावश्यक केस नहीं आएं। जस्टिस समीर जैन ने यह आदेश पवन मीणा की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि, राज्य सरकार ने पीड़ित कर्मचारियों के अभ्यावेदन तय नहीं करने का रिवाज़ बना लिया है। जबकि, यदि तय समय में कर्मचारियों के अभ्यावेदन निस्तारित होंगे तो उनका सरकार के प्रति भरोसा बढेगा और अधिकरण व कोर्ट में मुकदमेबाजी पर खर्च होने वाले भारी बजट में भी कमी हो सकेगी। अदालत ने आदेश की कॉपी मुख्य सचिव और विधि सचिव को भिजवाते हुए उन्हें आदेश की पालना कराने को कहा है। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि, वह याचिकाकर्ता कर्मचारी के लंबित अभ्यावेदन को एक माह में तय करे।

मामले से जुडे अधिवक्ता अधिवक्ता त्रिभुवन नारायण सिंह ने बताया कि, याचिकाकर्ता सचिवालय में लिपिक ग्रेड-प्रथम के पद पर कार्यरत था। एक आपराधिक केस के चलते कार्मिक विभाग ने 24 फरवरी 2023 को आदेश जारी कर उसे निलंबित कर दिया। ऐसे में याचिकाकर्ता ने निलंबन समाप्त करने और उसे सेवा परिलाभ सहित बहाल करने के लिए 23 अगस्त, 2023 को विभाग में अभ्यावेदन किया, लेकिन पांच माह बीतने के बाद भी उसका अभ्यावेदन तय नहीं किया गया। याचिका में कहा गया कि, राज्य सरकार ने कर्मचारियों के अभ्यावेदन तय नहीं करने की एक नियमित प्रथा बना ली है। ऐसे में वे न्याय पाने के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के लिए मजबूर हैं। इसलिए उसके अभ्यावेदन को तय करने के निर्देश देते हुए उसे सेवा परिलाभ दिलाया जाए।

# 'तमिल सुपरस्टार की राजनीति में एंट्री भाजपा ....

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

समय दोनों की उम्र 60 वर्ष से अधिक हो गयी थी, जबकि विजय अभी 40 के आस-पास है तथा अपने फिल्मी करियर और लोकप्रियता के चरम पर हैं।

राजनीतिक पर्यवेक्षक मानते है कि विजय युवाओं में बहुत लोकप्रिय है, लेकिन क्या ये लोकप्रियता उनके प्रशंसकों की राजनीतिक सोच को प्रभावित कर सकती है? प्रोफेसर मणिवन्नन ने कहा कि, राजनीति केवल "फैन क्लब" से नहीं होती, इसके अलावा भी बहुत कुछ है। "उन्होंने आगे कहा कि निश्चित तौर पर विजय का राजनीति में प्रवेश द्रमुक और अन्नाद्रमुक के लिए चिंता का विषय है।

रिकॉर्ड के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने विजय के राजनीति में प्रवेश करने का स्वागत किया तथा उन्हें अपनी इस नई यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। विजय ने कहा कि राजनीति कोई "टाईमपास" गतिविधि नहीं है, मैं समर्पित और निःस्वार्थ राजनीति करूंगा। उन्होंने आगे कहा कि वह अपनी सभी अधूरी "फिल्म्स" पूरी करके वर्ष 2026 के विधानसभा चुनावों से ठीक पहले अपनी राजनीतिक यात्रा शुरु करेंगे। द्रमुक के प्रवक्ता, टी.के.एस. एलनगोवन तथा मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने विजय का राजनीति में स्वागत किया और कहा कि हर किसी को अपना दल गठित करने का अधिकार है तथा हम किसी को नहीं रोक सकते, संविधान इसकी अनुमति देता है, इसलिए हम और कुछ नहीं कह सकते है।

लेकिन एलनगोवन ने हैरानी जताई कि वह एक पार्टी क्यों शुरु कर रहे है तथा वह किसके लिए लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि जब वह अपनी नीतियों और विचारधारा को सामने रखेंगे तभी हम उचित मूल्यांकन कर सकते हैं।

दूसरे द्रविड़ दल, अन्नाद्रमुक के प्रवक्ता और नेता डी. जयकुमार ने विजय के राजनीति में प्रवेश को महत्वहीन कहते हुए खारिज कर दिया और कहा कि विजय का राजनीति में आना अन्नाद्रमुक जिसका आधार मजबूत है, पर कोई विशेष प्रभाव नहीं डालेगा। राजनीति में जनता निर्णायक होती है और अन्नाद्रमुक को विजय या उसकी राजनीति की चिन्ता करने की जरूरत नहीं है।

भाजपा राज्य इकाई के प्रमुख के. अन्नामलाई ने खुशी के साथ विजय का राजनीति में स्वागत किया और एक बयान में कहा कि मैं अभिनेता विजय को बधाई देता हूँ और उनका स्वागत करता हूँ जिन्होंने एक नये दल "तमिझागा वेत्रि कषघम" का गठन, तमिलनाडु के लोगों का शोषण करने वाली भ्रष्ट राजनीति के विरूद्ध और गैर पक्षतापूर्ण, ईमानदार और राजनीतिक बदलाव के लिए किया है।

### वरिष्ठ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

शाहीन अली खान, अजय असवाल, गौरव बजाड़, गोपाल सिंह और सावन कुमार चायल को पदस्थापन आदेशों की प्रतीक्षा में रखा है।

### जस्टिस एम.एम...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

श्रीवास्तव के नाम की अनुशंसा की थी। इसके अलावा जस्टिस विजय विश्नोई को गोहाटी हाईकोर्ट व जस्टिस अरुण भंसाली को इलाहाबाद हाईकोर्ट का सी.जे. बनाए जाने की भी अनुशंसा की थी। राजस्थान हाईकोर्ट में सी.जे. का पद पूर्व सी.जे. जस्टिस ए.जी. मसीह के सुप्रीम कोर्ट में जज नियुक्त होने के बाद से खाली चल रहा था और श्रीवास्तव ही एक्टिंग सी.जे. का कार्यभार संभाल रहे थे। जस्टिस एम.एम. श्रीवास्तव18 अक्टूबर 2021 को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से राजस्थान हाईकोर्ट में ट्रांसफर होकर नियुक्त हुए थे। वहीं जस्टिस विजय बिश्नोई व जस्टिस अरुण भंसाली को राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश के तौर पर 8 जनवरी 2013 को नियुक्त किया गया था।

# संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना के एम.ओ.यू. पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर लगी

## केन्द्र सरकार की पहल पर राजस्थान के 13 जिलों की बहुप्रतीक्षित ई.आर.सी.पी. योजना का मार्ग प्रशस्त हुआ

- उच्चतम न्यायालय ने मध्यप्रदेश सरकार द्वारा ई.आर.सी.पी. के सम्बन्ध में दायर याचिका इस आधार पर निस्तारित कर दी है कि, संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना पर त्रि-पक्षीय एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर हो चुके हैं।

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 2 फरवरी। उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान सरकार, मध्य प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के मध्य संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना के लिए हुए एम.ओ.यू. पर मुहर लगा दी है। इससे राजस्थान के 13 जिलों के लिए बहुप्रतीक्षित पेयजल योजना, ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजैक्ट (ई.आर.सी.पी.) का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) ने मध्यप्रदेश द्वारा ई.आर.सी.पी. के सम्बन्ध में दायर याचिका इस आधार पर निस्तारित कर दी कि, संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना पर त्रिपक्षीय एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। उच्चतम न्यायालय में प्रकरण निस्तारण हो जाने के उपरांत अब संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना के लिए हुए एम.ओ.यू. को लागू किए जाने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है।

ज्ञात रहे कि, पूर्व में राजस्थान सरकार के ई.आर.सी.पी. के प्रस्ताव को नकारते हुए मध्य प्रदेश सरकार ने स्वयं के हितों के संरक्षण के लिए उच्चतम न्यायालय में याचिका दर्ज की थी, परन्तु केन्द्र, राजस्थान और मध्यप्रदेश सरकार के बीच परियोजना की संयुक्त डी.पी.आर. बनाने के लिए नई दिल्ली में 28 जनवरी 2024 को त्रिपक्षीय एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर हुए और दोनों राज्यों के बीच में विवाद की स्थिति समाप्त हो गई। यह एम.ओ.यू. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विशेष प्रयासों से ही संभव हो पाया। अब उच्चतम न्यायालय ने मध्य प्रदेश सरकार द्वारा ई.आर.सी.पी. के सम्बन्ध में दायर याचिका निस्तारित कर दी है।

केन्द्र सरकार ने 13 दिसम्बर 2022 को पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना को ई.आर.सी.पी. के साथ एकीकृत करने के प्रस्ताव को प्राथमिकता वाली लिंक परियोजना हेतु अनुमोदन किया था। अब, 28, जनवरी, 2024 को हुए त्रिस्तरीय एम.ओ.यू. के अनुसार पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना में सम्मिलित रामगढ़ बैराज, महलपुर बैराज, नवनैरा बैराज, मेज बैराज, राठौड़ बैराज, डूंगरी बांध, रामगढ़ बैराज से डूंगरी बांध तक फीडर तंत्र, ईसरदा बांध का क्षमता वर्धन एवं पूर्वनिर्मित 26 बांधों का पुनरूद्धार किया जाएगा।

ई.आर.सी.पी. के तहत पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर, भरतपुर, दौसा, अलवर, जयपुर, अजमेर एवं टोंक में पेयजल उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त, राज्य के 2.80 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इस परियोजना से 13 जिलों के लगभग 25 लाख किसान परिवारों को सिंचाई जल एवं राज्य की लगभग 40 प्रतिशत आबादी को पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही, भूजल के स्तर में भी वृद्धि होगी।

इस परियोजना से कृषि उत्पादन में वृद्धि होने से किसानों की आय बढ़ेगी और रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। ई.आर.सी.पी. के तहत आने वाले क्षेत्रों में औद्योगिक आवश्यकताओं के लिए भी पानी उपलब्ध हो सकेगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908